3 राजधानी
केजीएमयू में दो दिन में दो लिवर ट्रांसप्लांट सफल

6 अभिमत
दो हजार रुपये के नोट की वापसी

10 विदेश
जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री से की मुलाकात

12 स्पोर्ट्स
भारत ने पाकिस्तान को हराकर जूनियर एशिया कप जीता

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 221
लखनऊ, शुक्रवार, 2 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



राव ने भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की कोशिश छोड़ी

राष्ट्रीय-11

## जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित होगा: शाह

**मणिपुर हिंसा**

- बनेगी शांति समिति, केंद्रीय गृह मंत्री ने लगातार तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिंसाग्रस्त इलाकों का किया दौरा, कहा-जारी संकट का एकमात्र समाधान बातचीत है

**एजेंसी।** इम्फाल

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि मणिपुर में हुई जातीय हिंसा की जांच के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया जाएगा। लगातार तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा करने और राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों से चर्चा के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में शाह ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में एक शांति समिति के गठन और हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे के साथ ही राहत और पुनर्वास पैकेज की भी घोषणा की।

शाह ने हिंसा के लिए मणिपुर उच्च न्यायालय की ओर से जल्दबाजी में लिए गए फैसले को दोषी ठहराया और कहा, मणिपुर में जारी संकट का एकमात्र समाधान बातचीत है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, हिंसा एक अस्थाई चरण था, गलतफहमियां दूर हो जाएंगी... स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने लोगों से अफ़वाहों पर ध्यान ना देने और राज्य में शांति बनाए रखने की अपील की और साथ ही उग्रवादी समूहों को चेतावनी दी कि वे अगर संचालन का निलंबन (एसओओ) संधि का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करते हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, किसी भी प्रकार का विचलन होने पर कठोरता से संज्ञान लिया जाएगा और इसे संधि भंग करना माना जाएगा। समझौते की शर्तों का पालन कीजिए। उन्होंने कहा कि राज्य में हथियारों की जब्ती के लिए पुलिस शुक्रवार से जांच अभियान चलाएगी। शाह ने कहा, हिंसा होने के कारण क्या हैं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है...इन सभी की जांच के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी जांच भारत सरकार की ओर से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार मणिपुर के राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन भी करेगी, जिसमें कुकी और मेइती समुदायों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा सभी राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि होंगे।



इंफाल में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

शाह ने कहा कि मणिपुर में सुरक्षा की दृष्टि से काम कर रही विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस के सेवानिवृत्त महानिदेशक कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में एक इंटर एजेंसी यूनिफाइड कमांड की व्यवस्था की जाएगी। गृह मंत्री ने यह भी घोषणा की कि मणिपुर में हिंसा के पीछे पांच आपराधिक साजिशों और एक सामान्य साजिश की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं सभी मणिपुर वासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि किसी भी पक्षपात और भेदभाव के बगैर हिंसा के मूल तक जाकर जांच और दोषियों को दंडित करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आगे इस तरह की हिंसा न हो। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की कि हिंसा में जान गंवाने वालों के परिजनों को भारत सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपए और राज्य सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ये राशि पीड़ित परिवारों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। शाह ने कहा कि मणिपुर में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलें, इसके लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी और अलग-अलग मंत्रालयों के पांच निदेशक स्तर के अधिकारी मणिपुर में उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि भारत-म्यांमार सीमा मुद्दे के स्थाई समाधान के लिए दोनों देशों के बीच सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा करने की जरूरत होगी।

### राजीव सिंह मणिपुर के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त

**इंफाल( भाषा )।** त्रिपुरा कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी राजीव सिंह को बृहस्पतिवार को तीन साल के लिए मणिपुर का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आदेश के अनुसार, त्रिपुरा कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह को तीन साल के लिए अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति पर मणिपुर भेजा गया है। वह मणिपुर के 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी पी. डोंजेल की जगह लेंगे। उन्हें ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (गृह) के पद पर नियुक्त किया गया है। वह इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले थे।

## 75 जिलों में तैनात होंगे आपदा मित्र: योगी

- योगी ने 66 करोड़ की लागत से बनने वाले एनडीएमए के नए भवन का किया शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के नए भवन का विधिवत शिलान्यास करने के बाद प्रदेश के सभी 75 जनपदों में राज्य सरकार द्वारा आपदा मित्रों की तैनाती किए जाने की घोषणा की। उन्होंने अच्छा कार्य करने वालों को व्यवस्था के साथ जोड़ते हुए उचित मानदेय देने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है। स्वाभाविक रूप से बड़े क्षेत्रफल का राज्य होने के चलते चुनौती भी बड़ी है। प्रदेश में कभी 40 जिले बाढ़ प्रभावित माने जाते थेए आज हमने इस खतरे को 4-5 जिलों में समेटने का काम किया है। आज अगर कहीं आपदा आती है तो लोगों को ये विश्वास रहता है कि सरकार की ओर से राहत भी आ रही होगी। 66.40 करोड़ की लागत से डेढ़ एकड़ में बनने जा रहे पांच मंजिला भव्य इमारत के शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री ने तकनीकी के माध्यम से प्रदेश में आपदा प्रबंधन और जनजागरूकता को आगे बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में नौ प्रकार के क्लाइमेटिक जोन हैं। यहां आपदा की आशंका हमेशा बनी रहती है। यूपी की सीमा नेपालए बिहारए झारखंडए छत्तीसगढ़ए उत्तराखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश, झारखंड से मिलती है। यहां हिमालय से आने वाली नदियों के कारण बाढ़ का खतरा जुलाई से अक्टूबर तक बना रहता है। विंध्य और बुंदेलखंड में आकाशीय बिजली का खतरा है तो पश्चिमी यूपी भूकंप के अति संवेदनशील जोन में से एक है। नेपाल से सटा तराई का क्षेत्र मानव और वन्यजीव द्वंद के कारण जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में यूपी ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की हैए उनमें आपदा प्रबंधन का क्षेत्र भी है। हमने आपदा से होने वाली जनधन हानि को न्यूनतम स्तर पर पहुंचाने में कामयाबी हासिल की है। कभी यूपी के 40 जिले बाढ़ के लिए संवेदनशील माने जाते थे, बेहतरीन प्रयासों के कारण आज 4 से 5 जिले ही ऐसे हैं जहां बाढ़ के कारण लोगों को हफ्ते भर का कष्ट होता है। बाढ़ के समय भी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी फ्लड यूनिट और आपदा मित्र स्थानीय पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जनधन की हानि को कम करने के लिए कदम उठाते हैं। आज लोगों में विश्वास है कि बाढ़ आई है तो सरकार की राहत भी साथ साथ आ रही होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी पहला राज्य है जहां आपदा से निपटने के लिए बहुत सी श्रेणियों को आपदा प्रबंधन के दायरे में लाकर राहत देने का कार्य किया गया है।

## सौहार्दपूर्ण ढंग से सीमा विवाद हल करेंगे भारत-नेपाल

- दोनों पड़ोसी देशों के बीच कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और उनके नेपाली समकक्ष पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का हल मैत्री की भावना से करने का बृहस्पतिवार को संकल्प लिया। साथ ही, इस पड़ोसी देश (नेपाल) से अगले 10 वर्षों में बिजली का आयात मौजूदा 450 मेगावाट से बढ़ा कर 10,000 मेगावाट करने सहित कई बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

मोदी और प्रचंड के बीच हुई व्यापक वार्ता में, भारतीय पक्ष 40 मेगावाट तक बिजली भारत के मार्फत नेपाल से बांग्लादेश को निर्यात किए जाने के प्रथम त्रिपक्षीय ऊर्जा कारोबार पर सहमत हुआ। इस कदम को वृहद क्षेत्रीय सहयोग सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच संबंधों को हिमालय की ऊंचाई तक ले जाने के लिए प्रयास जारी रखेंगे। भारत और नेपाल ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें ट्रांजिट की एक संशोधित संधि शामिल है, जिसे विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि यह नेपाल को भारत के अंतरदेशीय जलमार्गों तक पहुंच उपलब्ध कराएगी और इससे व्यापार एवं निवेश में बहुत योगदान मिलने की उम्मीद है।



नई दिल्ली में अपने नेपाली समकक्ष पुष्पदहल प्रचंड के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

दोनों पक्षों ने संपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को विस्तारित करने के लिए एक भविष्योन्मुखी रुख के तहत जलविद्युत, पेट्रोलियम से संबद्ध बुनियादी ढांचा, रेल संपर्क, सीमा के आरपार भुगतान प्रणाली और व्यापार तथा निवेश में सहयोग विस्तारित करने की कई नई पहल को भी ठोस रूप दिया। बैठक के बाद, मोदी ने अपने प्रेस बयान में कहा कि उन्होंने और प्रचंड ने भविष्य में दोनों देशों के बीच साझेदारी को सुपर हिट बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। मोदी ने प्रचंड की मौजूदगी में कहा, हम अपने संबंधों को हिमालय की ऊंचाई तक ले जाने का प्रयास जारी रखेंगे।

और इस भावना के साथ, हम सभी मुद्दों का समाधान करेंगे, चाहे वह सीमा विवाद से संबद्ध हो या कोई अन्य मुद्दा हो। भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए प्रचंड ने अपनी टिप्पणी में कहा कि उन्होंने और मोदी ने सीमा मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री मोदीजी से, स्थापित राजनयिक तंत्र के माध्यम से सीमा मुद्दे का हल करने का अनुरोध किया। काठमांडू द्वारा 2020 में एक नया राजनीतिक मानचित्र प्रकाशित किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। उसमें तीन भारतीय क्षेत्रों--लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख--को नेपाल के हिस्से के रूप में दिखाया गया था।

### एनसीईआरटी ने 10वीं की पाठ्य पुस्तकों से कुछ अध्याय हटाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 10वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तकों से आवर्त सारणी, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान, लोकतंत्र की चुनौतियों और प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन के अध्यायों को हटा दिया है। एनसीईआरटी ने विशेषज्ञ सिफारिशों के आधार पर पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने की कवायद के हिस्से के रूप में पिछले साल इन बदलावों की घोषणा की। अब नए शैक्षणिक सत्र की पाठ्यपुस्तकों में बदलावों को लागू किया गया है। कक्षा 10वीं की रसायन विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में छात्रों को आवर्त सारणी से परिचित कराने वाले पूरे अध्याय को हटा दिया गया है। हालांकि, यह 11वीं कक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बना हुआ है। पाठ्यपुस्तकों में बदलाव पर एक नोट में एनसीईआरटी ने पिछले साल कहा था, कोविड-19 महामारी को देखते हुए छात्रों पर पाठ्यक्रम का बोझ कम करना अत्यावश्यक है।

## कारोबारी को सरकारी गवाह बनने की अनुमति

**दिल्ली आबकारी नीति**



- हैदराबाद के कारोबारी पी. शरतचंद्र रेड्डी ने अपनी अर्जी में कहा कि वह सच्चाई बताने को तैयार है
- राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मामले में मनीष सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों की बढ़ सकती है मुश्किलें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आरोपी हैदराबाद के कारोबारी पी. शरतचंद्र रेड्डी को सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश एम.के.नागपाल ने रेड्डी को उनकी अर्जी पर माफी दे दी। रेड्डी ने अपनी अर्जी में कहा कि वह स्वेच्छा से सच्चाई बताने को तैयार है और इस मामले में सरकारी गवाही बनना चाहते है।

राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मामले में ताजा घटनाक्रम के बाद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों की मुश्किल बढ़ सकती है। इस मामले में सिसोदिया भी आरोपी हैं। कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि रेड्डी को 29 मई को पारित आदेश के तहत क्षमादान दिया जाता है। अदालत ने यह फैसला रेड्डी की अर्जी पर दिया जिसमें उन्होंने कहा था, वह स्वेच्छा से सच्चाई बताने को तैयार है और इस मामले में सरकारी गवाह बनना चाहते है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में रेड्डी को चिकित्सा आधार पर जमानत दी थी। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक, रेड्डी हैदराबाद से संचालित अरविंदो फार्मा के प्रमुख हैं और शराब कारोबार से भी जुड़े हुए हैं। रेड्डी ने इससे पहले ईडी पर दबाव बनाने और उनकी मर्जी के बिना लिखे बयान पर हस्ताक्षर करने के लिए बल प्रयोग करने का आरोप लगाया था। हालांकि, बाद में जांच आगे बढ़ने पर उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगाए गए आरोप आधारहीन थे।

सीबीआई और ईडी ने आरोप लगाया है कि लाइसेंस धारकों को फायदा पहुंचाने के लिए दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में बदलाव कर अनियमितता की गई और लाइसेंस शुल्क माफ किया गया या कम किया गया, एल-1 लाइसेंस का विस्तार सक्षम प्राधिकार की मंजूरी के बिना दिया गया। ईडी ने इससे पहले अदालत को बताया था कि उसके पास तमाम सबूत हैं कि घोटाले में रेड्डी ने विभिन्न कारोबारियों और नेताओं के साथ मिलकर सक्रिय रूप से योजना बनाई और साजिश रची। एजेंसी के मुताबिक, रेड्डी अनैतिक विपणन में भी संलिप्त थे ताकि दिल्ली आबकारी नीति से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके।

### क्विक न्यूज

**जीएसटी संग्रह 1.57 लाख करोड़ रुपए पर**

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.57 लाख करोड़ रुपए रहा है। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि मई में सकल जीएसटी राजस्व 1,57,090 करोड़ रुपए रहा। इसमे केंद्रीय जीएसटी 28,411 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 35,828 करोड़ रुपए और एकीकृत जीएसटी 81,363 करोड़ रुपए (वस्तुओं के आयात पर जुटाए गए 41,772 करोड़ रुपए सहित) और उपकर 11,489 करोड़ रुपए (माल आयात पर जुटाए गए1,057 करोड़ रुपए सहित) रहा है। मंत्रालय ने बयान में कहा, मई, 2023 में राजस्व पिछले वर्ष इसी महीने के जीएसटी राजस्व संग्रह से 12 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान वस्तुओं के आयात पर राजस्व पिछले वर्ष के समान महीने की तुलना मे 12 प्रतिशत ज्यादा रहा है और घरेलू लेनदेन पर राजस्व (सेवाओं के आयात समेत) 11 प्रतिशत ज्यादा रहा है। मई, 2022 मे जीएसटी संग्रह 1.41 लाख करोड़ रुपए रहा था। इससे पहले अप्रैल, 2023 में जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 1.87 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया था।

## 26 सौ फर्जी कंपनी बना लगाया दस हजार करोड़ का चूना

- पुलिस ने आठ लोगों को किया गिरफ्तार, जांच में जीएसटी, सीजीएसटी और इनकम टैक्स को किया शामिल
- गिरोह के पास 6.35 लाख लोगों के पैन कार्ड का डाटा मिला, जिस पर ये कंपनी रजिस्टर्ड कराते थे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नोएडा** पुलिस ने जीएसटी नंबर सहित 2660 फर्जी कंपनियां बनाने वाले एक गिरोह के महिला समेत आठ लोगों को पकड़ा है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि ये लोग सरकार को प्रति माह करीब 1000 करोड़ के राजस्व का नुकसान और राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलवाड़ कर रहे थे। अब तक करीब 10 हजार करोड़ का चूना लगाया जा चुका है। आगे की जांच के लिए सीजीएसटी और एस जीएसटी, इनकम टैक्स की टीम को भी सूचित किया गया है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पैन कार्ड से फर्जी वाड़े की एक शिकायत कोतवाली सेक्टर-20 में दर्ज कराई गई। जांच पड़ताल शुरू की गई। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी से मिले डाटा लिया। जिससे ये पता लगा कि करीब 26 सौ से ज्यादा फर्जी कंपनी बनाई गई। इनके पास 6.35 लाख लोगों के पैन कार्ड का डाटा मिला है। जिससे ये कंपनी रजिस्टर्ड कराते थे। इनकी पहचान यासीन शेख पुत्र मौ. हाफिज शेख, अश्विन पाण्डे पुत्र अनिल कुमार को फिल्म सिटी मेन रोड से गिरफ्तार किया गया। आकाश सैनी पुत्र ओंकार सैनी, विशाल पुत्र रविन्द्र सिंह, राजीव पुत्र सुभाष चन्द, अतुल सेंगर पुत्र नरसिंह पाल, दीपक मुरजानी पुत्र स्व. नारायण दास और एक महिला विनीता पत्नी दीपक को जीबोलो कंपनी कार्यालय मधु विहार दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 12 लाख, 66 हजार नगद, 2660 फर्जी तैयार की गयी जीएसटी फर्म की सूची, 32 मोबाइल फोन, 24 कम्प्यूटर सिस्टम, 4 लैपटॉप, 3 हार्ड डिस्क, 118 फर्जी आधार कार्ड, 140 पैन कार्ड, फर्जी बिल, तीन लग्जरी कारें बरामद हुई हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यह एक संगठित गिरोह है इनके जरिए पिछले पांच सालों से फर्जी फर्म जीएसटी नंबर सहित तैयार कराकर फर्जी बिल का उपयोग कर जीएसटी रिफन्ड कर इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर सरकार को हजारों करोड़ के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे थे।



नोएडा में बृहस्पतिवार को पकड़े गए गिरोह के बारे में जानकारी देतीं पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह

## कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति से मिलेंगे किसान नेता

**पहलवानों का मुद्दा**

- शुक्रवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महापंचायत की बैठक में आगे की रणनीति पर होगी चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुजफ्फरनगर

**किसान** नेता राकेश टिकैत ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाप महापंचायत के सदस्य महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप का सामना कर रहे भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। भारतीय किसान यूनियन द्वारा यहां बुलाई गई खाप महापंचायत को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में महापंचायत की बैठक में इस मुद्दे पर आगे चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति और सरकार से मुलाकात के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई पर कोई फैसला नहीं होता है तो महापंचायत अगला कदम उठाएगी। पहलवानों और भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के बीच चल रहे टकराव के बीच यहां बृहस्पतिवार को शोरम गांव में खाप महापंचायत शुरू हुई। राकेश टिकैत ने कहा कि आंदोलनकारी पहलवानों के समर्थन में खापों के प्रतिनिधि राष्ट्रपति और सरकार से मिलेंगे तथा यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक प्रदर्शनकारी पहलवानों को न्याय नहीं मिल जाता। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि महापंचायत के सदस्य राष्ट्रपति से कब मिलेंगे। राकेश टिकैत ने कहा, हम राष्ट्रपति और सरकार से मिलेंगे और अगर वे (बृजभूषण शरण सिंह पर) कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो हम अगला कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में महापंचायत की बैठक में इस मुद्दे पर आगे चर्चा की जाएगी। बृजभूषण शरण के मीडिया में बयान देने पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर राकेश टिकैत ने कहा कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पास्को अधिनियम जैसी धाराओं में मामले हैं, उसे बोलने की स्वतंत्रता दी गई है और सरकार कुछ नहीं कह रही है। बालियान खाप के प्रमुख और भारतीय किसान यूनियन के नेता नरेश टिकैत ने यह खाप महापंचायत बुलाई थे जिसमें पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली से खापों के प्रमुख हिस्सा ले रहे थे। पंचायत में भाग लेने के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के खाप नेताओं को आमंत्रित किया गया था। पंचायत में भाग लेने वाले कई खाप प्रमुखों ने भाजपा सांसद को गिरफ्तार नहीं करने के लिए सरकार की आलोचना की। मंगलवार को ओलंपिक पदक विजेताओं साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट निवर्तमान भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में हर की पौड़ी पहुंचे।



मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत खाप महापंचायत में भाग लेते हुए।

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव प्रदेश के इतिहास में पहली बार: योगी

## मुख्यमंत्री ने निर्धारित किए पैरामीटर्स, बेहतर प्रदर्शन वाले नगर निकाय होंगे पुरस्कृत

● नवनिर्वाचित महापौरों और अध्यक्षों की एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए सीएम योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों को और बेहतर बनाने के लिए आपसी प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, अच्छी सड़कों, सेफसिटी और आत्मनिर्भरता जैसे पांच पैरामीटर्स निर्धारित किए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के जो नगर निगम, नगर पालिकाए एवं नगर पंचायत प्रथम आएंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन पांच पैरामीटर्स में अपने जनपद में प्रथम आने वाले नगर पंचायत को एक करोड़ रुपए, मंडल स्तर पर प्रथम आने वाले नगर पालिका को दो करोड़ और प्रदेश में प्रथम आने वाले नगर निगम को सरकार की तरफ से दस करोड़ रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे।

सीएम योगी नवनिर्वाचित नगर निगमों के महापौर, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए गुरुवार को आयोजित एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने एक प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए बड़ी घोषणा की। सीएम योगी ने कहा कि बहुत सारे लोगों ने न्यायालयों का सहारा लेकर नगर निकाय चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया लेकिन हमारी नगर विकास की टीम ने पूरी मजबूती के साथ डटी रही। एक-एक मुद्दे का निस्तारण किया। पहली बार प्रदेश में नगर निकाय का चुनाव ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट को लागू करते हुए संपन्न हुआ है। इतना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्रदेश के इतिहास में पहली बार संपन्न हुआ।

योगी ने कहा कि जनता ने नगरीय जीवन के भाग्य विधाता के दायित्व के रूप में आपको चुना है। आपके बोर्ड के पास बहुत सी शक्तियां हैं, अगर इनका सही तरह से इस्तेमाल किया जाए तो आपके कार्यकाल को लंबे समय तक जनता याद रखेगी। आपके कार्यकाल को अविस्मरणीय बनाने के लिए ही इस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अमृत योजनाए पीएम स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश के अंदर बहुत अच्छा कार्य हुआ है। आज प्रदेश के नगरों में एक कलर में दूधिया स्ट्रीट लाइट जगमगा रही हैं। स्वच्छता के कार्यक्रम को तेजी के साथ आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम अपने घर को साफ रखते हैं वैसे ही हमारा नगर साफ रहे इसकी जिम्मेदारी हमारी है। हमें मोहल्ला स्वच्छता कमेटी का गठन करना चाहिए जो लोगों को स्वच्छता के विषय में जागरूक योगी ने कहा कि देश को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन हम सबके सामने है। आज दुनिया में जब भी कोई संकट आता है तो पूरा विश्व प्रधानमंत्री मोदी की तरफ आशा भरी निगाहों से देखता है। आज दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को स्वीकार कर रही है और उन्हें सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। देश को पहली बार स्मार्ट सिटी का विजन भी इन्हीं वर्षों में मिला है।

# योगी सरकार बायोमैट्रिक से किसानों को वितरित करेगी निशुल्क बीज मिनी किट

● बीज विपणन कम्पनियों की सिक्योरिटी राशि को 10 से घटाकर 5 लाख करने का फैसला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश के किसानों की आय कई गुना बढ़ाने तथा कृषि संबंधी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मॉनीटरिंग भी करते हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले 6 वर्षों में किसानों की आय में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इसी कड़ी में योगी सरकार ने प्रदेश के किसानों को समय से बीज उपलब्ध कराने और उसकी पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। अब किसानों को बायोमैट्रिक के जरिये नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरित की जाएगी ताकि कोई किसान इससे वंचित न रह जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संकर बीजों के उपयोग को बढ़ावा देने की योजना, कृषि कुम्भ की तैयारी, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम, ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन तथा ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित किये जाने, यूपी स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि. की वित्तीय स्थिति तथा खरीफ सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक ली। इस दौरान बीज वितरण के लिए अधिसूचित की गई कंपनियों की सिक्योरिटी राशि को 10 लाख से घटाकर 5 लाख करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही उन्हें सभी जिलों में कार्य करने की अनुमति भी दी जाएगी। पात्र किसानों को संकर बीजों के मिनीकिट समय पर मिलेंए इसके लिए बायोमेट्रिक मशीनों की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही प्रतिस्पर्धी कंपनियां अपने बीज स्टॉल लगाएंगी जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर बिना किसी कठिनाई के मिल सके। इसके विकल्प के रूप में किसानों को सब्सिडी वाले टोकन उपलब्ध कराकर बाजार से बीज खरीदने की छूट भी दी जा सकती है। योगी सरकार अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अवसर पर उत्तर प्रदेश में कृषि कुंभ की तैयारी कर रही हैए ताकि उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले देशों से आए विशेषज्ञों के अनुभवों का लाभ मिल सके। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। साथ ही अधिकारियों को इस बात के लिए भी निर्देशित किया गया कि कृषि कुंभ का लाभ प्रदेश के प्रत्येक गांव के किसानों तक अवश्य पहुंचे। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम में मोटे अनाजों के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए 9वीं से 12वीं कक्षा तक के स्कूली बच्चों को मोटे अनाजों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाएंगे। वहीं एआई आधारित ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन तथा ऑटोमेटिक रेन गेज पंचायत स्तर स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर होने वाली मौसम गतिविधियों के आधार पर किसानों को मोबाइल एप्लीकेशन तथा पंचायत सहायक के माध्यम से सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन मौसमी दशाओं के आधार पर किसान बेहतर कृषि प्रबंधन रणनीति अपना सकेंगे।

योगी सरकार प्रदेश भर में मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बनाई जाने वाली रणनीति के तहत वर्षभर की गतिविधियों का कैलेंडर तैयार करने की योजना बना रही है। उसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिक उत्पादन वाले मिलेट्स के प्रति किसानों के लिए जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें किसानों को मिलेट्स के उत्पादनए विपणन तथा प्रसंस्करण के संबंध में जागरूकता के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। वहीं संकर बीजों के वितरण की सब्सिडी किसानों को 72 घंटों के भीतर उपलब्ध कराई जाएगी।

# अवैध शराब के के खिलाफ 5 से 20 जून तक पूरे प्रदेश में चलेगा प्रवर्तन अभियान

● पुलिस, प्रशासन और आबकारी महकमे की संयुक्त टीमें करेंगी छापेमारी, मैरिज हाल, पार्टी स्थलों और रिसाट्‌र्स पर रखी जाएगी कड़ी नजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए आगामी 5 जून से 20 जून 2023 तक प्रदेश स्तर पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत राजस्व प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीमों का गठन करते हुए अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के अड्डों पर दबिश तथा तस्करी की सम्भावना वाले क्षेत्रों में रोड चेकिंग कार्रवाई किए जाने के उन्होंने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जीएसटी एवं परिवहन विभाग का भी यथावश्यक सहयोग लिया जाएगा। क्षेत्रीय आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अवैध मंदिरा के कार्य में संलिप्त ध्चिन्हित माफियाओं के विरुद्ध नियमानुसार दबिश कार्यवाही करते हुए पकड़े गये अभियोगों में आबकारी अधिनियम की धाराओं के साथ-साथ आवश्यकतानुसार आईपीसी की सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों जहां अल्कोहल के टैंकर प्राय: रुकते हैं की सघन एवं आकस्मिक जांच कराई जाएगी। अनुज्ञापित परिसर के आस-पास सतर्क दृष्टि रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी दशा में दुकान से बाहर मंदिरा की बिक्री अवैध रूप से कदापि न पाए। किराना, फल एवं दुग्ध वाहनों से अवैध मदिरा के परिवहन की शिकायत प्राय: प्राप्त हो रही है। ऐसे संदिग्ध वाहनों की भी सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी। वैवाहिक समारोह के चलते मैरिज हाल-बैंक्वेट हालों रिसाट्‌र्स एवं अन्य उत्सव स्थलों पर विभाग द्वारा सतर्क दृष्टि रखे जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सेंथिल पांडियन सी आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा बताया गया कि विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिलों के असेवित क्षेत्रों तथा ऐसे स्थानों जहां पर मदिरा की दुकानें अव्यवस्थित हैं, वहां पर अवैध कारोबार की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाएगी। मिथाइल अल्कोहल के नियंत्रण के लिये आयुक्तालय द्वारा पूर्व में निर्गत आदेशों का कड़ाई से शत-प्रतिशत् अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय एवं दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

# एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने शुरू किया पंजीयन महा अभियान

● एक जून से 15 जून तक प्रत्येक जिले में उद्योग निदेशालय लगाएगा पंजीकरण शिविर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की एमएसएमई को पहचान देने के लिए एमएसएमई तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने पूरे प्रदेश में एमएसएमई उद्यम पोर्टल पर पंजीयन महाअभियान की शुरुआत की है। यह अभियान पूरे प्रदेश में 15 जून तक संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रत्येक जिले में उद्योग निदेशालय एमएसएमई के पंजीकरण के लिए कैंप लगाएगा। साथ ही एमएसएमई खुद भी पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकेंगे। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश में कार्यरत एमएसएमई को पहचान दिलाने के लिए मंच प्रदान करना है, ताकि वो एमएसएमई के लिए योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। पंजीकरण के लिए सभी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पात्र होंगे।

उल्लेखनीय है कि पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार अभी 14 लाख एमएसएमई पंजीकृत हैं जबकि प्रदेश में बड़ी संख्या में एमएसएमई क्रियाशील हैं जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण कराया जाना है। एमएसएमई तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग के अधिकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई क्रियाशील हैं लेकिन इसके बावजूद पोर्टल पर सिर्फ 14 लाख एमएसएमई ही पंजीकृत हैं। ये सभी इकाइयां प्रदेश की जीडीपी में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती हैं। प्रदेश सरकार द्वारा द्वारा इन सभी का उद्यम पंजीकरण करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान की शुरुआत एक जून से 15 जून तक पूरे प्रदेश के समस्त जिलों में एक साथ प्रारंभ की गई है। यह भी उल्लेखनीय है कि बहुत सारी एमएसएमई इकाइयां असंगठित क्षेत्र में फैली हैं। इस अभियान के प्रारंभ होने से पड़े पैमाने पर पंजीकरण से इकाइयों को सरकारी योजनाओं का लाभ एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। योगी सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक एमएसएमई पोर्टल पर पंजीकृत हों और एमएसएमई से संबंधित योजनाओं का लाभ ले सकें। पंजीकरण से इन एमएसएमई को एक पहचान मिलती है, जो उनके उद्यम को संचालित करने में काफी महत्वपूर्ण होती है। इसके अलावा एक फैसिलिटेशन काउंसिल की भी व्यवस्था है, जिसमें भुगतान संबंधी विवादों का निपटारा किया जाता है। इसका लाभ पंजीकृत एमएसएमई को ही मिल सकेगा। इसमें सबसे बड़ी राहत ये है कि हमने सूक्ष्म उद्यमियों को 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा प्रदान करने की भी व्यवस्था की है जिसे कैबिनेट से मंजूरी के बाद प्रदान किया जा सकेगा।

# प्रदेश की जनता कांग्रेस को विकल्प के रूप में देख रही: खाबरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** कांग्रेस बृजलाल खाबरी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी परिवार दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है, तमाम छोटे राजनैतिक दल और पूरे प्रदेश से आम जनमानस और अलग-अलग राजनैतिक दलों से व सामाजिक संगठनों से लोग हमारी पार्टी की विचाराधरा और जनमुद्दों पर लड़ रहे हमारे नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे व प्रियंका गांधी के प्रभावशाली नेतृत्व और जनहितैषी छवि से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं और बहुत से राजनैतिक दलों से बात हो चुकी है शीघ्र ही वह भी कांग्रेस में शामिल होगें क्योंकि जनता का भाजपा सरकार से मोह भंग हो चुका है।

खाबरी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत और जनविरोधी नीतियों से प्रदेश में चारों तरफ बदहाली है लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने मुंह मियां मिट्ठू बनकर अपना गुणगान कर रहे हैं, उन्हें प्रदेश की जनता की समस्यायें दिखती नही ना ही वो देखना चाहते हैं, गर्मी का समय है मैं बुंदेलखंड से आता हूं वहां पानी की विकराल समस्या हो गई है लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार उस पर कुछ नही कर रहीए मैनें स्वयं जाकर विकराल परिस्थियों को देखा है कि लोग कैसे पानी के संकट से जूझ रहे हैं, पानी के लिए लाइनें लगी हैं, भाजपा सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए लेकिन उसका लाभ एक भी व्यक्ति को नही मिल रहा इससे ज्यादा दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है।

खाबरी ने कहा कि भाजपा सरकार अपराध पर कह रही कि कम हो गया लेकिन जमीनी हकीकत देखिए कहां कम हो गया, लड़कियों के साथ अन्याय अत्याचार हो रहा उनको मारा जा रहा, कल मैनपुरी में एक लड़की को मिट्टी का तेल डालकर जला दिया गया, कहां अपराध शून्य हैं। थानाअध्यक्षों को कह दिया गया है कि कोई भी ऐसे मुकदमे दर्ज नहीं होंगें, ऐसे अपराध के आंकड़ों को शून्य करके अपराध कम किया जा रहा है लेकिन जिनका उत्पीड़न हो रहा है वह लोग कहीं न कहीं अपनी शिकायत तो करेंगें ऐसे आंकड़ों की सच्चाई यह है कि जो सरकार कह रही है कि अपराध खत्म हो गया है। हकीकत में पिछली सरकारों से भाजपा सरकार में अपराध बढ़ा है। भ्रष्टाचार की हालत बहुत खराब है, भाजपा के ही नेता स्वयं भ्रष्टाचार पर सवाल कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी की लोकप्रियता से भाजपा नेता बौखलाहट में ऊलूल-जूलूल बयान दे रहे, संसद में माइक बंद कर दिया जा रहा, मंहगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचारए बढ़ता जा रहा, देश की बेटियों जो ओलंपिक में भारत का परचम लहरा रही उनकी इज्जत को भाजपा मोदी सरकार सरेआम बेइज्जत कर अपनी तानशाही कर रही है। देश का जनमानस देख रहा है, समय आने पर इसका जबाव देगा।

# सपा विधायक ने घायल सारस को स्वस्थ होने पर डीएफओ को सौंपा

● पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण वादी को अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के मलिहाबाद रोड पर गंभीर हालत में घायल एक सारस को इलाज के बाद स्वस्थ होने पर अखिलेश यादव के निर्देश पर विधायक रविदास मेहरोत्रा एवं अली हसनैन आब्दी ने लखनऊ चिड़ियाघर में डीएफओ को सौंपा गया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत अली हसनैन आब्दी और विधायक रविदास मेहरोत्रा ने भेंट की। इसके पूर्व अमेठी में गत मार्च में आरिफ को भी एक घायल सारस मिला था। उसे भी लखनऊ चिड़ियाघर में रखा गया है। अखिलेश यादव ने मांग की है कि दोनों सारस को एक साथ रखने की व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि मलिहाबाद में मिला सारस मादा है जबकि अमेठी में मिला सारस नर है।

अखिलेश यादव ने पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण वादी का मनोबल बढ़ाने के लिए अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. सलमान (केजीएमयू) और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कृषि क्षेत्र में वन्य जीवों से होने वाले लाभ पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 116 बनाके कीटनाशक दुनिया में प्रतिबंधित है परंतु हमारे भारत में कृषि क्षेत्र में प्रयोग किए जा रहे है जिस पर भारत सरकार को तुरन्त रोक लगाना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि इसके बदले कुदरत के परिस्थिति तंत्र को मजबूत किया जाए और किसानों को वन्य जीवों का महत्व बताया जाना चाहिए।

# तमिलनाडु से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अखिलेश को किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से गुरुवार को तमिलनाडु से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भेंट की। अखिलेश यादव को भगवान श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करने के साथ अंगवस्त्रम और लौंग का हार पहनाकर सम्मानित किया गया। यादव को तमिलनाडु यात्रा के लिए निमंत्रण भी दिया गया। इस मौके पर उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे।

तमिल प्रतिनिधियों ने कहा कि वे अखिलेश यादव की समाजवादी सरकार में विशेषत: शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए कार्यों के बारे में जानकारी करने और उनसे व्यक्तिगत मिलने के लिए लखनऊ आए हैं। उन्होंने इस वर्ष सैफई में नेताजी की स्मृति में होने वाले समारोह में भी शामिल होने की इच्छा जताई। अखिलेश यादव और तमिल प्रतिनिधियों के बीच दक्षिण और उत्तर भारत की संस्कृति की समानता पर चर्चा हुई। दोनों प्रदेशों के सामाजिक रीति रिवाजों पर भी वार्ता हुई। दक्षिण भारत के मंदिरों की भव्यता तथा स्थापत्य पर भी उनसे विचार विमर्श हुआ। बताया गया कि तमिलनाडु में भगवान श्रीकृष्ण के प्रति काफी श्रद्धाभावना है। इस सम्बंध में उत्तर भारत से उनके भावनात्मक सम्बंध जुड़े हुए हैं। तमिल नेताओं ने उत्तर प्रदेश में विकास के क्षेत्र में अखिलेश यादव की सरकार के समय हुए कामों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार के पांच साल में मेट्रो रेल, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, गोमती रिवर फ्रंट जैसे उल्लेखनीय निर्माण कार्य हुए हैं। तमिल प्रतिनिधियों ने कहा कि दक्षिण भारत विशेष कर तमिलनाडु म अखिलेश यादव का बहुत सम्मान है और वहां बड़ी संख्या में उनके समर्थक है। तमिलनाडु प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल में डॉ. रामचंद्रन, वेल मनोहरन, इयोधिराज, थंगापायहम, थानुषोकोड, ओएमबी रामदास, शभापथी, पोट्ल दुराई, मुथैया नंद कुमार कोयम्बटूर, जयप्रकाश तथा गोपाल कृष्णन उर्फ गोपू शामिल रहे।

# यीडा बोर्ड ने प्लास्टिक पार्क के प्रस्ताव को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 20 से अधिक निवेशकों ने यीडा क्षेत्र में स्थापित होने वाले प्लास्टिक पार्क में निवेश का दिया है प्रस्ताव

**दुनिया** भर में प्लास्टिक के प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश इसे पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। योगी सरकार ने राज्य में प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क को विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इनमें एक प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र ;यीडाद्ध में निर्मित होना है। इसके लिए यीडा के बोर्ड ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और अब नियोजन विभाग पार्क की रूपरेखा पर काम कर रहा है। वहां से अप्रूवल के बाद प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होगा और इंडस्ट्रीज को स्थापित करने की कार्यवाही को तेज किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार की प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क, टेक्सटाइल पार्क, लेदर पार्क और इलेक्ट्रॉनिक पार्क की तर्ज पर ही प्लास्टिक पार्क स्थापित करने की योजना है। प्लास्टिक पार्क में प्लास्टिक प्रोडक्ट्स की प्रॉसेसिंगए मैन्यफैक्चरिंग एवं अन्य संबंधित तकनीक वाली यूनिट्स लगाई जाएंगी, जो न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि देश और दुनिया की प्लास्टिक की जरूरतों को पूरा करेगी। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार का भी सृजन होगा। यीडा में पार्क 100 एकड़ के क्षेत्र में फैला होगा। इसमें सैकड़ों प्लास्टिक यूनिट्स स्थापित होंगी। यीडा के एक अधिकारी के अनुसार अखिल भारतीय प्लास्टिक उद्योग संघ ने पहले इस संबंध में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। यीडा के सेक्टर 10 में प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क विकसित करने के लिए राज्य सरकार सैद्धांतिक रूप से अपनी सहमति दे चुकी है। यीडा के बोर्ड से भी इस प्रस्ताव को पारित करके नियोजन में भेज दिया गया है। नियोजन से इसकी रूपरेखा बनने के बाद इस पर विस्तृत कार्यवाही की योजना पर काम होगा। अधिकारी के अनुसार 20 से अधिक निवेशकों ने यीडा क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क में निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। निवेशक यहां चिकित्सा और कृषि उपकरण, पीवीसी पाइप, पैकेजिंग और प्लास्टिक फर्नीचर बनाना चाहते हैं। प्राधिकरण ने इन निवेशकों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मांगी है। जल्द ही प्लास्टिक उद्योग के कई दिग्गज इस पार्क में अपने संयंत्र स्थापित करेंगे। इससे स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्लास्टिक उद्योग संघ के दीपक बलानी के अनुसार प्लास्टिक पार्क भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोकेमिकल की एक स्कीम का हिस्सा है। इसी के तहत प्रदेश सरकार पार्क के लिए भूमि उपलब्ध करा रही है। इस भूमि पर यूपी सरकार कॉमन फैसिलिटी सेंटर समेत इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रीज के लिए जरूरी सुविधाएं देगी, जहां प्लास्टिक यूनिट्स की स्थापना होगी। उनके अनुसार भारत सरकार के डाटा के अनुसार 10 हजार से अधिक प्लास्टिक कंपनियां यूपी में रजिस्टर्ड हैं। भारत में पर कैपिटा प्लास्टिक कंजंप्शन लगभग 15 किलो हैए जबकि पूरी दुनिया का पर कैपिटा प्लास्टिक कंजंप्शन लगभग 36 किलो है। इस लिहाज से हम उसके 50 प्रतिशत भी नहीं हैं। भारत एक कंजंप्शन कंट्री हैए इस लिहाज से यहां प्लास्टिक ग्रोथ की काफी संभावना है। यूपी भी पॉपुलेटेड स्टेट होने के साथ बड़ा कंजंप्शन स्टेट भी है। अभी यूपी में जितने प्लास्टिक प्रोडक्ट्स बनते हैं, उतने ही बाहर से भी आते हैं। यूपी में प्लास्टिक पार्क बनने से हम न सिर्फ यहां इसकी खपत की मांग पूरी कर पाएंगे बल्कि आसपास के राज्यों और विदेशों में भी एक्सपोर्ट कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कोविड के दौरान सभी ने प्लास्टिक का योगदान देखा है। हेल्थकेयर, फार्मा, फूड पैकेजिंग, प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट, पीपीई किट समेत कई प्रोडक्ट्स में प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। एक तरह से प्लास्टिक ने ही लाखों जानें बचाई हैं। इसके अलावा प्लास्टिक का इस्तेमाल पैकेजिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, बिल्डिंग में लगने वाले पाइप्स में भी काफी होता है। अधिकारियों के अनुसार, जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास यीडा क्षेत्र में आने वाले कई समर्पित औद्योगिक पार्कों के साथ, क्षेत्र में उद्योगों की प्रगति में तेजी देखने को मिली थी। राजस्व के मामले में राज्य को लाभ पहुंचाने के अलावा इस तरह के पार्क हजारों स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे। यीडा क्षेत्र में कुल 1942 निवेशक 17272.74 करोड़ रुपए की लागत से अपनी इकाइयां स्थापित कर रहे हैं, जिससे 265718 लोगों को रोजगार मिलेगा।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरी मूल विक्रय विलेख संख्या 19197 दिनांक 17.11.2012, 11378 दिनांक 29.06.2012 कहीं खो गयी है। शोभा प्रहराज

PPGCL
PRAYAGRAJ POWER GENERATION COMPANY LTD.
**Regd Office:** Shatabdi Bhawan, B12 & 13, Sector 4, Gautam Budh Nagar, Noida, Uttar Pradesh-201301
**Plant Adress:** PO- Lohgara,Tehsil-Bara,Prayagraj (Allahabad), Uttar Pradesh-212107
Phone : +91-120-6102000/6102009 CIN: U40101UP2007PLC032835

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST**

**Prayagraj Power Generation Company Limited** invites expression of interest (EOI) from eligible vendors for Overhauling of Natural Draft Cooling Tower (NDCT) of 3x660 MW Thermal Power Plant at Prayagraj Power Generation Company Limited, Bara, Dist. Prayagraj, Uttar Pradesh, India
Details of pre-qualification requirements, bid security, purchasing of tender document etc. may be downloaded using the URL-https://www.ppgcl.co.in/EOI_NDCT.pdf
Eligible vendors willing to participate may submit their expression of interest along with the tender fee for issue of bid document latest by 10th June 2023.

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# इस साल प्रदेश में खोजे जाएंगे 6.25 लाख टीबी मरीज

- पिछले साल 5.50 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष हुआ था 5.22 लाख नोटिफिकेशन
- लखनऊ को सर्वाधिक 26230, कानपुर नगर को 25933 नोटिफिकेशन का लक्ष्य



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सघन पर्यवेक्षण** के साथ छूटे हुए क्षय रोगियों की समय से जांच और उपचार के लिए जरूरी है कि उनका शीघ्र पंजीकरण किया जाए। सरकार और स्वास्थ्य विभाग का इस पर पूरा जोर है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस साल 2023 प्रदेश में 6,25,017 टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 400717 नोटिफिकेशन सरकारी क्षेत्र से तो 224300 प्राइवेट क्षेत्र से टीबी मरीजों को नोटिफाई करने का लक्ष्य तय किया गया है। पिछले साल 5.50 लाख नोटिफिकेशन के लक्ष्य के सापेक्ष 5.22 लाख टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन कर प्रदेश ने कीर्तिमान स्थापित किया था।

प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन.उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा यू की अध्यक्षता में गत दिनों हुई बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिए गए निर्देशों के क्रम में यह लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं। इसमें लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि, निजी चिकित्सकों द्वारा निक्षय पोर्टल पर निजी क्षेत्र के मरीजों का पंजीकरण, जनसँख्या, सम्बन्धित जनपद से सटे हुए जिलों द्वारा नोटिफिकेशन और अन्य एपीडिमियोलाजिकल तथ्यों को ध्यान में रखते हुए इस लक्ष्य को निर्धारित किया गया है। प्रदेश के सभी जिलों के लिए पब्लिक और प्राइवेट नोटिफिकेशन का अलग.अलग लक्ष्य तय किया गया है। निर्धारित लक्ष्य का पत्र मिशन निदेशक की ओर से प्रदेश के सभी जिलों के जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजे गए हैं। पत्र के मुताबिक राजधानी लखनऊ को प्रदेश में सर्वाधिक 26230 टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य दिया गया है। इसमें पब्लिक सेक्टर से 14330 और प्राइवेट सेक्टर से 11900 टीबी मरीजों को इस साल नोटिफाई किया जाना है। इसी तरह कानपुर नगर को 25933, आगरा को 25730, प्रयागराज को 19400, गाजियाबाद को 17738, बरेली को 17332 और वाराणसी को 17250 टीबी मरीजों को इस साल नोटिफाई करने का लक्ष्य तय किया गया है। राज्य क्षय रोग अधिकारी डा. शैलेन्द्र भटनागर का कहना है कि यदि एक बार टीबी मरीज की पहचान सुनिश्चित हो जाए तो उसका पूर्ण उपचार और अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराना बेहद आसान हो जाता है। पहचान में देरी से इलाज कठिन हो जाता है। इसीलिए समुदाय में क्षय रोगियों की शीघ्र पहचान के साथ शत.प्रतिशत नोटिफिकेशन पर पूरा जोर दिया जा रहा है। प्राइवेट सेक्टर से भी अपील है कि टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन में पूर्ण सहयोग करें ताकि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार किया जा सके। बता दें कि इस साल जनवरी से अप्रैल तक करीब 1.89 लाख क्षय रोगी निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत किये जा चुके हैं। दिसम्बर से प्रदेश में शुरू हुई एकीकृत निक्षय दिवस की पहल के तहत पांच माह में 4001 टीबी मरीजों की पहचान की गयी। इसके तहत हर माह की 15 तारीख को स्वास्थ्य इकाइयों पर टीबी की स्क्रीनिंग और जांच की जाती है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 3.24 लाख क्षय रोगी इलाज पर हैं जिनमें से 2.29 लाख ने गोद लेने के लिए अपनी सहमति दी है जिनको शत.प्रतिशत निक्षय मित्रों से जोड़ दिया गया है। यह निक्षय मित्र मरीजों के पोषण का पूरा ख्याल रखने के साथ ही भावनात्मक सहयोग भी प्रदान कर रहे हैं। इस समय प्रदेश में कुल 24,367 निक्षय मित्र पंजीकृत किये गए हैं, जो कि देश में सर्वाधिक हैं। इसके अलावा निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान हर माह टीबी मरीजों के खाते में 500 रुपये भी भेजे जा रहे हैं। वर्ष 2022 में करीब 3.94 लाख क्षय रोगियों को इस योजना से लाभान्वित किया गया।

### टीबी से कई मोर्चों पर एक साथ मिलकर लड़ना जरूरी : डॉ. राजेंद्र प्रसाद

नेशनल टीबी टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन डा. राजेन्द्र प्रसाद का कहना है कि वैश्विक स्तर पर टीबी का संक्रमण भारत में सबसे अधिक है। विश्व के कुल टीबी मरीजों में 26 फीसद भारत के हैं और उनमें 20 प्रतिशत उत्तर प्रदेश के हैं यानि देश का हर पांचवां टीबी रोगी उत्तर प्रदेश का है। देश के करीब 35 से 40 करोड़ लोगों में टीबी के बैक्टीरिया सुषुप्तावस्था में विद्यमान हैं, जिसे लेटेन्ट टीबी भी कहते हैं। इनमें 26 लाख लोग ऐसे हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ते ही टीबी से ग्रसित हो जाते हैं । ऐसे में टीबी को समाप्त करने के लिए हमें एक साथ कई मोर्चों पर मिलकर लड़ना होगा।

# वरिष्ठ पत्रकार राज बहादुर सिंह का निधन, सीएम सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने जताया शोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वरिष्ठ पत्रकार** और पायनियर हिंदी दैनिक के ब्यूरो चीफ राज बहादुर सिंह (55 वर्ष) का एसजीपीजीआई में गुरुवार को मल्टी ऑर्गन फेल्योर के चलते निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी मधु व दो पुत्रों अवरिल राज सिंह और अविजीत राज सिंह को छोड़ गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर दुख प्रकट करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। स्व. सिंह का दाह संस्कार शाम को भैंसाकुंड श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित विभिन्न दलों के नेता, वरिष्ठ अधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी पत्रकारिता में भी उनकी लेखन क्षमता अद्वितीय थी। खासकर राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े विषयों पर उनकी जबरदस्त पकड़ थी। जिसका लोहा राजनीतिक पार्टियों के नेतागण और शासन-प्रशासन के अधिकारी भी मानते थे। उनके निधन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधायक मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना', राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे आदि नेताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि मृतक आत्मा को शांति प्रदान करें, तथा उनके परिजनों एवं शुभचिन्तकों को इस दारुण दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# केजीएमयू में दो दिन में दो लिवर ट्रांसप्लांट सफल, मरीज डिस्चार्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीते** मई माह के दौरान किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में दो दिन में दो सफल लिवर ट्रांसप्लांट होने के बाद दोनों मरीजों को सफलतापूर्वक डिस्चार्ज कर दिया गया है। यह ट्रांसप्लांट 15 और 16 मई 2023 को किया गया था। ट्रांसप्लांट सफल होने के बाद मरीज के साथ ही डोनर को भी छुट्टी दे दी गई है। गाजियाबाद निवासी 51 वर्षीय एक मरीज हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा के साथ क्रोनिक लीवर सिरोसिस से पीड़ित था। ट्रांसप्लांट के दौरान उनकी 21 वर्षीय बेटी ने अपने लिवर का आधा हिस्सा दान कर दिया। बेटी को सर्जरी के एक सप्ताह बाद घर से छुट्टी दे दी गई जबकि मरीज को सर्जरी के 8 वें दिन 23 मई को छुट्टी दे दी गई। इसी तरह सिद्धार्थनगर निवासी एक 33 वर्षीय मरीज एडवांस स्टेज लीवर सिरोसिस के साथ हेपेटाइटिस बी से पीडति था। 32 वर्षीय पत्नी ने अपने लिवर का आधा हिस्सा दान कर दिया। पत्नी को सर्जरी के एक सप्ताह बाद घर से छुट्टी दे दी गई जबकि मरीज को छुट्टी दे दी गई। केजीएमयू का यह 24वां सफल लीवर ट्रांसप्लांट है। 90 फीसद से अधिक की सफलता दर के साथ, केजीएमयू दुनिया के सबसे उन्नत केंद्रों की सफलता दर के बराबर है।

### ट्रांसप्लांट टीम में यह रहे शामिल

ट्रांसप्लांट टीम का नेतृत्व केजीएमयू के वाइस चांसलर ले.जनरल डॉक्टर बिपिन पुरी ने किया। सर्जरी टीम का नेतृत्व गैस्ट्रोसर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ अभिजीत चंद्रा और डॉ सेल्वाकुमार कर रहे थे। अन्य डॉक्टरों में गैस्ट्रोसर्जरी विभाग के डॉ आशीष, डॉ प्रीतीश, डॉ महेश, डॉ रवि पटेल, डॉ कृष्णा, डॉ यशवर्धन, डॉ डी मुक्तेश्वर, डॉ रवींद्र शामिल थे। एनेस्थीसिया से डॉ विजय शंकर, डॉ तन्मय तिवारी, डॉ राजेश रमन और डॉ रति प्रभा व विवि के अन्य अधिकारी व फैकल्टी मेम्बर शामिल रहे।

# ऐशबाग में नजूल की भूमि पर अवैध कब्जों को चिन्हित करेगी कमेटी

- एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गठित की कमेटी, तीन दिन में सर्वे कर देनी होगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**एलडीए** के उपाध्यक्ष द्वारा ऐशबाग में नजूल की जमीन पर अवैध कब्जों को चिन्हित करने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी तीन दिन में क्षेत्र का सर्वे करके कब्जों को चिन्हित करके अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। रिपोर्ट के आधार पर अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाने का कार्य किया जाएगा। गुरुवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुरूवार को अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ ऐशबाग क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान संज्ञान में आया कि बड़ी संख्या में नजूल की जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इस पर उपाध्यक्ष ने ऐशबाग क्षेत्र में नजूल एवं अर्जित भूमि का गहन सर्वेक्षण कराने के सम्बंध में आदेश जारी किये हैं। इसके अंतर्गत उपाध्यक्ष ने तहसीलदार.अर्जन शशिभूषण पाठकए अधिशासी अभियंता नवनीत शर्मा व अनु सचिव बलराम की सदस्यता में कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी नजूल व अर्जन के स्टॉफ को साथ लेकर 2जून से लेकर 4 जून 2023 तक सर्वे का कार्य सम्पन्न करेगी और 5 जून की शाम तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उपाध्यक्ष के आदेशानुसार सर्वे के कार्य की पूरी वीडियोग्राफ ी भी करायी जाएगी।

### इस प्रारूप में देनी होगी रिपोर्ट

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि कमेटी को अपनी रिपोर्ट में गाटा संख्या व भूमि की प्रकृति का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। अगर कब्जे वाली भूमि नजूल की है तो कमेटी को यह बताना होगा कि भूमि का पट्टा किस वर्ष में दिया गया तथा पट्टा अवधि समाप्त होने के पश्चात पुनर्प्रवेश की स्थिति क्या है। कमेटी को अपनी रिपोर्ट में अवैध निर्माण की स्थिति भी बतानी होगी, साथ ही अगर न्यायालय में कोई स्थगन आदेश पारित है तो उसकी जानकारी भी उल्लेखित करनी होगी।

# न्यूयार्क सिटी समेत दो कालोनियों पर एलडीए ने चलाया बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**काकोरी** और मौदा गांव में एलडीए द्वारा अवैध प्लाटिंग की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। बिल्डर द्वारा दोनों गांव में 60 बीघे जमीन प्लाटिंग कर बेचने की तैयारी कर रहे थे। विहित प्राधिकारी द्वारा वाद दर्ज कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के आदेश दिए थे। आदेश के बाद एलडीए प्रवर्तन टीम द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी।

गुरूवार को एलडीए की टीम ने काकोरी के मौदा गांव में दो स्थानों पर लगभग 60 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन.3 की टीम ने की कार्रवाई की। जोनल अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि नितिन द्विवेदी, प्रहलाद पाल, अवधेश राठौर व मोहम्मद नदीम द्वारा काकोरी के मौदा गांव में लगभग 45 बीघा जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए न्यूयार्क सिटी नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अतिरिक्त आरके स्टेट डेवलपर्स व अन्य द्वारा मौदा गांव में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इन दोनों प्रकरण में विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। इसके सहायक अभियंता मोहन यादव, अवर अभियंता भरत पाण्डेय व भानु प्रताप वर्मा द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करायी गयी। जोनल अधिकारी ने बताया कि निजी विकासकर्ताओं द्वारा स्थल पर साइट ऑफिस, सड़कें, गेट, बाउंड्रीवॉल निर्मित करने के साथ ही बिजली के खम्भे लगवाये गये थे, जिन्हें कार्रवाई के दौरान ध्वस्त कर दिया गया।

# 15 जून तक यूआरसी पंजीकरण का चलेगा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिला स्तरीय** उद्योग बन्धु समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गयी जिसमें उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट का कार्य कराया जाएगा। 1 जून से 15 जून 2023 तक यूआरसी (उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) पंजीकरण का अभियान चलाया जाएगा। समीक्षा के दौरान विभागों के निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के सम्बन्ध में पाया गया कि हाउसिंग विभाग, फूड सेफ्टी एंड ड्रग्स विभाग, ग्राउण्ड वाटर विभाग, लीडा विभाग, फिल्म बन्धु के कई प्रकरण समय सीमा के बाहर लम्बित हैं, जिसे निस्तारित करने के कड़े निर्देश दिए गए है।

गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी रिया केजरीवाल ने जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की एक बैठक की। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया की शासन के निर्देशानुसार 1 जून से 15 जून 2023 तक यूआरसी (उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) पंजीकरण का अभियान चलाकर जो भी एमएसएमई इकाईयों द्वारा उद्यम रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है उन इकाईयों को रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करने की जानकारी समिति को दी गयी। समिति को अवगत कराया गया कि उद्यम रजिस्ट्रेशन वेबसाइट पर नि:शुल्क पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकृत इकाईयों को टेण्डर में टर्न ओवर इएमडी और एक्सपीरियेन्स से छूट का लाभ प्राप्त होगा। विभिन्न सेक्टोरल पालिसी का लाभ प्राप्त करने और बैकों से ऋण प्राप्त करने में भी उद्यम रजिस्ट्रेशन लाभकारी है। औद्योगिक संगठनों, बैंको, विभागों से अपेक्षा की गयी कि इस अभियान में बड़े स्तर से सहयोग करें जो भी इकाईयां उद्यम रजिस्ट्रेशन में पंजीकृत नहीं हैं। उनको इसके लाभ से अवगत कराते हुए पंजीकरण करने के लिए प्रेरित करें। पंजीकरण में आ रही किसी भी समस्या के लिए और पंजीकरण कराने के लिए कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन और उद्यमिता विकास केन्द्र में हेल्प डेस्क बनायी गयी है। समस्त कामन सर्विस सेन्टर से भी इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपेक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने भी उद्यम रजिस्ट्रेशन अभियान सफल बनाने की विभागों तथा संगठनों से अपेक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान विभागों के निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के सम्बन्ध में पाया गया कि हाउसिंग विभाग, फूड सेफ्टी एंड ड्रग्स विभाग, ग्राउण्ड वाटर विभाग, लीडा विभाग, फि ल्म बन्धु के कई प्रकरण समय सीमा के बाहर लम्बित है। जिसके लिए कड़े निर्देश दिए गए की शीघ्र ही लम्बित प्रकरणों को निस्तारित किया जाय। गत बैठक के निर्देश में एनएच.25 पर प्रदीप एअर कैटर्स इकाई की अप्रोच सड़क के रिपेयरिंग के लिए एनएचआई विभाग तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बंथरा द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया और निरीक्षण में निर्णय लिया गया कि जब तक जल निकास के लिए पानी के निकासी की व्यवस्था नहीं हो जाती है तब तक वर्षा के तहत एक अस्थायी ड्रेन का निर्माण किया जायेगा जिसे एक माह के अन्दर पूर्ण कर लिया जायेगा। जिसके संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समयबद्ध रूप से इस कार्य को पूर्ण किया जाए। विभिन्न राजकीय औद्योगिक आस्थानों, औद्योगिक क्षेत्रों में किये गये अतिक्रमण को हटाये जाने के उद्यमियों के अनुरोध के क्रम में औद्योगिक क्षेत्र चिनहट की सड़कों पर वेन्डर्स के भारी वाहनों द्वारा किये गये अतिक्रमण तथा मटियारी चौराहे के पास टैम्पों एवं ई.रिक्शा चालकों तथा देवा रोड पर भारी वाहनों द्वारा अनियतंत्रित पार्किंग के सम्बन्ध में जोन.5 द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 17 मई से 19 मई 2023 तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटा दिया गया है। उद्यमी संगठनों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी और समिति को विशेष आभार व्यक्त किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चिनहट औद्योगिक क्षेत्र और तालकटोरा औद्योगिक आस्थान में भी 6 जून से 8 जून 2023 तक सम्बन्धित एसडीएम, नगर निगम, पीडब्लूडी और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के निर्देश दिये गये।

# कटी उँगली व हाथ के प्रत्यारोपण की सुविधा अब पीजीआई में भी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दुर्घटना** में कटी उँगली व हाथ के प्रत्यारोपण सर्जरी की सुविधा अब पीजीआई में भी उपलब्ध है। इसी क्रम में संस्थान के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने विभाग प्रमुख प्रो. राजीव अग्रवाल के निर्देशन में एक नौ वर्षीय बच्चे की चारा मशीन से कटी दो अंगुलियों को जोड़ कर फिर से क्रियाशील कर दिया है। सुल्तानपुर जिले के मुरजाम नगर निवासी 9 वर्षीय बालक श्लोक यादव घर के पर लगी चारा काटने की मशीन के पास बैठा था। गॉव में अमूमन बच्चों के खेलने के लिए क्रीडा मैदान या अन्य व्यवस्थाये नहीं होती है और इसीलिए बच्चे चारा मशीनों को ही अपना खिलौना बनाकर खेलते हैं। इस दौरान अचानक चारा मशीन में उसका हाथ आ जाने व चारा मशीन का चक्का चलने से उसके हाथ की दो उंगुलियाँ कट गयी। बच्चे के परिजन तुरन्त उसे पीजीआई के ट्रामा सेन्टर लेकर पहूँचे। ट्रामा सेंटर पहुॅचने के बाद सूचना मिलने पर प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष ने टीम को अलर्ट कर प्रत्यारोपण की सर्जरी शुरू की। सात घण्टे के अथक परिश्रम के बाद चिकित्सकों ने दोनो अंगुलियों को फिर से जोड़ने में सफलता पाई। सर्जरी के बाद बच्चा स्वस्थ है।

### यह होती है उंगुली प्रतिरोपण

दुर्घटना में कटी उंगुलियों या पैर की अंगुलियों को फिर से जोड़ने के लिए प्लास्टिक सर्जरी की मदद लेनी पड़ती है। चोट लगने के 4 से 6 घंटे के भीतर एक कटे हुए हिस्से का प्रत्यारोपण आदर्श रूप से किया जाता है।

### कटे हुए हिस्से का रख रखाव

कटे हुए अंग को साफ पोलीथीन में रखना चाहिये। इस पोलीथीन को दूसरी पोलीथीन में डालना चाहिये, जिसमें बर्फ पड़ी हो। जिससे कटा हुए हिस्सा ठंडा हो जाय

### टीम में यह रहे शामिल

बच्चे के उंगुलियों की प्लास्टिक सर्जरी करने वाली टीम में विभाग प्रमुख डॉ राजीव अग्रवाल, डॉ. भारती, डॉ. निखिलेश, डॉ. भूपेश, रेजीडेंट डॉ. गौतम, सिस्टर प्रतिभा, अमृता, एनिस्थेसिया से डॉ. आरती अग्रवाल, डॉ. सुमित, रेजीडेंट डॉ. दिव्या, डॉ. नुपूर शामिल रहीं।

# एकेटीयू का परीक्षा कार्यक्रम जारी, हर केंद्र पर तैनात रहेंगे पर्यवेक्षक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2022.23 के सम सेमेस्टर के रेगुलर और कैरीओवर के प्रथम चरण की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा पांच जून से होंगी। ऑफलाइन मोड में होने वाली इस परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में केंद्र बनाये गये हैं। विवि के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में परीक्षा की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी हैं। वहीं, बीफार्मा पाठ्यक्रम के पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर के कैरीओवर छात्र.छात्राओं की परीक्षा द्वितीय चरण की परीक्षाओं के साथ आयोजित होगी। शुचिता पूर्ण परीक्षा के लिए सभी सेंटर पर कैमरे से निगरानी होगी। कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्र देखे जा सकेंगे। वहीं जिन सेंटर पर कैमरे नहीं होंगे वहीं एनीडेस्क सॉफ्टवेयर की मदद से कंप्यूटर के जरिए निगरानी रखी जाएगी।

### परीक्षा में बैठेंगे एक लाख से ज्यादा परीक्षार्थी

परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में 128 केंद्र बनाए गए हैं। हर केंद्र पर दो पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे। इस बार परीक्षा में 110000 से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। वही लखनऊ जिले में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### एडमिट कार्ड जारी

परीक्षा के लिए गुरुवार को प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया। छात्र.छात्राएं प्रवेश पत्र अपने स्टूडेंट लॉगइन से डाउनलोड कर सकते हैं।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेताओं को प्रमाणपत्र वितरित



इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लखनऊ में गुरुवार को संस्थान के निदेशक प्रो विनीत कंसल के निर्देशन में गायत्री तीर्थ शांतिनिकुंज हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रतिभागियों एवं विजेताओं हेतु प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। यह परीक्षा गायत्री तीर्थ शांति निकुंज के द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से अवगत कराने का कार्य करती है। निदेशक प्रो. विनीत कंसल ने कहा कि इस तरह की पहल से युवाओं में संस्कारों और मूल्यों का विकास होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आईईटी लखनऊ के लिए विद्यार्थियों के लिए इस परीक्षा में प्रतिभाग करना छात्र जीवन का अलग अनुभव है। यह अनुभव विद्यार्थिओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक कर इसके संवर्धन हेतु प्रेरित करेगा। समारोह में गायत्री तीर्थ शांतिनिकुंज के गोपाल ओझा, एपी शुक्ला एवं प्रशांत मिश्रा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ पुष्कर त्रिपाठी ने किया।

# क्लाइमेट एक्शन चैंपियन बनने के लिए बच्चों, युवाओं को बनाएं सशक्त

- मिशन लाइफअभियान के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव विषय पर यूनिसेफद्वारा मीडिया संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलवायु** परिवर्तन के दुष्प्रभावों और आवश्यक निदानों पर चर्चा करने के उद्देश्य से यूनिसेफ द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में गुरुवार को मीडिया संगोष्ठी का आयोजन गोमतीनगर स्थित कार्यालय में किया गया। संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्र व्यापी मिशन लाइफ कैम्पेन के अंतर्गत किया गया। मिशन लाइफकैम्पेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

संगोष्ठी में जल वायु परिवर्तन का बच्चों पर प्रभाव विषय पर बात करते हुए यूनिसेफ के वॉश स्पेशलिस्ट नगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जलवायु संकट एक बाल अधिकार संकट है क्योंकि जलवायु परिवर्तन बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य को प्रभावित करता है। किन्तु दैनिक जीवन की साधारण क्रियाओं से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उन्होने कहा कि एक औसत वैश्विक व्यक्ति नहाने, कपड़े धोने आदि में एक दिन में 2.5 लीटर पानी बर्बाद करता है। इसलिए यदि सिर्फ उत्तर प्रदेश के सभी लोग इस पानी को रोजाना बचाएं, तो हम प्रति वर्ष 2.20 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचा सकते हैं जो लगभग उत्तर प्रदेश के सभी लोगों की पीने के पानी की वार्षिक आवयशकता को पूरा कर सकता है। शिक्षा विभाग, यूपी सरकार और यूनिसेफ द्वारा किए जा रहे प्रयासों को साझा करते हुए यूनिसेफ के एजुकेशन स्पेशलिस्ट ऋत्विक पात्रा ने कहा की मीना मंच और पावर एंजेल्स के छात्रों छात्राओं ने पिछले साल जलवायु पर मांगों का एक चार्टर अधिकारियों से साझा किया था। उन्होने कहा कि उभरते मुद्दों को शामिल करने के लिए राज्य शिक्षा पाठ्यक्रम को संशोधित करने की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन एक ऐसी ही महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। शिक्षकों को करके सीखने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। यूनिसेफ की कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट निपुण गुप्ता ने कहा कि बच्चे केवल जलवायु परिवर्तन का शिकार ही नहीं हैं, वे जलवायु परिवर्तन से उभरने के लिए चेंज एजेंट भी हो सकते हैं। वे आंदोलन का नेतृत्व कर सकते हैं और अपने परिवारों और समुदायों को पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। गुप्ता ने कहा कि सरकार जलवायु परिवर्तन के प्रति नीतिगत प्रतिबद्धताओं में एक निर्णायक भूमिका निभा रही है और सबसे बड़ा राज्य होने के नाते उत्तर प्रदेश की भूमिका अहम है। मेरी लाइफ कैम्पेन के अंतर्गत मेरी लाइफ ऐप में लॉग इन करके लोग 5 विषयों..ऊर्जा बचाओ, पानी बचाओ, प्लास्टिक के एकल उपयोग को कम करो, दीर्घकालिक खाद्य प्रणाली को अपनाओ और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के तहत लाइफ संबंधित कार्यों की एक श्रृंखला में भाग ले सकते हैं।

# सभी निकाय प्रमुख माह में एक दिन निकाय की स्वच्छता के लिए उठाएं झाड़ूः केशव मौर्य

● प्रदेश के विकास के लिए निकायों के विकास पर देना होगा विशेष ध्यानः बृजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के सभी नगर निगमों के नवनिर्वाचित महापौर, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला में नगर विकास विभाग के सभी नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारियों ने भी हिस्सा किया। इसके साथ ही नवनिर्वाचित सभी पार्षद एवं सभासद कार्यशाला से ऑनलाइन जुड़े रहे। इस प्रकार आज आयोजित इस कार्यशाला में ढाई हजार से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया और प्रत्यक्ष रूप से नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बदलता नगरीय परिवेश के संदर्भ में आयोजित कार्यशालाओं की परिचर्चा को सुना। एक दिवसीय कार्यशाला में तीन सत्र आयोजित किये गये। प्रथम सत्र उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में नगरीय सुशासन के संवैधानिक एवं विधिक प्राविधान विषय पर आयोजित की गयी। द्वितीय सत्र नगर विकास मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विषय पर हुई। तृतीय सत्र उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में नगरीय नियोजन एवं वित्तीय प्रबंधन विषय पर आयोजित की गयी, साथ ही नगर विकास विभाग के सलाहकार केशव वर्मा का सिटीज एज इंजन ऑफ इकोनॉमी ग्रोथ एण्ड इन्हैंन्सिंग क्वालिटी ऑफ लाइफ विषय पर व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं एवं क्रियाकलापों से सम्बंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यशाला का प्रथम सत्र जो कि नगरीय सुशासन के संवैधानिक एवं विधिक प्राविधानों के सम्बंध में जानकारी देने के लिए आयोजित किया गया। यह कार्यशाला उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में हुई। इसमें नगर विकास मंत्री एके शर्मा, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने प्रतिभाग किया। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सभी नवनिर्वाचित मेयर और चेयरमैन इस कार्यक्रम के अनुभवों को अपने क्षेत्र के पार्षदों और सभासदों को भी देने का कार्य करेंगे। सभी प्रतिनिधि अपने निकायों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प भी लेंगे। साथ ही साफ सफ ाई और स्वच्छता बेहतर तरीके से संचालित हो इसके लिए महीने में एक दिन हाथ में झाड़ू जरूर उठाएं और लोगों को भी साफ सफाई के लिए जागरूक करें।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की वैश्विक छवि बदली है। पूरी दुनिया में भारत का मान.सम्मान बढ़ा है और दुनियाभर के लोग भारत की ओर देख रहे हैं। कहा कि प्रदेश के नगरीय व्यवस्थापन, साफ सफ ाई के कार्य, पार्कों व फुटपाथों के सुन्दरीकरण कर बेहतर नगर बनाना है। प्रदेश के विकास से ही देश का विकास सम्भव है। इसके लिए प्रदेश के सभी नगरों का भी कायाकल्प करना होगा। इसी सत्र में नगर विकास मंत्री ने कहा कि नगर किसी देश व प्रदेश का आईना होते हैं। हमारे नगर निवेश के चुम्बक होते हैं। पहले लोग देश के बड़े शहरों बंगलौरए हैदराबादए बम्बईए सूरत जाते थे लेकिन अब बाहर जाने के जरूरत नहीं पड़ेगी। सभी नगारिकों को अपने शहरों में ही मूलभुत सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी निकायों में एक तिहाई अनुपात में महिला प्रतिनिधि जीती हैं। यह हमारे नारी शक्ति के प्रति अच्छी धारणा का प्रतीक है। कहा कि नगरों की बेहतर साफ सफाई के लिए 50 हजार नियमित सफ ाई कर्मचारी के साथ डेढ़ लाख से ज्यादा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी लगे हुए हैं ये सभी नगर विकास विभाग परिवार के अंग हैं। कार्यशाला के प्रथम सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश का कायाकल्प हो रहा है। विकसित भारत का विजन हमारे सामने है। देश की अर्थव्यवस्था बढ़ी है। अगले 25 वर्षों में देश अपने पुराने गौरव को पुनः हासिल कर सकेगा। प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने के लिए सभी नगरीय निकाय अपना स्थापना दिवस मनाएं साथ ही नागरिकों की जिन्दगी को अच्छा बनाने का प्रयास करें।

## लेखपाल भर्ती परीक्षा में नकल कराने का फरार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वर्ष** 2022 में प्रयागराज में लेखपाल भर्ती परीक्षा में नकल कराने के संबंध में दर्ज मुकदमे के वांछित अभियुक्त अंकुर कुमार उर्फ अमित कटियार को एसटीएफ ने यमुना पुल के पास, प्रयागराज से गिरफ्तार किया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि आशुतोष उत्तम के माध्यम से डा. मुरली मनोहर जोशी इंटर कालेज, नैनी के प्रबन्धक जय बाबू तिवारी के सम्पर्क में आया। वर्ष-2019 से जय बाबू तिवारी के साथ मिलकर परीक्षाओं में पेपर साल्व करने-कराने का काम करता था। 31 जुलाई 2022 को आयोजित राजस्व लेखपाल परीक्षा में मैने जय बाबू तिवारी के व्हाट्सएप से अपने व्हाट्सएप पर 'एच' व 'सी' ग्रुप का पेपर मंगाकर उसे हल कराकर उत्तर कुन्जी उनके मोबाइल पर भेजा था। जिसके बदले में मुझे पैसे मिले थे। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना नैनी, जनपद प्रयागराज में पंजीकृत मुकदमे में एसटीएफ द्वारा दाखिल किया गया।

## दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट के सुधार के लिए डेढ़ करोड़ से अधिक की राशि अवमुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार द्वारा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजना के अन्तर्गत 7 चालू कार्यों के लिए 1 करोड़ 58 लाख 74 हजार की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उप्र शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में निर्देश दिए गए हैं कि वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशो के अनुसार वित्तीय अनुशासन का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र निर्धारित समयावधि में महालेखाकार, उप्र एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप ही कार्य किया जाए।

## पीएम स्वनिधि योजना में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान से पुरस्कृत



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएम** स्वनिधि के तीन वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य को सबसे अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण एवं अन्य सहूलियत प्रदान करने के लिए पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार निदेशक सूडा डॉ अनिल कुमार ने कैबिनेट मंत्री आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय हरदीप सिंह पूरी से प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के दौरान अपनी आजीविका खो चुके रेहड़ी पटरी वालों के लिए प्रधानमन्त्री की पहल पर यह योजना संचालित की गई, जिसमें वेंडर को पहला ऋण दस हजार रूपए का, दूसरा ऋण बीस हजार रूपए का और तीसरा ऋण पचास हजार रूपए का प्राप्त होता है। ऋण की समय से अदायगी पर कोई ब्याज नहीं देना होता है। उत्तर प्रदेश में 'अब तक लगभग बारह लाख वेंडर' इसका लाभ पा चुके हैं, जो पूरे देश में सबसे अधिक है।

## युवक ने गोमती नदी में लगाई छलांग, मौत

**लखनऊ।** राजधानी के वजीरगंज इलाके में स्थित गोमती नदी में एक युवक ने छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में गोताखोरों की मदद से बाहर निकलवा कर उसे ट्रामा पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चौधरी गढ़यया निवासी शैलेन्द्र विश्वकर्मा 25 ने बृहस्पतिवार की दोपहर डालीगंज स्थित गोमतीनदी में छलांग लगा दी। राहगीरों ने देखा तो शोर मचाया और आस पास के लोग एकत्र हो गये। इसी दौरान घटना की जानकारी पुलिस को हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस गोताखोरों को बुलाकर नदी में काफी समय तलाश करवाया। जिसके बाद कामयाबी हासिल हुई। पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक अविवाहित था और आत्महत्या किये जाने की वजह सामने नहीं आयी है। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नदी में पैर फिसलने से डूबकर महिला की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के गोसाईगंज इलाके में जानवर के लिए घास लेने गयी महिला का पैर फिसल कर नदी में गिर जाने के चलते मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि मृतका का शव करीब एक दो किलो मीटर आगे उतराता हुआ मिला है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हलीमाबाद मजरा गौरिया कलां थाना गोसाईगंज निवासी राकेश कुमार ने सूचना दिया कि उनकी पत्नी टिम्मा जानवर के लिए घास लेने के लिए गयी थीं। बताया जा रहा है कि अचानक किसी कारण वश पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गयीं। जानकारी होने पर काफी तलाश किया गया लेकिन नहीं मिला। बृहस्पतिवार की सुबह उनका शव दो किलो मीटर गौरियां कलां स्थित नदी में उतराती हुई देखी गयी जिन्हें बाहर निकाला गया। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आशुतोष टंडन व नीरज बोरा पीजीआई के सदस्य निर्वाचित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बीती मार्च में पारित प्रस्ताव के अनुपालन में विधायक आशुतोष टंडन एवं डॉ नीरज बोरा को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है। इस आशय की अधिसूचना प्रमुख सचिव विधानसभा सचिवालय प्रदीप दुबे द्वारा 30 मई 2023 को जारी की गयी है।

## मकान का ताला तोड़कर जेवरात समेत नकदी चोरी

**लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अर्जुनगंज सरसवां थाना सुशांत गोल्फ सिटी निवासी पवन कुमार चौधरी ने बताया कि वह अपने किसी काम से बाहर गये थे जब वहां से लौटकर आये तो घर के ताले टूटे देखकर दंग रह गये। उन्होंने अन्दर दाखिल होकर देखा कि मकान में रखे सोने चांदी के जेवरात व चालीस से पचास हजार की नकदी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये गये हैं। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी के जरिए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ने की आवेदन तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ने के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी गई है। अब सहयुक्त कॉलेज 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पहले यह तारीख 31 मई थी। इस संबंध में कुलसचिव संजय मेधावी द्वारा निर्देश जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार सहयुक्त महाविद्यालयों को सहभागिता शुल्क पाठ्यक्रम के मुताबिक आरटीजीएस करना होगा। साथ ही जाकी किए गए ई.मेल पर जानकारी देनी होगी।

## सुएज इंडिया ने नवनिर्वाचित नगर निकाय प्रमुखों को सीवर क्लीनिंग टेक्नोलॉजी की दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश प्रदेश नगर निकायों के नवनिर्वाचित महापौरों और अध्यक्षों को नगर विकास विभाग की कार्यप्रणाली और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला जीरो वेस्ट इवेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को शहरी विकास के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।

गुरुवार को राजधानी में नवनिर्वाचित महापौरों और अध्यक्षों की कार्यशाला में सीवर मेंटेनेंस और मैनेजमेंट के लिए नियुक्त कार्यदाई संस्था सुएज इंडिया ने भी अपना स्टॉल लगाकर कार्यशाला के प्रतिभागियों को अहम जानकारी प्रदान की। इस एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात व डायरेक्टर नेहा शर्मा सहित कई अन्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विभिन्न नगरपालिका अध्यक्षों और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को स्वेज इंडिया के स्टाल पर सीवर सफाई तकनीक के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने रोबोट द्वारा किए जा रहे सीवर की सफाई करने की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# कम लागत में मजबूत और टिकाऊ सीसी रोड का होगा निर्माणः जितिन



● सेल ग्रिड तकनीक से सीसी रोड बनाए जाने के प्रयोगात्मक कार्य का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने लखनऊ में बेलीकलां सम्पर्क मार्ग पर सेल ग्रिड तकनीक का प्रयोग कर सीसी रोड बनाए जाने के प्रयोगात्मक कार्य का शुभारम्भ किया। लोक निर्माण मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि विभाग द्वारा लगातार नवीन तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा देकर उच्चस्तरीय सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे जहां एक तरफ सड़क निर्माण की लागत में कमी लायी जा रही है वहीं दूसरी तरफ उच्च गुणवत्तायुक्त सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में पूरे प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल ग्रीन तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा सीसी रोड निर्माण में सेल ग्रिड तकनीक के प्रयोग को प्रारम्भ किया जा रहा है। इस नई तकनीक का प्रयोग कर कम लागत में मजबूत एवं टिकाऊ सीसी रोड का निर्माण किया जा सकेगा है। इस तकनीक से बनी सीसी रोड यदि कहीं क्षतिग्रस्त होती है तो केवल क्षतिग्रस्त हिस्से को ही आसानी से रिपेयर भी किया जा सकेगा। सेल ग्रिड तकनीक से निर्मित सीसी रोड के सफल प्रयोग के बाद प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सेल ग्रिड एक भरोसेमंद जीओ सिन्थैटिक प्रोडक्ट है जिसका सीसी रोड के निर्माण में प्रयोग कर एनवायरमेंट को सुरक्षित रखा जा सकता है एवं सीसी रोड के निर्माण में उपयोग में लाए जाने वाले खनिजों के खनन में कमी लायी जा सकती है। सेल ग्रिड का प्रयोग कर सामान्य तकनीक से बनाए जा रहे सीसी मार्ग की मोटाई में सामान्यतः 2 सेमी कम हो जाती है जबकि क्षमता उतनी ही होती है। उल्लेखनीय है कि सेल ग्रिड तकनीक का प्रयोग सामान्यतः 2 से 5 एमएसए (मिलियन स्टैंडर्ड एक्सल) यातायात के लिए प्रयोग कर सीसी रोड का निमार्ण कराया जाता है। सेल ग्रिड तकनीक का प्रयोग कर सीसी रोड को इंटरलॉकिंग सिस्टम की तरह देखा जाता है। सेल ग्रिड का प्रयोग कर सीसी रोड बनाये जाने की डिजाइन आईआईटी भुवनेश्वर द्वारा विकसित की गई है। इस तकनीक में एम-30 ग्रेड के कंक्रीट का प्रयोग किये जाने की सलाह दी जाती है। सेल ग्रिड तकनीक से बनायी गई सीसी रोड़ सामान्य तकनीक से बनाये जाने वाले सीसी रोड की मोटाई से 2 सेमी तक कम हो जाने से जो बचत होती है उसी बचत से सेल ग्रिड का प्रयोग कर लिया जाता है, इस हेतु किसी अतिरिक्त धन की आवश्यकता नहीं होती है।

इस अवसर पर विधायक मोहनलालगंज अमरेश कुमार, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन एके जैन, प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क वीके श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता परवेज़ अहमद, जीएस वर्मा, अधिशाषी अभियंता अनूप मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# चित्रकूट जेल के कारापाल की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ



**चित्रकूट** जेल में विधायक अब्बास अंसारी को सुविधाएं आदि मुहैया कराने के मामले में निरुद्ध कारापाल संतोष कुमार की जमानत अर्जी विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष जज शालिनी सागर ने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है।

11 फरवरी 2023 को इस मामले की एफआईआर चित्रकूट के थाना करवी कोतवाली नगर में एसआई श्यामदेव सिंह ने दर्ज कराई थी। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक इस मामले में जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर, जेल वार्डन जगमोहन, जेल की कैंटीन के ठेकेदार नवनीत सचान, विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो, ड्राइवर नियाज तथा वाहन मुहैया कराने वाले फराज की जमानत अर्जी भी खारिज हो चुकी है।

## शकुन्तला मिश्रा विश्वविद्यालय स्कॉलर की पीएचडी पूरी कराए

विधि संवाददाता। लखनऊ

**पांच** साल बाद एक पीएचडी स्कॉलर को यह कहकर पीएचडी करने से रोक देना कि उसके दाखिले में कुछ कानूनी खामियां थी, सही नहीं है।

हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यह टिप्पणी करते हुए डॉ. शकुन्तला मिश्रा विश्वविद्यालय को आदेश दिया है कि स्कॉलर से फीस जमा कराकर उसे पीएचडी पूरी करने की अनुमति दी जाए। इसके लिए उसका एक साल का पीरियड भी बढ़ाया जाए। पीठ का यह भी कहना था कि इस देश में पहले ही रिसर्च स्कॉलर की कमी है, ऐसे में विश्वविद्यालय का निर्णय उचित नहीं है। जस्टिस विवेक चौधरी की एकल पीठ ने यह आदेश पल्लवी सोनी की ओर से दाखिल याचिका को मंजूर करते हुए दिया है। इनका कहना था कि वर्ष 2015 में उन्होंने विश्वविद्यालय में पीएचडी में दाखिला लिया था। लेकिन वर्ष 2019 में विश्वविद्यालय ने तकनीकी आधारों पर उनका दाखिला खारिज कर दिया।

## लेवाना होटल के विरुद्ध न हो कोई उत्पीड़ात्मक कार्यवाही

विधि संवाददाता। लखनऊ


**लेवाना** होटल की बिल्डिंग को गिराने के लिए किसी प्रकार की उत्पीड़ात्मक कार्यवाही करने से हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एलडीए को रोक दिया है। पीठ ने कहा है कि इस संदर्भ में राज्य सरकार के पास लेवाना की लंबित पुनरीक्षण प्रार्थना पत्र पर फैसला आने तक कार्यवाही रोक दी जाए। जस्टिस रजनीश कुमार की एकल पीठ ने यह आदेश लेवाना हॉस्पिटलिटी की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। कहा गया कि नौ नवंबर 2022 को एलडीए ने होटल को ढहाने का आदेश कर दिया। जिसके खिलाफ पुनरीक्षण प्रार्थना पत्र सरकार के समक्ष लंबित है। पीठ ने इस पर उक्त आदेश के साथ ही सरकार को प्रार्थना पत्र तीन हफ्ते में तय करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई को होगी।

# पीएम आवास योजना के नाम पर सैकड़ों लोगों से ठगी करने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विभिन्न** मोबाइल एप्स के जरिए प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र लाभार्थियों का डेटा प्राप्त कर प्रधानमंत्री आवास दिलाने का प्रलोभन देकर सैकड़ों लोगों से ठगी करने वाले संगठित गिरोह के मास्टरमाइंड सहित दो जालसाजों को एसटीएफ ने कानपुर से गिरफ्तार किया।

एसटीएफ की गिरफ्त में आए जालसाजों ने अपना नाम पता राजेश सिंह उर्फ चीता उर्फ दीपक मिश्रा और अनिल सिंह उर्फ प्रदीप मिश्रा उर्फ दीपक मिश्रा निवासी निवासी ग्राम आर्यनगर प्रथम, थाना रनिया, जनपद कानपुर देहात बताया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त राजेश सिंह व अनिल सिंह ने बताया कि हम लोगों द्वारा किसी सिरीज के



नम्बर पर काल करके लोगों को यह बताया जाता था कि मैं सचिवालय, लखनऊ के प्रधानमंत्री आवास योजना का सक्षम अधिकारी बोल रहा हूं। क्या आपके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फार्म भरा गया है यदि कोई हां कहता था तो उसको विश्वास कराने के लिए उसका आधार कार्ड का नम्बर लेकर विभिन्न मोबाइल एप्स के माध्यम से उनकी व्यक्तिगत जानकारी, पारिवारिक विवरण उसको बताया जाता था। उनको पूर्णरूप से विश्वास हो जाने पर कि हम प्रधानमंत्री आवास योजना के सक्षम अधिकारी ही बोल रहे हैख तो उसको विभिन्न तरीकों से विश्वास दिलाते थे कि आपका 3 लाख 25 हजार रुपया पास हुआ है। जिसको प्राप्त करने के लिए रू 3000-5000 यूपीआई के माध्यम से आपको जमा कराकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जिसके बाद आपको अपना बैंक खाता खुलवाकर उसका एटीएम कार्ड व रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर हमारे द्वारा बताए गए पते पर भेजना होगा। जिसको हमारे द्वारा वेरीफाई किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए उन लोगों द्वारा हमारे द्वारा बताये गये यूपीआई पर रुपए जमा कराकर अपना बैंक खाता खुलवाकर उसका एटीएम कार्ड व रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर हमारे द्वारा बताये गए पते पर भेज दिया जाता है, जिसका प्रयोग हम लोगों द्वारा अन्य लोगों से ठगी के लिए किया जाता था। इन बैंक खातों में रुपया आ जाने पर मोनू सिंह द्वारा विभिन्न एटीएम के माध्यम से निकाल लिया जाता था। ठगी से प्राप्त रुपयों को हम लोग आपस में बांट लेते थे। अभी हम लोगों द्वारा ठगी करने के लिए यहां से कालिंग की जा रही थी। अभियुक्त राजेश सिंह ने पूछताछ में यह भी बताया कि वह पूर्व में वर्ष 2020 में थाना बर्रा, कानपुर नगर में हुए संजीत यादव अपहरण व हत्याकाण्ड जिसकी विवेचना सीबीआई में चल रही है, इस अभियोग में 18 महीने जेल में रहा। अक्टूबर 2022 में जमानत पर छूट कर आया तब से यही कार्य कर रहा था।

# निधि पवैया ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में किए जा रहे इंतजामों को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मौजूदा** दौर में खेलों के पटल पर भारतीय महिलाओं की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इतना ही नहीं कई भारतीय महिला खिलाड़ी अपने अपने क्षेत्र में दमदार प्रदर्शन कर दुनिया जीतने का हौंसला दिखा रही है। इसके साथ ही जिन खेलों में अब तक पुरुषों का दबदबा देखने को मिलता था अब उन्हीं खेलों में महिलाओं ने अपनी धमक दिखाई।

ये भी सच है कि खेल जगत में महिलाओं के लिए जगह बनाना कोई आसान काम नहीं है फिर भी महिलाएं विभिन्न खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और जीत का डंका बजा रही है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश की निधि पवैया शॉटपुट जैसे कठिन खेलों में अपना करियर संवार रही है। हालांकि एक वक्त ऐसा भी आया था जब लगा था कि उनको कॅरियर शुरू होने से पहले ही खत्म हो जायेगा लेकिन चोट से उबर कर उन्होंने मैदान में जोरदार वापसी की। उत्तर प्रदेश की मेजबानी में पहली बार आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022 में बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी, भोपाल की निधि पवैया ने बुधवार को एथलेटिक्स मुकाबलों के अंतिम दिन महिला शॉटपुट में 14.80 मी के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा मे निधि से .5 मी..के अंतर से पिछड़ी चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी की शिक्षा दूसरे स्थान पर रही। निधि इस प्रदर्शन से खुश है हालांकि वो अपने 15 प्लस मीटर थ्रो के तय मार्क को क्रास नहीं कर पाई। निधि ने कहा कि मैने तैयारी पूरी की थी और इसी साल लगी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की थी। मैने ये सोचा था कि मेरे को लखनऊ में 15 मी. से ऊपर ही थ्रो करना है लेकिन शायद आज दिन मेरा नहीं था। निधि मध्य प्रदेश में ग्वालियर जिला के अंतर्गत आने वाले चिनौर नामक गांव की निवासी है और उनके पिता छोटे सिंह पवैया किसान है जिनके ऊपर 6 लोगों के परिवार की जिम्मेदारी है। हालांकि गांवों में और समाज में आज भी कई लोगों की ऐसी सोच है कि कोई लड़की अगर खेल में आगे बढ़ने की सोच रखती है तो उसे कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। निधि इस मामले में खुशनसीब है कि उनके पिता व पूरे परिवार ने उनका पूरा साथ दिया। निधि नवंबर 2021 में ट्रेनिंग के दौरान घुटने पर लगी चोट के चलते 2022 तक पूरे साल खेल से दूर रही और पिछला पूरा साल उनका रिकवरी में ही गुजर गया। हालांकि निधि ने इस साल से दोबारा अभ्यास शुरू किया और इस साल मार्च 2023 में आयोजित आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2023 में शॉटपुट का स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा निधि ने रांची में हुए फेडरेशन कप एथलेटिक्स चौंपियनशिप में भी प्रतिभाग किया था।

# केंद्रीय मंत्री ईरानी ने एनटीपीसी में बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला का किया दौरा



**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा संचालित किए जा रहे बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार स्मृति ईरानी ने दौरा किया। एनटीपीसी ऊंचाहार के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार समैयार, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा मनीषा समैयार की उपस्थिति में कार्यक्रम में भाग ले रही नन्हीं बालिकाओं ने केन्द्रीय मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। ईरानी ने कार्यक्रम में भाग ले रही 114 बच्चियों से संवाद किया और एनटीपीसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के उनके अनुभवों को जाना। जहां एक ओर उन्होंने बच्चियों द्वारा निर्मित आर्ट एंड क्राफ्ट देखे और उनकी भूरि.भूरि प्रशंसा की। वहीं दूसरी ओर नन्हीं बालिकाओं से परस्पर संवाद कर उन्हें बताया कि लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जो बुनियादी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है उसे समझिए और उसके अनुरूप अपनी तैयारी कीजिए।

नन्हीं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा व कौशल का बहुत अधिक महत्व है। आप सभी को ग्रामीण परिवेश में रहते हुए एनटीपीसी के जेम कार्यक्रम के माध्यम से आपके अंदर छिपी प्रतिभा व कौशल को उभारने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आप सभी इस अवसर का भरपूर लाभ लेते हुए स्वयं के विकास के साथ.साथ भारत देश को सेवा करें एवं अपने मेंटर के तौर पर एनटीपीसी का नाम भी रोशन करें। एनटीपीसी द्वारा चलाया जा रहा बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम वाकई सराहनीय है।

# गाजे-बाजे संग निकली कलश शोभायात्रा

**● मां बागेश्वरी देवी मंदिर परिसर में नौ दिवसीय नवान्ह परायण का शुभारंभ**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**अखिल** भारतीय सनातन समिति के तत्वाधान में नौ दिवसीय नवाह्न परायण एवं श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार से जैतपुरा स्थित बागेश्वरी देवी मंदिर के परिसर में हुआ। सायंकाल 7.00 बजे से पातालपुरी पीठाधीश्वर महंत बालक दास जी द्वारा श्री राम कथा का प्रवचन होगा। कथा प्रारंभ के पहले प्रातः काल गाजे.बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा बागेश्वरी मंदिर प्रांगण से निकाली गई जो जैतपुरा, नागकुआं, डिगिया प्लाट, औसानगंज चौराहा, राजापुरा, गोपाल बाग कॉलोनी, डिगिया होते हुए कथा स्थल मां बागेश्वरी देवी के मैदान में आकर संपन्न हुई।

शोभायात्रा में डमरु दल के नवयुवकों को द्वारा भव्य प्रदर्शन तथा महिलाएं चुनरी तो पुरुष कुर्ता पजामा पहने आगे.आगे कलश लिए, चल रहे थे साथ ही महिलाएं, पुरुषों तथा बच्चे बीच.बीच में प्रभु श्री रामचंद्र की जय, सत्य सनातन धर्म की जय, हर हर महादेव के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जिससे पूरा परिक्रमा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। कथा के मुख्य यजमान समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अजय जायसवाल व उनकी धर्मपत्नी डॉ पुष्पा जायसवाल अपने सिर पर रामायण पोथी रखकर प्रख्यात रामकथा मानस मर्मज्ञ पूज्य संत व पीठाधीश्वर, पातालपुरी मठ काशी बालक दास जी महाराज के नेतृत्व में सैकड़ों भक्तजन रामकथा का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में मुख्य रूप से भैया लाल जायसवाल, जयशंकर गुप्ता, विष्णु गुप्ता, रवि प्रकाश जायसवाल, किशोर कुमार सेठ, वतन कुशवाहा, प्यारे साव, प्रमोद यादव, श्रीप्रकाश जायसवाल प्रजापति, पुष्पा जायसवाल, मदन यादव सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल का विमोचन कर अभियान का किया शुभारम्भ



उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल का विमोचन करते हुए जिलाधिकारी

**अमेठी।** आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उप्र कानपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण उप्र के जनपद में यूआरसी पोर्टल पर एमएसएमई/ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पंजीकरण हेतु 01 जून से 15 जून तक सघन अभियान चलाकर उद्यम रजिस्ट्रेशन कराने के दृष्टिगत आज कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में विभिन्न औद्योगिक संगठनों/व्यापारिक संगठनों एवं उद्योग से जुड़े लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों एवं उद्यमियों की उपस्थिति में डीएम राकेश कुमार मिश्र द्वारा उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की पूर्ण प्रक्रिया एवं गाइडलाइन्स के विवरण पर आधारित प्रक्रिया का विमोचन करते हुए अभियान का शुभारम्भ किया गया। जिला उद्योग केन्द्र के गौरीगंज स्थित कार्यालय में पंजीकरण काउन्टर खोले गये है जिसमें कोई भी उद्यमी/व्यापारी आधार कार्ड एवं पैनकार्ड, ई.मेल आईडी, बैंक विवरण सहित निःशुल्क उद्यम रजिस्ट्रेशन करा सकते है जो व्यक्ति, व्यापारी/ उद्यमी इस यूआरसी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवायेंगे, उसको इससे प्राप्त होने वाले लाभ के तहत रू0 5 लाख का सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के अन्तर्गत शीघ्र लागू होने वाली दुर्घटना बीमा, विभिन्न सरकारी टेंडरों में अर्नेस्टमनी एवं सरकारी क्रय में ईएमडी में छूट, बैंक से ऋण प्राप्त करने में सुगमता तथा फैसिलिटेशन काउन्सिल से लम्बित देयों के भुगतान का लाभ प्राप्त कर सकते है। समस्त औद्योगिक संगठनों/ व्यापारिक संगठनों एवं पेट्रोलियम संगठन के पदाधिकारियों के निर्देशित किया कि अधिक से अधिक संख्या में उद्यमियों/ व्यापारियों को यूआरसी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने में सहयोग दें एवं उद्योग से जुड़े सभी लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को उनके विभाग द्वारा जारी किये जाने वाले समस्त अनापत्तियों/लाइसेंस एवं बैंक ऋण देते समय यूआरसी पोर्टल पर उद्यम रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं।

# आग से पचास हजार की नकदी समेत तीन दुकानें हुई स्वाहा



**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के बेहटा चौराहे में घास–फूस से लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसकी चपेट में आने से तीन दुकाने जलकर खाक हो गई। लोगो ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। बेहटा चौराहे में उस समय हडकम्प मच गया जब टेनरी की जमीन पर लगी अस्थाई दुकानो में आग लग गई। किसी ने दुकानो के पीछे लगे कूडे के ढेर में आग लगा दी जिसने विकराल रूप धारण करते हुए दुकानो को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगो ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिये साथ ही मामले की सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को भी दी। क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और लोगो की मदद से जल्द आग पर काबू पा लिया गया। तब तक धन्नीपुर गांव निवासी नीरज सिंह का होटल, राजेश की पान की दुकान व पूरे ओरी गांव निवासी जग्गू की जूता चप्पल की दुकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। लगभग 1 लाख के नुकसान होने का अनुमान है जबकि राजेश की दुकान में रखे 50 हजार रूपये की नकदी की जलकर खाक हो गई।

# स्वनिधि महोत्सव का हुआ आयोजन, महोत्सव का किया शुभारंभ

**अमेठी।** मिशन निदेशक राज्य शहरी आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के क्रम में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत आज जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में एक दिवसीय जनपद स्तरीय स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरीए विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा स्वयं सहायता समूह एवं स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम में बैंक ऑफबड़ौदा द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों के माध्यम से प्रथम चरण के ऋण रूपए 10,000 से लाभान्वित लाभार्थी जितेंद्र गौतमए विजय कुमारए अमर यादवए विमल तिवारी, विशाल अग्रहरी एवं द्वितीय चरण के ऋण रु 20,000 से लाभान्वित लाभार्थी पवन कुमार, सकीना बानो, संग्राम चौहान,



ऋण का चेक प्रदान करते हुए

दिनेश एवं तृतीय चरण के रू. 50000 से लाभान्वित लाभार्थी भगवत प्रसाद, आशा देवी, हजरत अलीए मनोज कुमार शुक्ला, जहरा बानो व दुर्गेश कुमार को डेमो चेक तथा डूडा कार्यालय द्वारा विभिन्न योजनाओं में सर्वाधिक डिजिटल लेनदेन करने वाले लाभार्थी अखिलेश कुमार, हजरत अली, शिवम तिवारी, दुर्गेश कुमार, संतोष सिंह, राज कुमार कौशल, रियाजुद्दीन, अमर प्रताप, शुभम चौरसिया व विक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थित वेंडर्स को को अधिक से अधिक योजना का लाभ उठाकर अपना सूक्ष्य व्यवसाय को प्रारंभ करने एवं ईमानदारी के साथ व्यवसाय को आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी ने समाज के सबसे निचले पायदान के व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार करने वाली ऐसी महत्वपूर्ण योजना का संचालन किया है जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विमल कुमार गुप्ता ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 1 जून 2020 को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू की गई हैं जो कोविड.19 महामारी से प्रभावित स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए है। कार्यक्रम में शहरी पथ विक्रेताओं को योजनांतर्गत ऑनलाइन आवेदन के साथ ही मौके पर बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृतध्वितरित भी किया गया। स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र.छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रमए लोकगीत आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में उक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, डीसी एनआरएलएम सुनील तिवारी, सीएमएम डूडा ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, सीओ डूडा शैलेंद्र कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारी एवं स्ट्रीट वेंडर्स मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### गैंगेस्टर सुल्ताना उर्फआन्टी की अचल सम्पत्ति की गयी कुर्क

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज मादक पदार्थों की तस्करी व गैंगेस्टर अधि. की अभियुक्ता/ गैंग सरगना सुल्ताना परवीन उर्फ आन्टी पत्नी अहमद अली उर्फ बुझारत निवासिनी बुढ़ादेई थाना अहरौरा मीरजापुर के विरूद्ध थाना अहरौरा पर पंजीकृत मु.अ.सं.216/2022 धारा 3(1) उप्र गैंगेस्टर एक्ट के विवेचक प्रभारी निरीक्षक थाना राजगढ़ की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन के उपरान्त डीएम मीरजापुर द्वारा उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि. 1986 की धारा 14 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए शातिर गिरोह बन्द अभियुक्ता की थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत अवैध रूप से अर्जित अचल सम्पत्ति कुल 04 मकान अनुमानित कीमत 01 करोड़ 12 लाख 67 हजार 02 सौ रुपये को एसडीएम चुनार, पुलिस उच्चाधिकारीगण, थाना राजगढ़ व अहरौरा पुलिस बल की उपस्थिति में कुर्क किया जा रहा है ।

### एनटीपीसी रिहंद में स्वच्छता पखवाड़ा 2023 का हुआ समापन

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में 16 मई से 31 मई 2023 तक आयोजित किए गए स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह बुधवार की सायं स्टेशन के इंद्रधनुष प्रेक्षागृह में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन साथ संपन्न किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक संजीव कुमार ने अन्य सहअतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर एवं एनटीपीसी गीत गाकर किया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने अपने संबोधन के जरिए प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगों कहा कि जीवन में स्वच्छ रहने और अपने आस-पास के क्षेत्रों को साफरखने तथा स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए। हम सभी को श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करना चाहिए। सभी कर्मचारियों को स्वयं, परिवार तथा अपने स्वजनों व परिजनों को भी स्वच्छता से जोड़ने की अपील की। इसके पूर्व स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण दिया गया, नृत्य, नुक्कड़ नाटक कविता इत्यादि प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता हेतु स्मृति चिन्ह भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में एनटीपीसी रिहंद परिसर के सभी दुकानदारों को डस्टि्बन वितरित किया गया एवं स्वच्छता बनाए रखने को कहा गया।

### पत्रकार के निधन पर शोक जताया

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के जाने माने पत्रकार एवं हिन्दी दैनिक पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजबहादुर सिंह के निधन की सूचना मिलने पर जिले के पत्रकारों में शोक की लहर फैल गई। पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष ललित सिंह, तारकेश्वर मिश्रा, दिलीप सिंह, अर्जुन सिंह भदौरिया, आशीष त्रिपाठी, संतोष श्रीवास्तव, अर्जुन शुक्ला, नीरज सिंह, पवन तिवारी, बद्रीपाल सिंह, अमरीश मिश्रा, के.के. मिश्रा, विजय यादव, दिनेश मिश्रा, राजेश सिंह, रजनीश सिंह, हंसराज सिंह, हरिप्रसाद यादव, रिंकू सिंह, बृजेश यादव आदि ने शोक व्यक्त करते हुएए श्रद्धांजलि दी है और पत्रकारिता जगत के लिए राजबहादुर सिंह के निधन होना एक बड़ी क्षति बताया। भारतीय रेडियो श्रोता संघ अध्यक्ष प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने शोक जताया है। राजबहादुर सिंह के असामयिक निधन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सिंह के निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक निर्भीक और ईमानदार पत्रकार खो दिया है। बीते तीन दिनों से राज बहादुर सिंह पीजीआई लखनऊ में भर्ती थे। जहां गुरुवार अपरान्ह उन्होंने अंतिम सांस ली।



राजबहादुर सिंह

### 45 ग्राम हिरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**तिलोई, अमेठी।** जनपद में चलाए जा रहे संदिग्ध वस्तु जांच, अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शिवरतनगंज पुलिस ने सेमरौता कठौरा मार्ग पर बसन्तपुर गांव के पास उपनिरीक्षक करुणा शंकर दुबे और कांस्टेबल ज्ञान सिंह ने एक संदिग्ध व्यक्ति के पास से 45 ग्राम हिरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है।थानाध्यक्ष शिवरतनगंज अमरेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### पोस्ता छिलका के साथ गिरफ्तार युवक को भेजा जेल

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने सेमरपहा गांव के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2200 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद किये जाने का दावा किया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेमरपहा गांव के पास स्थित गणेशन मंदिर के निकट से एक संदिग्ध को पकडकर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 2200 ग्राम पोस्ता छिलका बरामद हुआ। आरोपी की पहचान शिवम् सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी अम्बारा पश्चिम के रूप में हुई है। आरोपी पर पहले से ही लालगंज थाने में चार आपराधिक मुकदमें दर्ज है।

# कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही का आगमन आज

**संवाददाता।** सोनभद्र

**भाजपा** के जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने जानकारी देतें हुए बताया कि केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्यप्रताप शाही का एक दिवसीय दौरा 02 जून को प्रातः 9 बजे जनपद में हो रहा है। मंत्री जी प्रातः 09.00 बजे ग्राम हिनौता विकास खण्ड राबट्‌र्सगंज में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बृहद संस्तृप्तिकरण अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगें। उसके बाद केंद्र की मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा सर्किट हाउस रॉबट्‌र्सगंज में प्रातः 11 बजे आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे तथा भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन में भाग लेंगे।

# हाईटेंशन की चपेट में आने से हैंडपंप मिस्त्री की मौत, कोहराम

**सकलडीहा/चन्दौली।** कस्बा के नागेपुर गांव निवासी 37 वर्षीय सुदर्शन राजभर तेन्दुईपुर में गुरूवार की सुबह साढ़े दस बजे हैंडपंप की मरम्मत कर रहा था। हैंडपंप की मरम्मत के दौरान पाइप निकाला जा रहा था। अचानक हैंडपंप का पाइप छत के उपर समीप से गुजर रही हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से हैंडपंप मिस्त्री मौके पर अचेत होकर गिर गया। आनन फानन में मजदूरों ने मिस्त्री को लेकर सकलडीहा सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी। घटना को लेकर परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था।

नागेपुर गांव निवासी श्याम बिहारी राजभर का एक लौता पुत्र सुदर्शन राय हैंडपंप का मिस्त्री था। तेन्दुईपुर गांव के अमोद गुप्त के घर में हैंडपंप में समरसेबल लगाने के लिये पाइप निकाली जा रही थी। मजदूर नीचे से मिस्त्री को पाइप थमा रहे थे। छत के उपर पाइप पकड़ रहे मिस्त्री के हाथ से पाइप लटकने पर समीप से गुजरी हाईटेंशन तार की जद में आने पर हैंडपंप का मिस्त्री मौके पर अचेत होकर गिर गया। मजदूरों ने शोरगुल मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। आनन फानन में मिस्त्री को सकलडीहा सीएचसी ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के दहाड़ मारकर रोने से सबकी आंखे नम होगयी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी। उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने कहा कि घटना बेहद दर्दनाक है। तहसील प्रशासन की ओर से हर संभव मदद किया जायेगा। कृषक बीमा योजना के तहत नियमानुसार पांच लाख की सहायता दिलाया जायेगा।

# किसान हित में बना भूमि अधिग्रहण कानून का पालन

**● किसानो के जमीन की वैधानिक रक्षा हेतु कचहरी स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष किसानो लिया सपथ**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**गुरुवार** को शास्त्रीघाट वरूणापुल पर मोहनसराय ट्रान्सपोर्ट नगर योजना से प्रभावित किसानो के दमन ए बर्बर लाठीचार्ज एवं किसानो के घरो का दरवाजा तोड़कर बहन बेटियो के मान सम्मान के साथ हुये घृणित एवं अमानवीय कृत्य के दोषी अधिकारियो पुलिसकर्मियो पर कठोर वैधानिक कार्रवाई एवं न्यायिक जांच की मांग पर सरकार की निष्क्रियता एवं जेल मे बंद निरीह किसानो को प्रताड़ित करने एवं जमानत के बेलबाण्ड मे जमानत के लिये लगे दस्तावेज की जांच आख्या को रोककर किसानो के प्रताड़ना की पराकाष्ठा लाघने वाली सरकार के खिलाफ आज तपती धूप मे बैठकर शासन प्रशासन के खिलाफमोहनसराय ट्रान्सपोर्ट नगर क्षेत्र के प्रभावित किसानो के साथ कांग्रेसए सपा ए अपना दल कमेरावादी ए राष्ट्रीय समता दल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो के प्रतिनिधियो ने जमकर हल्ला बोला। संकल्प सभा के बाद किसान एवं विपक्ष के नेता पैदल मार्च करते हुये सरकार के दमनात्मक कार्यवाई के खिलाफनारेबाजी करते हुये अम्बेडकर पार्क गये और संविधान के निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा के सामने मोहनसराय किसान संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक एवं किसान नेता विनय शंकर राय ष्मुन्नाष् ने कृषक हित बने भूमिअधिग्रहण कानुन 1894 एवं भूमि अर्जन एवं पुनर्वास कानून 2013 का अक्षरशः पालन एवं उसकी रक्षा करने का शपथ किसानो को दिलायाए किसानो ने अपनी पुस्तैनी मातृभूमि एवं जीविकोपार्जन का एक मात्र साधन बहुफसली जमीन की रक्षा अंतिम सांस तक वैधानिक तरीके से करने का शपथ लिया।

कांग्रेस पार्टी के प्रान्तीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि किसानो के साथ हुये दमन के दोषियो पर जबतक अपराधिक मुकदमा दर्ज होकर कठोर वैधानिक कार्रवाई नही होगी तथा किसानो की जमीन भूमि अधि ग्रहण कानून के आधार पर निष्पक्षता से वापस नही होगी तबतक काँग्रेस किसानो की आवाज बनकर सड़क से सदन तक लडेगी, किसानो की जमीन वाराणसी के सांसद सत्ता का दुरूपयोग कर हडपकर अपने गुजराती मित्रो को मुफ्त मे देना चाहते है जिसको बनारस का अन्नदाता अब समझ गया है हमसब किसानो के न्याय मिलने तक संघर्ष करेगे। अपनादल कमेरावादी पार्टी के प्रदेश महासचिव गगन प्रकाश यादव ने कहा कि कमेरा समाज के वैधानिक अधिकारो का हनन एवं दरवाजा तोड़कर दमन की पराकाष्ठा लाघने से काशी शर्मशार हुई है, धरती के पालन हार किसान भारत की आत्मा है जिनके वैधानिक अधिकार के लिये हमलोग किसान नेता विनय शंकर राय के नेतृत्व मे दो दशको संघर्ष कर रहे है।

# कई त्योहारों को देखते हुए धारा 144 लागू

**गाजीपुर।** ईद.उल.जुहा (बकरीद) का त्यौहार 29 जून को तथा मुहर्रम का त्यौहार 29 जुलाई को पड़ रहा है। वर्तमान समय में प्रदेश व जनपद में विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना एवं प्रदर्शन हो रहे हैं। कभी.कभी शान्ति व कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है। आगामी महीनों में कई प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षाएं जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों द्वारा नकल करने का प्रयास किया जा सकता हैए जिसे रोकने के लिए हस्तक्षेप करने पर शान्ति व कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उपरोक्त परीक्षाएं एवं त्यौहारों को सकुशल एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने तथा शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा.144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू करना आवश्यक है। अतः मैंए अरूण कुमार सिंहए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) गाजीपुर दण्ड प्रकिया संहिता की धारा.144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये आगामी परीक्षा व त्यौहारों को शान्तिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने तथा जन.जीवन एवं निजी व लोक सम्पत्ति की हानि एवं दंगा, बलवा के निवारण के उद्देश्य से जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निम्नलिखित निषेधाज्ञा जारी करता हूँ.किसी सार्वजनिक स्थान पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे और न ही गैर कानूनी सभा करेंगे तथा न ही ऐसे स्थान पर प्रदर्शन व अनशन आदि का आयोजन करेंगे। किसी भी धार्मिक स्थल का प्रयोग धार्मिक उन्माद फैलाने, भाषण आदि के लिए नहीं किया जायेगाए कोई भी व्यक्ति गलत खबरें या अफवाहें, जिससे शान्ति भंग होने की आशंका हो सकती है, नहीं फैलायेगा और न किसी प्रकार ऐसी अफवाहों को किसी अन्य माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति के पास भेजेगा, परीक्षा केन्द्र परिसर के अन्दर सेलुलर फोन, पेजर या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक वस्तु ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगा, कोई भी व्यक्ति या लाइसेंस धारक अपना लाइसेंसी असलहा लेकर किसी भी परिस्थिति में विचरण बिना अनुमति के नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र धारदार हथियार, विस्फोटक पदार्थ, तेजाब या लाठी एवं बल्लम आदि और आक्रमण होने वाले अस्त्र लेकर नहीं चलेगा और न कोई ऐसा अस्त्रए किसी सार्वजनिक स्थान पर एकत्र करेगा और न प्रदर्शित करेगा। ऐसे वृद्ध अथवा अपंग जो बिना छड़ी व लाठी के नहीं चल सकते है तथा जो सरकारी कर्मचारी ड्यूटी आदि पर तैनात होंगेए वे इस प्रतिबन्ध से मुक्त होंगे, कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जुलूस या गिरोह बनाकर किसी सार्वजनिक वाहन या मार्ग पर सामान्य आवागमन में कोई अवरोध नहीं करेगा, न ऐसी चेष्टा ही करेगा और न ही समूह या जुलूस बनाकर सार्वजनिक मार्गों पर चलने वाले वाहनों या अन्य सरकारी जन सम्पत्तियों की कोई तोड़.फोड़ करेगा या न उन्हें अन्य प्रकार से हानि पहुंचायेगा, दो पहिया वाहनों पर एक साथ अधिकतम दो व्यक्ति ही चल सकेंगेए निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे और न ऐसा कार्यक्रम या प्रयास करेंगे।

# महंत स्वामी शंकर पुरी व पूर्व मंत्री डॉ. नीलकंठ ने महिलाओं को लैपटॉप व मशीन वितरण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**अन्नपूर्णा** मठ मंदिर द्वारा संचालित काशी अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र ट्रस्ट द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का 12 वं। सत्र पूरा होने पर गुरूवार को प्रशिक्षण लेने वाली 115 महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं सिलाई मशीन प्रदान किया गया। सिलाई मशीन और प्रमाण पत्र पाते ही महिलाओं का चेहरा खुशी से खिल उठा और कहा की माता रानी के आशीर्वाद से आज हम लोग भी समाज में ऊपर बढ़ सकेगे इसके लिए संस्था और महंत जी का सादर आभार प्रकट करते है। वही बीते वर्ष लॉक डाउन के समय में पास हुई युवतियों को भी 105 मशीन दी गईं।

चेतगंज स्थित आर्य महिला पीजी कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अन्नपूर्णा मंदिर के महंत/मुख्यन्यासी शंकरपुरी, मुख्य अतिथि शहर दक्षिणी के भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर



कार्यक्रम की शुरुवात की। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने अन्नक्षेत्र ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की पहल महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ स्वावलम्बी भी बना रही है। इस कार्य से महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। अन्नपूर्णा मठ के महंत शंकर पुरी ने कहा कि समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्रस्ट ऐसे सामाजिक कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सत्र पूर्ण होने पर इस वर्ष कंप्यूटर प्रशिक्षण डीसीए कोर्स में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रकबं में ऋषि कुमार यादव एवं टैली में छात्रा अदिति वर्मा को लेपटॉप दिया गया।

# समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं रेहड़ी पटरी के दुकानदारः भूपेश चौबे

**● स्वनिधि महोत्सव का हुआ आयोजन**

**सोनभद्र।** गुरुवार को स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह में सदर विधायक सदर भूपेश चौबे व एडीएम सहदेव कुमार मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलन व मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विधायक सदर भूपेश चौबे ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी, पटरी के दुकानदार अपनी व्यवसाय को बढ़ाकर समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें कोरोना काल में महामारी के दौरान इस योजना का शुभारंभ किया गया था, जब रेहड़ी पटरी के दुकानदारों को काफी आर्थिक संकट की समस्या थी, उस दौरान इस योजना के माध्यम से रेहड़ी, पटरी के दुकानदारों को व्यवसाय करने




हेतु 10 हजार रूपये का ऋण उपलब्ध कराया गया, जिसके माध्यम से रेहड़ी, पटरी के दुकानादारों ने अपना व्यवसाय कर समृद्धि की ओर अग्रसर हुए, केन्द्र सरकार द्वारा चलायी गयी यह योजना बहुत ही लाभार्थीपरक है, इस योजना के माध्यम से छोटे व्यवसाय करने वाले लोगों को विकास की ओर अग्रसर होने का सुगम और सहज माध्यम मिला है। एडीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोजी ने वर्ष 2020 कोरोना काल में स्वनिधि योजना का शुभारंभ किया था, जब प्रवासी श्रमिक रोजगार की तलाश में इधर–उधर भटक रहे थे, तब उन्होंने प्रवासी श्रमिकों को उनके घर पर ही रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस योजना का शुभारंभ किया था, इस योजना के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों ने अपना व्यवसाय शुरू कर रोजगार के साधन को प्राप्त किया।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 2 जून, 2023



# राहुल गांधी
## बड़बोली आदत

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने बड़बोली आदत दिखाते हुए विदेशी धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मजाक उड़ाने का काम फिर किया है। अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को में प्रवासी भारतीयों की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने मोदी का यह कह कर मजाक उड़ाया कि वे अपने को 'सर्वज्ञानी' की तरह पेश करते हैं। वास्तव में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च नेताओं का मजाक उड़ाते हुए कहा कि उनको अपने ज्ञान के बारे में भ्रम है। उन्होंने कहा, 'भारत में कुछ लोग सोचते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं। यदि उनका ईश्वर से संवाद हो जाए तो वे उनको भी समझा देंगे।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि 'प्रधानमंत्री उनमें से एक हैं।' भाजपा नेताओं की निन्दा करते हुए राहुल ने आगे कहा, 'वे वैज्ञानिकों से बात कर उनको विज्ञान समझा सकते हैं। वे इतिहासकारों को इतिहास, सेना को युद्धकला तथा वायुसेना को उड़ानों के बारे में समझा सकते हैं। लेकिन असलियत है कि वे कुछ नहीं जानते हैं।' हालांकि, व्यंग्यात्मक आलोचना प्रभावी हो सकती है, पर राहुल गांधी इससे बहुत आगे निकल गए हैं। उन्होंने दावा किया कि 'राजनीति करने के सामान्य तरीके अब कारगर नहीं रह गए हैं।' उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह लोगों को डरा रही है और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों को लगा रही है। लेकिन भारत में कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा विपक्ष को उत्पीड़ित करने के आरोप पहले भी लगते रहे हैं और वर्तमान अवस्थापना इसका अपवाद नहीं है। लेकिन क्या विदेशों में हमें अपने देश की कमियां गिनाना



जरूरी है? भारत में भले ही प्रशासन व अनेक अन्य आयामों में अनेक कमियां हों, पर किसी वरिष्ठ विपक्षी नेता द्वारा अमेरिका में इनके प्रचार को किसी प्रकार सही नहीं ठहराया जा सकता है। राहुल को भले ही इससे थोड़ा राजनीतिक लाभ मिल जाए, पर इससे दुनिया में भारत की छवि निश्चित रूप से खराब होगी। इस दृष्टिकोण से राहुल की टिप्पणियों पर भाजपा की तीखी प्रतिक्रिया बिल्कुल ठीक है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'अपनी विदेश यात्राओं के दौरान राहुल गांधी भारत का अपमान करते हैं जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वे प्रधानमंत्री मोदी का अपमान करना चाहते हैं, पर अंततः भारत की प्रगति पर सवाल उठा कर भारत का अपमान करते हैं। वे भारत की छवि ऐसे समय खराब करना चाहते हैं जब दुनिया हमारे बढ़ते हुए कद को स्वीकार कर रही है।' हालांकि, पहले भी विदेशों में कुछ नेता देश की विकास नीतियों की आलोचना करते रहे हैं, पर कोई राहुल गांधी के स्तर तक नीचे नहीं गिरा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के ही पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने तत्कालीन नेता विरोधी दल अटल बिहारी वाजपेयी को संयुक्त राष्ट्रसंघ में भारत का पक्ष रखने के लिए भेजा था और इसकी सारी दुनिया में प्रशंसा हुई थी। कुछ घटनाओं को सामान्य प्रवृत्ति की तरह पेश करने की राहुल की अतिरंजना को किसी प्रकार उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि आज भारत उस ब्रिटेन को पीछे छोड़ कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जिसने हमारे देश पर लगभग 200 साल शासन किया था। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि देश की अधिकांश जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के प्रति चुनावों के माध्यम से अपना विश्वास व्यक्त किया है और उनकी लोकप्रियता दुनिया के अधिकांश राष्ट्राध्यक्षों व शासनाध्यक्षों से अधिक है। आज सारी दुनिया में भारत तथा विभिन्न देशों में कार्यरत प्रवासी भारतीयों का सम्मान पहले की तुलना में कई गुना बढ़ा है। ऐसे में राहुल गांधी विदेशों में अपनी बेतुकी व बड़बोली टिप्पणियों से देश के बजाय कांग्रेस की ही छवि खराब कर रहे हैं।

# दो हजार रुपये के नोट की वापसी

दो हजार रुपये के नोट की वापसी से काला धन जमा करने वालों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वे अपनी पहचान छिपा कर इसे बदलने का प्रयास करेंगे।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)




भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये का नोट प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की। हालांकि, उसने यह भी कहा कि वे लीगल टेंडर बने रहेंगे। इस संबंध में जारी अधिघोषणा में कहा गया था, 'आरबीआई की क्लीन नोट नीति के अनुसार 2000 रुपये के नोट को प्रचलन से वापस लेने का निर्णय किया गया है। लेकिन 2000 रुपये के नोट लीगल टेंडर बने रहेंगे।'

उपरोक्त से प्रथमदृष्टया लगता है कि यह 6 साल पहले की गई नोटबंदी की तरह नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 दिसंबर, 2016 को घोषणा की थी कि 500 व 1000 रुपये के करेंसी नोट तत्काल प्रभाव से लीगल टेंडर नहीं रहेंगे। इस प्रकार वर्तमान आदेश नोटबंदी नहीं है। आरबीआई ने इसे केवल अपनी 'क्लीन नोट पालिसी' के अंतर्गत उठाया कदम बताया है। केन्द्रीय बैंक का तर्क है कि 2000 रुपये जैसे उच्च मूल्य के नोट सामान्य रूप से नकदी लेनदेन में प्रयोग नहीं होते हैं। लेकिन इसे 2016 में नोटबंदी के कारण लाया गया था क्योंकि बहुत कम समय में 500-1000 रुपये के नोटों का विकल्प देना था ताकि आर्थिक व्यवधान न्यूनतम किया जा सके। 2000 रुपये के प्रचलन वाले लगभग 90 प्रतिशत नोटों का कुल मूल्य 31 मार्च, 2018 को अपने शिखर समय में 673,000 करोड़ था जिनको 8 नवंबर, 2016 से 31 मार्च, 2017 के बीच जारी किया गया था। इस कदम के पीछे इरादा उनको वापस लेना था क्योंकि आरबीआई अर्थव्यवस्था की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए कम मूल्य वाले, जैसे 500 रुपये के नोट काफी संख्या में जारी कर चुका था।

वैसे भी 2000 रुपये के नोटों का प्रचलन 31 मार्च, 2018 को कुल प्रचलन का 37.3 प्रतिशत था जो 31 मार्च, 2023 को घट कर केवल 10.8 प्रतिशत या 362,000 करोड़ रह गया था। इसके प्रयोग का समय अनुमानतः 4-5 साल था तथा जनता की करेंसी आवश्यकता पूर्ति के लिए 500 रुपये के काफी नोट होने के कारण 2000 रुपये के नोटों की पूर्ण वापसी का निर्णय तार्किक लगता है। आरबीआई के सर्कुलर के अनुसार 23 मई, 2023 के बाद जनता 2000 रुपये के नोट अपने बैंक खातों में जमा कर सकती है या उनको अन्य मूल्य के नोटों से बदल सकती है। एक बार में 20,000 रुपये के मूल्य के दस नोट बैंकों में 30 सितंबर, 2023 तक जमा किए जा सकते हैं।

इन नोटों की बदली की सुविधा आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों-आरओ में दी गई है। इस प्रकार 2000 रुपये के नोट रखने वालों को उनसे मुक्ति पाने के लिए 131 दिन का समय दिया गया है जो 2016 में 500-1000 नोट रखने वालों को मिले 52 दिनों की तुलना में ढाई गुना अधिक है। दूसरा, 31 मार्च, 2023 को मूल्य के अनुसार 2000 रुपये के नोटों का हिस्सा प्रचलन में केवल 10.8 प्रतिशत था, जबकि 2016 में 500-1000 रुपये के नोटों का हिस्सा 86 प्रतिशत था। इस प्रकार इस बार व्यवस्था पर बोझ बहुत कम है। क्या यह एक रूटीन कदम है?

मूलभूत स्तर पर 2000 रुपये के नोटों की 'वापसी' की प्रक्रिया आरबीआई की आशा के अनुसार 30 सितंबर, 2023 को पूरी हो जाएगी। लेकिन इसके बावजूद उसने जोर दिया है कि ये 30 सितंबर के बाद भी लीगल टेंडर बने रहेंगे। उस परिदृश्य की कल्पना करें जब इस अंतिम सीमा तक बैंकों में सभी 2000 रुपये के नोट वापस आ जाएंगे, फिर ऐसे में इनके लीगल टेंडर बने रहने की बात निरर्थक है। इसे दूसरे दृष्टिकोण से भी देखा जाना चाहिए।

यदि इरादा 30 सितंबर, 2023 के बाद भी 2000 रुपये के नोटों का विधिक दर्जा बनाए रखने का है तो इसका अर्थ यह होगा कि उनको भुगतान करने में प्रयोग किया जा सकेगा। फिर ऐसे में इन नोटों के जमाखोर इनको बैंक खातों में जमा करने या बदलवाने के लिए सामने क्यों आएंगे। आरबीआई के इस कदम के पीछे असली इरादे को समझने के लिए हमें देखना होगा कि 31 मार्च, 2023 को 362,000 करोड़ मूल्य के 2000 रुपये वाले नोटों का क्या किया जाएगा।

क्या इनका उद्देश्य लोगों की वैध आर्थिक गतिविधियों में सहायता करना था या इनसे लोगों को अपनी अघोषित आय छिपाने का अवसर मिला था? पहले मामले में, आरबीआई ने 31 मार्च, 2017 के बाद मुख्यतः 500 रुपये के नोट जारी किए थे, ऐसे में 2000 रुपये के नोटों को अब तक गायब हो जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि इन नोटों का अधिकांश काले धन के रूप में रखा गया। प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा रोज मारे गए छापों में भारी संख्या में नोट संदिग्ध नौकरशाहों, राजनेताओं, बिजनेसमैनों, आदि से बरामद हुए हैं। दुर्भाग्य से आरबीआई सर्कुलर तथा बाद में गवर्नर तथा भारतीय स्टेट बैंक-एसबीआई जैसे सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी द्वारा दिए स्पष्टीकरणों से इस विभीषिका से निपटने में सहायता नहीं मिलती है।

आरबीआई ने किसी व्यक्ति को एक बार में 2000 के 10 नोट या 20,000 रुपये के नोट बैंक से बदलने की अनुमति दी है। हालांकि, नोटों की अदलाबदली में अपनी पहचान का साझा करने की जरूरत नहीं है। इसका अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति दिन के किसी भी समय बैंक में जाकर उनको बदल सकता है। इस प्रकार उदाहरणार्थ दिन में 10 बार बैंक जाकर वह एक दिन में अपने 2 लाख रुपये के काले धन से मुक्ति पा सकता है। यदि यही प्रक्रिया 131 दिन तक दुहराई जाए तो वह 262 लाख रुपये के काले धन से मुक्ति पा सकता है। नोट बदली के समय पहचान प्रकट करने पर जोर न देने वाली ऐसी व्यवस्था से उदाहरणार्थ 2000 रुपये के नोटों में 100 करोड़ 'बिना हिसाब वाली नकदी' रखने वाला व्यक्ति इसके बदले 500-1000 रुपये के नोट प्राप्त कर सकता है। इसके लिए चार महीनों तक उसे किसी भी बैंक की शाखा में बार-बार जाना होगा। पहचान सुरक्षित रहने की स्थिति में वह ज्यादा सरल प्रक्रिया भी अपना सकता है।

वह इस बारे में किसी बैंक प्रबंधक से संपर्क कर 100 करोड़ रुपये बदलने के लिए षडयंत्र कर सकता है। ऐसे में बैंक मैनेजर को केवल अपने रिकार्ड में 20,000 रुपये मूल्य की अनेक इंट्रियां दिखानी भर होंगी। भारतीय रिजर्व बैंक के सर्कुलर में किसी व्यक्ति को अपने बैंक खाते में 2000 रुपये के नोट जमा करने की अनुमति दी गई है और इसकी कोई सीमा भी नहीं निर्धारित की गई है। हालांकि, एक निश्चित सीमा से अधिक धनराशि जमा करने की स्थिति में बैंक को यह सूचना आयकर विभाग को देनी होगी। बचत खाते में 2000 रुपये के नोट जमा करने के मामले में यह सीमा 10 लाख रुपये है। लेकिन कालाधन एकत्र करने वाले जमाखोर यह रास्ता नहीं पसंद करेंगे क्योंकि नोट बदलने का दूसरा सरल रास्ता खुला होगा। इस रास्ते के माध्यम से कालेधन के जमाखोर अपनी पहचान छिपा कर आराम से 2000 रुपये के नोट बदल सकेंगे।

कुल मिला कर कहा जाए तो भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई द्वारा 2000 रुपये की नोट वापसी की यह प्रक्रिया काले धन से मुकाबला करने के बजाय उल्टे काले धन के जमाखोरों को परोक्ष रूप से सुरक्षित क्षेत्र ही प्रदान कर देगी। ऐसे भ्रष्ट कालेधन के जमाखोर बिना अपनी पहचान प्रकट किए अवैध आमदनी वाले 2000 रुपयों के नोटों को 500 रुपये के नोटों में बदल लेंगे। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई तथा भारत सरकार को अपना रास्ता सुधारना चाहिए। पहला, उसे स्पष्ट रूप से घोषणा करनी चाहिए कि 1 अक्टूबर, 2023 के बाद से 2000 रुपये के नोट लीगल टेंडर नहीं रह जाएंगे। दूसरा, 2000 रुपये के हर लेनदेन के लिए बैंक को संबंधित व्यक्ति की पहचान उजागर करने पर जोर देना चाहिए, फिर चाहे यह पैन के माध्यम से हो या आधार के माध्यम से। तीसरा, 2000 रुपये के नोट खाते में जमा करने के मामलों में बैंकों को कठोरता से केवाईसी मानकों का पालन करना चाहिए।

# मैला ढोना एक अभिशाप

> "इस खतरे को समाप्त करने के लिए सरकार को रोजगार के वैकल्पिक अवसर प्रदान करने चाहिए और मशीनीकृत सफाई तकनीकों को प्रोत्साहित करना चाहिए।"



बिश्वजीत बनर्जी
(लेखक, दि पायनियर लखनऊ के पॉलिटिकल एडिटर हैं)

मौत भेदभाव नहीं करती है, लेकिन व्यवस्था करती है, बहोरा रामनगर गांव में सामने आई एक भयानक घटना में अपने चचेरे भाई, नंद कुशवाहा और उनके बेटे नितेश को खोने वाली एक दुखी रिश्तेदार रुक्मणी देवी ने कहा। मैला ढोने की पुरातन और अमानवीय प्रथा के शिकार सभी लोगों ने चार लोगों की जान जाने का शोक मनाया है। रविवार की एक उदास सुबह, उस समय त्रासदी हुई जब ये बहादुर आत्माएं एक सेप्टिक टैंक में उतर गईं, इस बात से अनजान कि उनके सामने क्या घातक परिणाम होंगे।

यह घटना उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुई, एक ऐसा क्षेत्र जो मैला ढोने के लगातार खतरे से ग्रस्त है। इस अपमानजनक प्रथा को मिटाने के लिए कई वादों और विधायी उपायों के बावजूद, यह निर्दोष जीवन और परिवारों को तोड़ते हुए फलता-फूलता रहा है।

मैला ढोने की प्रथा, जिसमें सेप्टिक टैंक, नालियों और सूखे शौचालयों की मैन्युअल सफाई शामिल है, भारत में 1993 से मैनुअल मैला ढोने वालों के रोजगार और शुष्क शौचालयों के निर्माण (निषेध) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। हालांकि, कानून काफी हद तक अप्रभावी बना हुआ है, गरीबी, सामाजिक भेदभाव और वैकल्पिक आजीविका विकल्पों की कमी के कारण हजारों लोग अभी भी इस खतरनाक व्यवसाय में मजबूर हैं।

संयोग से, सरकार, जिसने हाथ से मैला ढोने पर रोक लगाने और इसमें शामिल लोगों के पुनर्वास के लिए कई उपाय पेश किए हैं, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (ह।।ऋष्ट) द्वारा हाथ से मैला ढोने वालों की परिभाषा का विस्तार करने की सिफारिश के बावजूद, सेप्टिक सफाई को हाथ से मैला ढोने का काम नहीं मानती है। यह घटना मैला ढोने वालों के सामने आने वाली खतरनाक स्थितियों की याद दिलाती है। नंद ही हमारा एकमात्र कमाने वाला था, रुक्मणी देवी ने रोते हुए कहा, उनकी आवाज दुख से भारी थी। हमने नितेश के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद की थी, लेकिन अब वह भी चला गया है। किसी को हमारी जान की परवाह क्यों नहीं है?

कुशवाहा परिवार पर जो त्रासदी आई है, वह कोई अकेली घटना नहीं है। सफाई कर्मचारियों के अधिकारों के लिए लड़ने वाली संस्था, सफाई कर्मचारी आंदोलन की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में ही मैला ढोने से संबंधित 1,800 से अधिक मौतें हुई हैं। अगस्त 2022 में लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, चार वर्षों में, 2017-2021 के बीच, भारत में सीवर और सेप्टिक टैंकों की खतरनाक सफाई के कारण 330 लोगों की जान चली गई।

सफाई कर्मचारी आंदोलन के एक पदाधिकारी दिनेश कनौजिया ने कहा, प्रत्येक मौत एक छोटे से जीवन का प्रतिनिधित्व करती है, सपने अधूरे रह जाते हैं, और परिवार तबाह हो जाते हैं।

हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोजगार पर रोक और 2013 के पुनर्वास अधिनियम के बावजूद, जिसने हाथ से मैला ढोने वालों के रोजगार को गैरकानूनी घोषित कर दिया था और जिसका उद्देश्य पुनर्वास उपाय प्रदान करना था, कार्यान्वयन दयनीय रूप से अपर्याप्त रहा है। राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी, अपर्याप्त प्रवर्तन और सामाजिक उदासीनता ने इस गंभीर अन्याय को कायम रखा है। हाथ से मैला ढोने के खतरे श्वासावरोध और डूबने के जोखिम से कहीं अधिक हैं। श्रमिकों को अक्सर जहरीली गैसों, रोग पैदा करने वाले रोगजनकों और गंदी स्थितियों के संपर्क में लाया जाता है जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। सामाजिक सुरक्षा जाल और पर्याप्त कल्याणकारी उपायों की अनुपस्थिति उनके आर्थिक संघर्षों को और गहरा कर देती है, जिससे उनके पास सीमित विकल्प रह जाते हैं।

एक दलित कार्यकर्ता, रघुवंशी ने कहा, भारत में मैला ढोने की प्रथा मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, क्योंकि यह व्यक्तियों को अमानवीय स्थितियों, स्वास्थ्य खतरों और सामाजिक बहिष्कार के अधीन करती है। बहोरा रामनगर गांव में हुई त्रासदी को बड़े पैमाने पर अधिकारियों और समाज के लिए एक वेक-अप कॉल के रूप में काम करना चाहिए। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए न्याय सुनिश्चित करने और इस क्रूर प्रथा को समाप्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। वस्तुतः यह समस्या समाज के लिए किसी अभिषाप से कम नहीं है। मौजूदा कानूनों के कार्यान्वयन को मजबूत करना, रोजगार के वैकल्पिक अवसर प्रदान करना, मशीनीकृत सफाई तकनीकों में निवेश करना और जन जागरूकता बढ़ाना मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सतत परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सरकारी निकायों, नागरिक समाज संगठनों और प्रभावित समुदायों के बीच सहयोग आवश्यक है। एक सामाजिक कार्यकर्ता स्मिता यादव ने घोषित किया, सेप्टिक टैंक की गहराई में और अधिक जान नहीं गंवानी चाहिए। यह समय इस शोषणकारी प्रथा की जंजीरों को तोड़ने और एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम करने का है जहां गरिमा और समानता कायम रहे।

उसने कहा, चूंकि कुशवाहा परिवार और पूरा समुदाय नंद और नितेश के खोने का शोक मना रहा है, इसलिए उनकी मौत को नहीं भूलना चाहिए। उनकी त्रासदी से हाथ से मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने और एक ऐसे समाज का निर्माण करने के लिए एक सामूहिक संकल्प को प्रज्वलित करना चाहिए जहां हर जीवन का मूल्य और सम्मान हो। आइए हम न्याय की अपनी मांग और मानवीय पीड़ा के इस काले अध्याय से मुक्त भविष्य के निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट हों।

## आप की बात

### अंध मोदी-विरोध

**राहुल गांधी** कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन उन्हें इसकी परवाह तो करनी ही चाहिए कि उनके कथन का क्या और कैसा असर होगा? वे बार-बार कहते हैं कि मुसलमान समेत अन्य अल्पसंख्यक डरे हुए हैं और उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। यह उन देशी-विदेशी ताकतों के मन की मुराद पूरी करने वाला है जो दुष्प्रचार करने में लगे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक व खासतौर से मुसलमानों की मुसीबत बढ़ गई है। ऐसा दुष्प्रचार करने वालों में पाकिस्तान भी है। उनका सैन फ्रांसिस्को में दिया बयान प्रमाण है कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में काल्पनिक भय का भूत खड़ा कर उनके वोट हासिल करने की पुरानी नीति पर लौट आई है। राहुल के नए व्यापार- नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान, में सामान पुराना ही है। राजीव गांधी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में दिल्ली व कुछ अन्य शहरों में सिख नरसंहार तथा हाशिमपुरा, मलियाना, भागलपुर आदि में हुए मुस्लिम नरसंहार को कौन भूल सकता है? राहुल ने कहा कि आज मुसलमानों की वही स्थिति है जो एक समय दलितों की यूपी में होती थी। वे भूल गए कि उस समय केंद्र व यूपी दोनों में कांग्रेस का ही शासन था। इस अंध मोदी-विरोध का नतीजा क्या होगा?

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

### न्यायिक सुधार

**यह** हमारे देश की विडंबना ही है कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश में 25 प्रतिशत लोग भी अंग्रेजी के अच्छे जानकार नहीं है। इसके बावजूद हमारी सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ अंग्रेजी भाषा में ही सुनवाई होती है। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर अब वक्त आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट की भाषा हिंदी बनाई जाए। जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, आदि के लिए हिंदी की पुस्तक तैयार करके हिंदी में पढ़ाई करवाई जाती है वैसे ही कानून की पढ़ाई भी अभी हिंदी में करवाई जाए और निचली कोर्ट में भी वादियों की भाषा में ही बहस हो ताकि आम जनता उसे अच्छे तरह समझ सके। साथ ही कानून में मौजूद पुराने व अनुपयोगी प्रावधानों को हटा दिया जाना चाहिए। मामूली चूक के लिए सख्त सजाओं के प्रावधान खत्म किए जाने चाहिए क्योंकि इनकी वजह से रिश्वतखोरी बढ़ रही है। अच्छे वकीलों की फीस लगातार बढ़ती जा रही है, न्यायालय फीस बढ़ती जा रही है और फैसला आने का समय भी बढ़ता जा रहा है। इस कारण अब लोग अन्याय सहकर भी न्यायालय की चौखट पर जाने से घबराते हैं। संपूर्ण न्याय व्यवस्था में आमूल परिवर्तन की जरूरत है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### महिला उत्पीड़न

**सभी** समाजों में औरतों के साथए हर क्षेत्र में भेदभाव हो रहा है फिर वो चाहे घर हो, कार्यस्थल हो, सड़क हो या खेल का मैदान। दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबाल में भी महिला खिलाड़ियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। पहले से ही उन्हें खेल का मेहनताना पुरुषों की तुलना में आधे से भी कम दिया जाता है। अगस्त महीने में ग्रीष्मकालीन महिला फुटबॉल विश्वकप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड में संयुक्त रूप से हो रहा है। लेकिन इस खेल को टेलीकास्ट करने वाली यूरोप की कई कंपनियां उतना पैसा देने को राजी नहीं हो रहीं हैं जितना कि पुरुष चैंपियनशिप के दौरान दिया जाता है। इसलिए फीफा ने भी ठान लिया है कि इस बार इन खेलों का प्रसारण अधिकार वो किसी को नहीं देगा। शायद यूरोप के दर्शक इस साल इन खेलों का आनंद अपने टेलीवीजनों से नहीं ले सकेंगे। फीफा ने आरोप लगाया है कि प्रसारण कंपनियां 10 से सौ फीसदी कम फीस देने पर अड़ी हुई हैं जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। महिलाओं को अपने अधिकार के लिए फीफा के साथ हो जाना चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### मुफ्त की रेवड़ियां

**2024** का चुनाव जीतने की तैयारी में मगन आप व कांग्रेस दोनों में ही मुफ्त रेवड़ी बांटने की होड़ सी लगी हुई है। बिजली, पानी व अन्य मुफ्त सेवायें देने की घोषणा आप तो करती ही रहती है। अब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी घोषाण कर दी है कि कितना भी बिजली का बिल आये 100 यूनिट फ्री बिजली दी जायेगी। ऐसा कर जनता के धन की बर्बादी और लोगों को आलसी बनाने के प्रयास करने में नहीं चूक रहे हैं। एक ओर मेहनत करने वाले नौकरी-पेशा लोग व उद्योगपति टैक्स देकर देश की तरक्की में सहयोग दे रहे हैं तो दूसरी ओर राजनेता लोगों को मुफ्त की रेवड़ी अपने राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए बाँट रहे हैं जो कि देश के विकास में आगे चलकर बाधक बन सकती है। जनहित व राष्ट्रहित में राजनीतिक पार्टियां इस बढ़ते प्रचलन को बंद करे और देश व देशवासियों के चहुंमुखी विकास में सहयोग दें। सर्वोच्च न्यायालय तथा निर्वाचन आयोग को तत्काल हस्तक्षेप कर आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों के पहले कठोर निर्णय लेना चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# 29 जून से पांच माह के लिए बंद हो जाएंगे सभी मांगलिक कार्य

- तीन जुलाई से शुरू हो जाएगा चातुर्मास
- एक माह भगवान लक्ष्मी नारायण चले जाएंगे देव शयन में

**संवाददाता।** प्रयागराज

**सनातन** धर्म के सभी मांगलिक कार्य 29 जून से पांच माह के लिए रुक जाएंगे क्योंकि 29 जून से जहां चातुर्मास शुरू होने जा रहा है। वहीं भगवान लक्ष्मी नारायण देव शयन में एक अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक चले जाएंगे इससे सनातन धर्म के सभी मांगलिक रुक जाएंगे। सभी शुभ कार्य एक नवंबर से फिर शुरू होंगे। इस दौरान सभी संत महात्मा शिष्यों सहित अपने आश्रमों में रहकर जप तप भजन और भंडारा करेंगे। अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वनाथ धाम दंडी आश्रम वृंदावन के पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज ने बताया कि 29 जून से 3 माह के लिए चातुर्मास चलेगा। उसके बाद एक माह अर्थात 30 अक्टूबर तक भगवान लक्ष्मी नारायण देवशयन में चले जाएंगे। इससे सभी सनातन धर्म के सभी कार्य स्थगित हो जाएगा। उन्होंने बताया कि चातुर्मास एवं भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण के देव शयन में जाने के बाद सभी संत महात्मा अपने आश्रमों में रह कर चातुर्मास करते हुए जप तप भजन और भंडारा करते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार चातुर्मास से लेकर देव शयन के दौरान दो सावन पड़ रहा है। इससे एक माह और चातुर्मास बढ़ रहा है। पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज ने बताया कि चातुर्मास एवं देव शयन के दौरान कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होता है बल्कि संत महात्मा अपने आश्रमों में शिष्यों सहित एक स्थान पर रहते हैं। अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज ने बताया कि इस बार वह राजस्थान के अनगढ़ बाब जी भदसौढ चित्तौड़ राजस्थान में स्वामी अवधेश चैतन्य जी महाराज के सानिध्य में देश के कोने कोने के करीब पांच सौ संत महात्माओं के साथ चातुर्मास करेंगे। इस दौरान सभी संत महात्माओं के रहने के लिए अलग अलग कुटिया बनेगी। वहां पर श्रीमद्भगवद्ध कथा भजन और विशाल भण्डारा माहभर चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि चातुर्मास के लिए सभी संत महात्माओं और शिष्यों का मेरे नेतृत्व में नगर प्रवेश एक जुलाई को होगा। यह सभी संत महात्मा चातुर्मास के दौरान अनगढ में रहेंगे।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से



**प्रयागराज।** श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान महायज्ञ शुक्रवार दो जून से शुरू होकर 9 जून तक शिव हनुमान मंदिर गौरीशंकर धर्मशाला छिपाहबाड़ा रेवाड़ी में शुरू होगी। भागवत स्थल से शुक्रवार को सुबह आठ बजे से विशाल कलश यात्रा शुरू होगी। इसमें बडी संख्या में क्षेत्रीय लोग कलश के साथ शामिल होंगे। कथावाचक श्री विश्वनाथ धाम पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 दंडी स्वामी ब्रह्माश्रम जी महाराज वृंदावन है। भागवद कथा शाम चार बजे से सात बजे तक होगी। कथा की पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन 9 जून को पूर्वाहन 11 बजे से किया गया है।

## आपराधिक अदालतों को अपने फैसले पर पुनर्विचार की शक्ति नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि आपराधिक अदालतें अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं कर सकती। उन्हें ऐसा करने का कानूनी अधिकार नहीं है। वह केवल लिपिकीय या टंकड़ त्रुटि को ही ठीक कर सकती हैं। इसके अलावा उसमें बदलाव या समीक्षा नहीं कर सकती हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने मेरठ के गोविंद उर्फ अरविंद व तीन अन्य की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि एक बार फैसला सुनाने के बाद उसी मामले में फिर से गुणदोष के आधार पर विचार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ऐसा करती है तो यह पहले के आदेश में बदलाव या समीक्षा होगी। जो सीआरपीसी की धार 362 द्वारा पूरी तरह प्रतिबंधित है। हाईकोर्ट ने मोतीलाल बनाम मध्य प्रदेश राज्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का उल्लेख भी किया। इस आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने लिपिकीय या टंकड़ त्रुटि को ठीक करने के अलावा उस पर नए सिरे से विचार करने से मना कर दिया था।

# बच्चों के स्वास्थ्य और विकास के लिए खेल जरूरी : बादल चटर्जी

- जगत तारन गोल्डेन जुबिली में समर कैम्प का हुआ समापन

**संवाददाता।** प्रयागराज

**विद्यार्थियों** की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें निखारने और उन्हें प्रदर्शन योग्य बनाने के उद्देश्य से जगत तारन गोल्डेन जुबिली स्कूल में 21 मई से चल रहे दस दिवसीय समर कैंप उमंग का समापन गुरुवार को हुआ। प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ रविनंदन सिंह ने कहा कि बच्चों की बचपन में ही प्रतिभा को पहचान कर अभिभावकों व शिक्षकों को एक दूसरे के सहयोग से उन्हें आकार देना चाहिए। जिससे कि वह भविष्य में एक वटवृक्ष के रूप में आकार ले सकें।

इस अवसर पर रविंद्रालय प्रेक्षागृह में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कैंप में कक्षा एक से 12 तक के लगभग 350 विद्यार्थियों ने कुछ नया सीखने की ललक लेकर इसमें भाग लिया। इस मौके पर कई प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोहा। कैंप में योगा बास्केटबॉल मार्शल आर्ट्स आर्ट एण्ड क्राफ्ट मेंहदी सिलाई कढ़ाई फायरलेस कुकिंग एनिमेशन नाटक नुक्कड़ नाटक गायन ऑर्केस्ट्रा भरतनाट्यम डांडिया गरबा आदि नृत्य शैलियों की शिक्षा दी गयी। जगत तारन एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा व प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने शिक्षकों को बधाई दी। कहा कि बच्चों में सेवा भाव विकसित करने के लिए उन्हें सामाजिक संस्थानों एनजीओ में ले जाएं जिससे कि वह उज्ज्वल देश के निर्माण में अपना सहयोग दे सकें। पूर्व कमिश्नर प्रयागराज बादल चटर्जी ने नियमित रूप से खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की शिक्षा देने का सुझाव दिया। जिससे कि वह शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें तथा उनका मन व मस्तिष्क भी सक्रिय रहे।

प्रधानाचार्य सुष्मिता कानूनगो ने बच्चों को उनके शिक्षकों को उनकी सुंदर प्रस्तुतियों की बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने 10 दिनों में जो सीखा उसका आगे भी वह बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि समर कैंप में बच्चों की उनकी रुचि व प्रतिभा के अनुसार खेल और अन्य कलाओं में प्रशिक्षण दिया गया। जिससे बच्चों की अपनी प्रतिभा को शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में निखार कर उन्हें उचित मंच मिल सके तथा पढ़ाई के साथ.साथ अपनी रुचि अनुसार अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर खाली पड़े पदों को तत्काल भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए : जिलाधिकारी

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**मुख्यमंत्री** उत्तर प्रदेश सरकार के मंशा अनुसार जनपद में समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर खाली पड़े पदों को तत्काल भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी बीबध्चीबधीअब पर नियंत्रण भ्रमण कर वहां की मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी बैठने की व्यवस्था आदिद्ध के संचालन की स्थिति एवं इन केंद्रों पर होने वाले समस्त वैक्सीनेशन की प्रक्रिया को सुदृढ़ कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहां की यह भी सुनिश्चित की जाए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त दवा की उपलब्धता हो जिससे मरीजों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना होने पाए। जिलाधिकारी ने समस्त हेल्थ वैलनेस सेंटर पर बीव की नियुक्ति के साथ वैलनेस सेंटर के संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर बिजली कनेक्शन की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से दुरुस्त कराई जाएए जीन स्वास्थ्य केंद्रों पर बिजली कनेक्शन की व्यवस्था नहीं है वहां तत्काल प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए बिजली सुचारू रूप से संचालित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सुविधा दुरुस्त करने के लिए सक्षम अधिकारी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

## संभव बनाने में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

**प्रयागराज।** विभिन्न प्रकार के आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है। फैशन ब्यूटी एवं लाईफ स्टाईल के लिए भारत के अग्रणी डेस्टिनेशन मिंत्रा ने सोमवार को बताया कि यह अपने ऐप पर नॉन मेट्रो शहरों से पंद्रह मिलियन नए यूज़र्स का स्वागत करने वाला है क्योंकि देश में लाखों ग्राहकों के लिए मिंत्रा की अर्द्धवार्षिक एंड ऑफ रीज़न सेल ईओआरएस एक जून से शुरू होने वाली है। जिसमें छह से ज्यादा अग्रणी घरेलू अंतर्राष्ट्रीय और डी टू सी ब्रांड्स के बीस लाख से ज्यादा फैशन ब्यूटी और लाईफस्टाईल उत्पाद उपलब्ध होंगे।

## सामाजिक कार्यकर्ता परवेज परवाज की सजा निलंबित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गोरखपुर के कथित सामाजिक कार्यकर्ता परवेज परवाज को सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मिली कैद और जुर्माने की सजा निलंबित करते हुए जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है और अपील को अंतिम सुनवाई के लिए 28 जुलाई को पेश करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा तथा न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने परवेज परवाज की अर्जी पर दिया है। याची का कहना था कि उसे झूठा फंसाया गया है। उसके खिलाफ ठोस सबूत नहीं है। दो विवेचना अधिकारियों के साइट प्लान में अंतर है। एफ आई आर पीड़िता के बयान पर उसके भाई ने नहीं लिखाया है।

विवेचकों द्वारा पीड़िता की उम्र दर्ज करने में गलती की गई है। मेडिकल जांच में पीड़िता को चोटें नहीं है। थाना राजघाट क्षेत्र में जून माह में 10.30 बजे शाम की घटना बताई गई है और याची 68 साल का वृद्ध है। घटना के समय उसकी आयु 63 साल थी। एक केस की हिस्ट्री है जिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा रखी है। सरकारी अधिवक्ता ने इन तथ्यों और कथनों का खंडन नहीं किया। किंतु जमानत का विरोध किया।जिस पर कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। मालूम हो कि याची मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अदालती लड़ाई में जुटा हुआ है। हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट तक केस लड़ा।

## क्विक न्यूज

### तीस वर्षों से हो रहा कार्यक्रम का सफल आयोजन



**प्रयागराज।** पिछले तीस सालों में जी टीवी ने अपने लोगों को अंताक्षरी सारेगामापा डांस इंडिया डांस और इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़ जैसे कुछ बेमिसाल नॉन फिक्शन शोज़ दिखाए हैं। यह सभी शोज़ न सिर्फ बेहद पॉपुलर टैलेंट बेस्ड रियलिटी टेलीविजन फ्रेंचाइज़ी बनकर उभरे। बल्कि लोगों के दिलों पर राज करते रहे और आज भी इनकी जबर्दस्त फैंस फॉलोइंग है। पिछले साल सारेगामापा लिटिल चैंप्स की शानदार सफलता के बाद ज़ी टीवी का सबसे लंबे समय तक चलने वाला और अब तक का सबसे प्रतिष्ठित सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा एक बार फिर देश के उभरते गायकों को अपनी मधुर आवाज़ पेश करके संगीत की दुनिया में एक बेहतरीन करियर बनाने का मौका दे रहा है।सारेगामापा के नए सीज़न के बारे में ज्यादा जानने के लिए बने रहिए ज़ी टीवी पर। यदि आप पंद्रह साल या इससे ज्यादा की उम्र के हैं और आपको लगता है। ऐसे में आने वाले सीज़न में लोगों को भी कुछ बेमिसाल टैलेंट देखने को मिलेंगे।

### जब तक सबूत न हो और गो मांस रखने या परिवहन करने से गोवध कानून के तहत अपराध नहीं कह सकते: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीलीभीत के पुरानपुर थाने के निवासी इब्रान उर्फ शेरू की सशर्त जमानत अर्जी मंजूर कर ली है और कहा है कि केवल मांस रखने या परिवहन करने को गोमांस या उसके उत्पादों की बिक्री या परिवहन को गो वध अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध नहीं माना जा सकता। जब तक कि यह सबूत न हो बरामद पदार्थ गोमांस ही है। यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान ने इब्रान उर्फ शेरू की जमानत अर्जी पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह सबूत नहीं दे सका कि बरामद पदार्थ गोमांस ही है। याची की ओर से कहा गया कि वह पेंटर है और जब छापा मारा गया था तो वह घर में पेंटिंग का काम कर रहा था। उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। उसका गोमांस या उसके उसके उत्पादों या उसके परिवहन से कोई लेना देना नहीं है। हालांकि सरकारी अधिवक्ता ने इसका विरोध किया। तर्क दिया कि बरामद मांस गोवंश से जुड़ा हुआ है और वह याची के घर से बरामद हुआ है। लिहाजा वह जमानत पाने का अधिकारी नहीं है। याची के खिलाफ पीलीभीत के पुरानपुर थाने में इसी साल प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। निचली अदालत ने जमानत अर्जी को खारिज कर दिया था। इसके बाद याची ने हाईकोर्ट में अपनी जमानत के लिए गुहार लगाई थी।

### नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** एन टी पी सी में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले के विरुद्ध कोतवाली टाण्डा पुलिस ने धोखाधड़ी व अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया है। वादी धर्मेंद्र सैनी पुत्र रामदास निवासी ग्राम जैतपुर थाना सम्मन पुर ने आरोप लगाया कि विपक्षी सेतु वर्मा पुत्र श्री राम निवासी ग्राम तेंदुआ प्यारेपुर कोतवाली टाण्डा ने एन टी पी सी में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के झांसा देकर मेरे चार साथियों से एक एक लाख रुपये की मांग किया और कहा कि 50.50 हजार पहले जमा कर दो बाकी बाद में देना हम लोगों ने सेतु वर्मा को 35.35 हजार रुपये दिनांक बीते वर्ष 5 नवम्बर 22 को दे दिया लेकिन अभी तक न पैसा मिला न ही नौकरी विपक्षी ने हम लोगों से धोखाधड़ी कर रूपया हड़प लिया है। पुलिस ने धारा 420,406 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### खंड विकास अधिकारी ने कार्यशाला को संबोधित किया

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** राज्य पेय जल एम स्वच्छता मिशन अंबेडकर नगर के विकास खण्ड टांडा में कार्यशाला कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी महोदया ने कार्यशाला को संबोधित किया इस मौके पर सहायक खंड विकास अधिकारी, एडीओ कोवाप्रेटिव तथा अन्य अधिकारी गड़ उपस्थित रहें तथा मेसर्स न्यू जेनेसिस दिल्ली की टीमों को हरी झंडी दिखा कर ग्राम पंचायतों में कार्य करने के लिए रवाना किया

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** बीते 26 मई की रात्रि ग्राम भारीडीहा में नकब काटकर घर के अंदर हुई चोरी का खुलासा करते हुए इब्राहिमपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी के सामान के साथ एक अदद नाजायज चाकू भी बरामद कर गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि बीते 26 मई की रात्रि में राजमन यादव के घर से नकब काटकर चोरों ने सोने चांदी के जेवरात व 50 हजार नगदी पार कर दिया था जिसके संबंध में थाने पर धारा 457,380 आई पी सी के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। इस संदर्भ में इब्राहिमपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज बृहस्पतिवार को रोहित यादव पुत्र बृज किशोर यादव निवासी ग्राम भारीडीहा बेनीपुर थाना इब्राहिमपुर को गोसाईं का पूरा मोड़ पर तथा रजनीश वर्मा पुत्र शिव प्रकाश वर्मा निवासी ग्राम दुल्लहपुर थाना भीटी को उसके घर से थाने पर तैनात उपनिरीक्षक संजीव कुमार, नरसिंह ,हेड कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह कांस्टेबल कमलेश यादव ने गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का एक हाफकरधनी चांदी की एक हार सोने का सहित एक नाजायज एक मांग टीका सोने का व एक अदद चाकू सहित एक मोटरसाइकिल भी बरामद कर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान भेज दिया।

# यमुना पार करने वाली वृत्तिका शांडिल्य का व्यापार मंडल ने किया अभिनंदन



**प्रयागराज।** पूरे भारत में प्रयागराज के प्रीतम नगर क्षेत्र की मात्र छह वर्षीय बेटी वृत्तिका शांडिल्य ने महज 11 मिनट में लगभग 600 मीटर लंबी एवं 25 से 30 फीट गहरी यमुना को पार कर एक नया कीर्तिमान बनाया है। इसके साथ ही उसने अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रीतम नगर व्यापार मंडल के सदस्यों ने वृत्तिका शांडिल्य के आवास पर जाकर सम्मान पत्र देकर उसका उत्साहवर्धन किया। साथ ही बच्ची के उज्जल भविष्य की कामना की। प्रीतम नगर व्यापार मंडल के सदस्यों ने वृत्तिका शांडिल्य को माला पहनाकर स्वागत किया और बच्चे के दृढ़ संकल्प और प्रयासों की सराहना की। सम्मान समारोह में प्रीतम नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता महामंत्री राकेश जैन कोषाध्यक्ष मनीष सेठ व्यापार मंडल संरक्षक अभय गुप्ता संजीव सुलेम सरांय व्यापार मंडल के महामंत्री सोनू गुप्ता लालू केशरवानी आशीष जैन पंकज शांडिल्य उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सर्किट हाउस में की समीक्षा बैठक

**संवाददाता।** अयोध्या

**उपमुख्यमंत्री** परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस के सभागार में आहूत की गयी। समीक्षा बैठक में मा0 स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पतालों में मेडिकल दवाओं की कमी न रहे यदि पर्याप्त बजट हमारे पास उपलब्ध हो तो बाहर की दवायें न लिखी जाय तथा सभी सरकारी हॉस्पिटल में नि:शुल्क दवाएं उपलब्ध करायें तथा साफसफाई का विशेष ध्यान रखें, जिससे आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मा0 उपमुख्यमंत्री जी द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लक्ष्य को पूरा करने, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में कम्प्यूटर सिस्टम, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था सहित सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सीएमओ को निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सा विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जो दवायें अस्पताल में उपलब्ध है तथा जिनका वितरण किया जाता है उसका विवरण तैयार करें कि कितना वितरण हुआ तथा कोई भी दवाई जो अस्पताल में है बाहर की न



लिखी जाय तथा हेल्थ बेलनेस सेन्टर को बेहतर ढंग से चलाया जाय तथा चिकित्सा अधिकारी समय से आये और मरीजों का परीक्षण करें तथा राहत दिलायें। उन्होंने पंचायत विभाग के सामुदायिक शौचालय में कही टंकी लगी है तो टोटी न लगने पर नाराजगी व्यक्त की तथा 701 ग्राम पंचायतों के सभी सामुदायिक शौचालयों में टोटी से पानी निकलने का विडियो बनाकर आज ही सभी सेक्रेटरियों को डिप्टी सीएमओ को भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित आंगबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के खेलने हेतु उपलब्ध किये गये खिलौना आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि यदि पैसे का अभाव है तो मा0 विधायक या जिलाधिकारी के निधि से उपलब्ध करायें। इसके अलावा उन्होंने पशुपालन विभाग की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु 15 जून तक पोर्टल खोला गया

**संवाददाता।** अयोध्या

**मुख्य** कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण अयोध्या ने बताया कि मत्स्य विभाग की प्रमुख योजनाओं यथा.प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनाए मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनाए निषाद राज बोट सब्सिडी योजनाए मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना एवं सामूहिक मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के लिये ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु 30 मई से 15 जून 2023 तक विभागीय पोर्टल खोला गया है। उक्त अवधि में विभिन्न परियोजनाओं हेतु ऑन लाइन आवेदन किये जा सकते हैं।

प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना की विभिन्न परियोजनाओं में आवेदन हेतु प्रमुख वांछित अभिलेख आवेदक का फोटोग्राफ्स आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैंक पास बुक की छाया प्रति, भूमि सम्बन्धी अभिलेख ;खसरा.खतौनीद्ध, 100 रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र आवश्यक है। प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना की परियोजनायें निजी भूमि पर ही स्थापित होनी है। इसके अन्तर्गत सामान्य वर्ग को परियोजना लागत का 40 प्रतिशत तथा महिला व अनु0जाति वर्ग को 60 प्रतिशत अनुदान देय है। मुख्यमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना, पट्टाधारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबों में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हेतु प्रथम वर्ष निवेश के लिये है। जिसमें सभी वर्गों को परियोजना लागत 4ण्00 लाख प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिशत अनुदान देय है। उक्त सभी योजना में विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जाना है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत आवेदन करने की प्रकिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी मत्स्य विभाग के इन्दिरा विहार सिविल लाइन्स, अयोध्या स्थित जनपदीय, कार्यालय से किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। उक्त जानकारी ने दी है।

## दुष्कर्मी को 7 वर्ष का कठोर कारवास, 26 हजार रूपये अर्थदण्ड

**संतकबीरनगर।** दुष्कर्मी को 7 वर्ष कठोर कारावास और 26 हजार रूपये अर्थदंड से दण्डित करने का आदेश अपर सत्र न्यायाधीश काशिफ शेख दिए। अर्थदण्ड न अदा करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतनी पड़ेगी। अर्थदंड की कुल धन राशि में से आधी धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने का भी आदेश पारित किए।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि धनघटा थाना अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़िता ने थाना धनघटा में प्रार्थना पत्र दिया कि हरीश चंद्र यादव गत 10, दिसम्बर, 2010 की रात लगभग 10 बजे उसके घर में घुस गया और कहा कि शोर मचाओगी तो तुम्हारी हत्या कर दूंगा।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित

**संवाददाता।** अयोध्या

**कलेक्ट्रेट** सभागार में मा0 सासंद श्री लल्लू सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें राज्य एवं केन्द्र सरकार के कतिपय विभागो के अधिकारियो द्वारा प्रतिभाग न करने पर मा0 सासंदध्अध्यक्ष द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा जिन अधिकारियो को इस बैठक में उपस्थित रहना चाहिए था।

उनमें से जो अधिकारी बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित है उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये। उन्होंने उपस्थित अधिकारियो यह भी निर्देश दिये कि किसी विशेष कारण से बैठक में उपस्थित रहने में असमर्थ हो तो सक्षम अधिकारी से उसकी पूर्वानुमति अवश्य प्राप्त की जाएं। बैठक में गत बैठक की कार्यवृत अनुमोदन के पश्चात महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023.24 का वार्षिक अनुमोदित श्रम बजट 30ण्01 लाख मानव दिवस का है इसके सापेक्ष अप्रैल 2023 तक निर्धारित लक्ष्य 2ण्31 लाख मानव दिवस के सापेक्ष 3ण्35 लाख मानव दिवस का सृजन किया जा चुका है तथा 17145 परिवारो को अब तक रोजगार उपलब्ध कराया गया है इसमें महिलाओ द्वारा सृजित मानव दिवस 1ण्03 लाख जो कुल सृजित मानव दिवस के सापेक्ष 49.05 प्रतिशत है।

# स्वनिधि महोत्सव में सांसद, विधायक पहुंचकर लाभार्थियों का बढ़ाया उत्साह

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**पीएम** स्वनिधि योजनान्तर्गत का शुभारम्भ बृहस्पतिवार को आवासन एवं शहरी कार्यालय/मंत्रालय भारत सरकार दिया गया था। योजनान्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को अपनी आजीविका/व्यवसाय को बढ़ाने हेतु कार्यशील पूंजी के रूप ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधायें भी मुहैया करायी जा रही है। जिसके क्रम में पीएम स्वनिधि योजना के शुभारम्भ दिवस (01, जून) के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को ''स्वनिधि महोत्सव'' आयोजित किये जाने निर्देश शासन से प्राप्त हुआ था। जिसके क्रम में जनपद मुख्यालय पर ''स्वनिधि महोत्सव'' का आयोजन हीरालाल राम निवास इण्टर कॉलेज के कैम्पस में किया गया। उक्त



महोत्सव में मुख्य अतिथि ई0 प्रवीण निषाद मॉ सरस्वती के चरणों में दीप जलाकर प्रारम्भ किया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, धनघटा गणेश चौहान एवं समस्त जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। योजनान्तर्गत अधिकतम डिजिटल ट्रान्जेक्शन करने वाले कुल 15 स्ट्रीट वेण्डर्स, अच्छी ऋण साख रखने वाले कुल 15 स्ट्रीट वेण्डर्स को सांसद, विधायक द्वारा अंग वस्त्र, मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर बैंक शाखाओं ने जो कि उक्त योजनान्तर्गत स्ट्रीट वेण्डर्स को अधिकतम ऋण वितरित किया गया है उनमें से जनपद के कुल 8 बैंक शाखा तथा नगर निकाय/डूडा स्तर पर योजनान्तर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किये जाने वाले कुल 16 कम्रचारियों को प्रशस्ति पत्र सांसद, विधायक द्वारा देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में वेण्डर्स द्वारा लगाये गये स्टाल एवं 8 अन्य विभागों द्वारा लगाये गये अलग-अलग स्टार सांसद, विधायक एवं जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी द्वारा भ्रमण करते हुए तरह-तरह के व्यंजन का आनन्द लिया गया तथा उनको धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि/रा0) अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मेंहदावल अजय कुमार त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनिरूद्ध सिंह , समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रियंका यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा, शहर मिशन प्रबन्धक, डूडा, सामुदायिक आयोजक, डूडा एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय तक्षशिला अकादमी अकबरपुर अंबेडकरनगर में दस दिवसीय गृष्मकालीन शिविर समर कैंपद्ध का सफल समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक व सांसद श्री रितेश पाण्डे जी विश्वनाथ वर्मा जी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अभिषेक तिवारी जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में विद्यालय के छात्र . छात्राओं के द्वारा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों जैसे रोबोटिक एवं हस्त कौशल कला की प्रदर्शनी एरंगमंच नाटक जिसका विषय जादू का द्वीप रहा ए राजस्थानी नृत्यए सरगम से अलंकृत संगीत ;घिर घिर आई सावन में बदरिया नद्धए के साथ ही साथ खेल जैसे क्रिकेट ए फुटबॉल ए बैटमिंटनए ताइक्कांडो ए योगा तथा बालीबॉल का प्रदर्शन किया गया।

# पांच उद्यमियों को दिया गया योजना का लाभ

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**मुख्य** विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में यू0आर0सी0 (उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिक्रेट) का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में यू0आर0सी0 (उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिक्रेट) में पंजीयन करने के बारें में लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया तथा 5 उद्यमियों का यू0आर0सी0 (उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिक्रेट) में पंजीयन करते हुये प्रमाण-पत्र वितरीत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उपायुक्त उद्योग राज कुमार शर्मा द्वारा यू0आर0सी0 पंजीयन के लाभ यथा-शीघ्र लागू होने वाली दुर्घटना बीमा योजना में रू0 5.00 लाख तक मुफ्त बीमा, सरकारी क्रय में ई0एम0डी0 एवं निविदाओं में छूट, बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सुगमता एवं



फैसिलिटेशन काउंसिल से लम्बित देयो के भुगतान में सुगमता आदि के बारें में विस्तृत रूप से अवगत कराया तथा अवगत कराया कि कोई भी उद्यमी पोर्टल पर अपना पंजीयन स्वत: कर सकते है।

इसी क्रम में अरविन्द पाठक, अध्यक्ष, उ0 प्र0 इण्ड0 एसो0, संत कबीर नगर द्वारा यू0आर0सी0 पंजीयन के लाभो के बारें में बताया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा यू0आर0सी0 (उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिक्रेट) पंजीयन के बारें में बताया गया, उन्होने बताया कि इस पोर्टल काफी सरल बना दिया गया है, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम क्षेत्र के अपंजीकृत उद्यमी अभियान के अन्तर्गत पोर्टल पर अपना पंजीयन स्वत: कर सकते है, उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमी संगठनों/व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों से इस अभियान में अधिक से अधिक उद्यमों के पंजीयन हेतु अपना सहयोग प्रदान करने का आहवाह्न किया गया।

# स्वनिधि महोत्सव का हुआ आगाज

● केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने किया शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**आजादी** के अमृत महोत्सव पर सरकार के स्वनिधि से समृद्धि के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से बिलोबी मेमोरियल हाल में स्वनिधि महोत्सव का आगाज हुआ। महोत्सव का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय सिंह के साथ दीप जलाकर किया। अजय मिश्र टेनी ने समाज में स्ट्रीट वेंडर की महती और बड़ी भूमिका बताई। कोरोना कालखंड में स्ट्रीट वेंडरों के आर्थिक संकट को दूर करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना शुरू हुई, जिसके आज सकारात्मक परिणाम सबके सामने हैं। यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों के वित्तीय समावेशन का पहला व्यापक प्रयास है। सरकार ने स्ट्रीट वेंडर की कठिनाइयों को समझा और योजनाबद्ध तरीके से न केवल उसे हल किया बल्कि स्वनिधि योजना के जरिए मदद की। खीरी में इस योजना से करीब 8.5 हजार लोगों को फायदा मिला है। जो आज डिजिटली लेनदेन भी कर रहे है। मंत्री ने कहा कि पीएम जनधन योजना के तहत 9 साल के भीतर 48 करोड़ से ज्यादा केन्द्र खोले गए। जिनमें अब तक 25 लाख करोड़ का ट्रांजैक्शन हुआ। 2047 तक विकसित एवं सशक्त भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के संकल्प को लेकर हम तेजी से आगे बढ़ रहे है। डीएम ने पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कहा कि स्वनिधि से समृद्धि अभियान के तहत सभी लोन प्राप्त वेंडर के परिवारों को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जनधन योजना, रजिस्ट्रेशन अंडर बीओसीडब्ल्यू, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृ वन्दना योजना से लाभान्वित कराया जा रहा है। जिले में पीएम स्वनिधि योजना के तहत 6850 लाभार्थी प्रथम, 1508 द्वितीय, 73 तृतीय चरण में लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के अंत में पीओ डूडा डॉ अजय कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों अतिथियों एवं सभी स्वनिधि के लाभार्थियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्यालय कार्मिक गरिमा सिंह, शिव कुमार रस्तोगी, नगर पालिका परिषद लखीमपुर के अमित सोनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अजय मिश्रा ने लाभार्थी निसार अहमद, जगमोहन लाल को परिचय बोर्ड प्रदान किया। व्यवसाय में अधिक डिजिटल लेनदेन करने के लिए फरीद अली, अरविंद गिरी, किशोर गिरी, अब्दुल रहमान, अनिल कुमार, हिमांशु, अशर्फी लाल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इंडियन बैंक द्वारा रेहड़ी पटरी लाभाथी विनोद कुमार, गीतूराम, रियाज अहमद, अशर्फी लाल, गुफरान को क्यू आर कोड प्रदान किए गए। संवाद के दौरान लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर एवं डीएम के साथ स्वनिधि महोत्सव में स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल, लीड बैंक, श्रम, आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों ने अपने स्टाल का अवलोकन किया।

# निर्माण में खराब गुणवत्ता पाये जाने पर रिकवरी कराए जाने के निर्देश

● खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान को नोटिस

संवाददाता। शाहजहांपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने विकास खण्ड भावलखेड़ा के ग्राम पंचायत रौसर में बनवाए गए अमृत सरोवर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में निर्माण कार्य की गुणवत्ता अत्यंत खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान को नोटिस जारी करने के साथ ही जवाब तलब करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर पर निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता के कारण निर्माण कार्य के कुछ समय बाद ही तलाब में पानी पहुचने हेतु बनाये गये नाले की दीवार एवं छत टूटी पायी गयी। जिलाधिकारी ने अधोमानक निर्माण पाये जाने पर रिकवरी कराये जाने के भी निर्देश दिये। साथ ही तलाब के आस पास बनायी गयी इंटरलॉकिंग सड़क भी क्षतिग्रस्त पायी गयी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अमृत सरोवर के तालाब मे भी अत्यधिक गंदगी व्याप्त मिली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अमृत सरोवर के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये जुर्माना भी वसूल किया जाये। जिलाधिकारी ने अमृत सरोवर के परिसर को स्वच्छ एवं साफसुथरा रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि लोगों को स्वच्छ आदतें अपनाए जाने, गंदगी न फैलाने तथा पॉलीथीन का प्रयोग बिल्कुल ना करने के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने अमृत सरोवर के पास कूड़ेदान रखने हेतु भी निर्देशित किया जिससे की अमृत सरोवर पर आने वाले लोग तालाब या उसके आस पास कूड़ा न डाले। उन्होंने अमृत सरोवर की सफाई कराए जाने के भी निर्देश दिए।

## नहीं हो पा रहा ड्राइविंग लाइसेंसों का नवीनीकरण

संवाददाता। सीतापुर

करे कोई भरे कोई, यानी गलती किसी की और उसे भुगतना किसी दूसरे को पड़ रहा है। कुछ यही हाल इन दिनों सीतापुर जिले के परिवहन विभाग का है। यहां पर इन दिनों लोगों के ड्राइविंग लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है, जबकि वाहन चेकिंग के नाम पर ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर चालान किए जाने की प्रक्रिया लगातार जारी है, ऐसे में लोग बहुत परेशान है। परिवहन विभाग द्वारा छिपाई जा रही इस समस्या का खुलासा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने किया है। उन्होंने बताया कि जब एक महीने से ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यूअल न होने को लेकर एआरटीओ माला बाजपेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इसके पोर्टल पर मेंटीनेंस का काम चल रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चेकिंग के दौरान लोगों के चालान हो रहे है, या फिर धनउगाही की जा रही है, सिस्टम की कमी से आम जनता को धनउगाही का जरिया नहीं बनने दिया जाएगा।

## महाविद्यालय में विजयी प्रतिभागियों का किया गया उत्साहवर्धन एवं सम्मान



संवाददाता। शाहजहांपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी जी के पंच प्रण मंत्र पर आधारित आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत युवा उत्सव कार्यक्रम सुदामा प्रसाद स्कूल शाहजहांपुर में आयोजित हुआ था,जिसमे जी एफ कॉलेज के हिमांशु शुक्ला ने कविता प्रतियोगिता में प्रथम, अभिषेक गुप्ता ने मोबाइल फेटोग्राफी में दिवतीय और केसर राना ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त हिमांशु शुक्ला आगामी आयोजित होने वाली राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने महाविद्यालय में विजयी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन एवं सम्मानित करते हुए कहा कि युवा देश की पूंजी है, इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के संयोजक प्रोफेसर मोहम्मद साजिद खान तथा समिति के अन्य सदस्य एवं एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कौसर जमाल ने हर्ष व्यक्त किया।

# राम गंगा में डूब कर 5 किशोरों की मौत

● ये किशोर गंगा स्नान के अवसर पर अलग-अलग स्थानों में लगे मेलों में गंगा स्नान के लिए आए थे

संवाददाता। बरेली

**गंगा** स्नान के अवसर पर अलग-अलग स्थानों में लगे मेलों में गंगा स्नान करने के लिए गए पांच किशोरों की राम गंगा में डूबने से मौत हो गई जबकि एक किशोर को बचा लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भमोरा थाने के गांव तजपुरा निवासी अमर सिंह के 17 वर्षीय बेटे अनुज और उसके चचेरे भाई अरविंद पुत्र मानसिंह की आज दोपहर भमोरा थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर के गोविंद गंगा घाट पर राम गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। अनुज के पिता अमर सिंह ने बताया कि अनुज अपनी मां कुसिया देवी व अन्य भाई बहनों के साथ गंगा दशहरे पर गंगा स्नान करने के लिए गया था उसके साथ चचेरा भाई अरविंद भी गया था इसी दौरान स्नान करते समय भमोरा के गांव कीरतपुर का रहने वाला छोटू पुत्र जीराज यादव गहरे पानी में डूब गया। शोर मचाने पर गंगा में स्नानरत लोगों ने छोटू को कुछ देर बाद ही गहरे पानी से निकाल दिया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कुछ देर बाद अनुज और अरविंद गहरे पानी में डूब गए। पता चलते ही लोगों ने उन्हें तलाशने की कोशिश शुरू की और लगभग आधे घंटे बाद ही लोगों ने अरविंद के शव को भी पानी से निकाल दिया। उसकी भी मौत हो चुकी थी लेकिन अनुज का कहीं पता नहीं चला। काफी देर बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनुज की लाश को घटनास्थल से काफी दूर जाल के जरिए उसे निकाला तो उसकी भी मौत हो चुकी थी। मृतकों के परिजनों ने शवो की शिनाख्त कर ली जिन्हें पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। बताते हैं कि डूबने वाले किशोरों से पहले तजपुरा वासी किशोर सुमित भी पानी में डूब रहा था लेकिन लोगों ने उसे बचा लिया। इसके बाद ही 3 अन्य किशोर रामगंगा नदी में डूब गए और उनकी मौत हो गई अनुज और अरविंद एक ही स्कूल में कक्षा 7 के छात्र थे। अनुज चार भाई बहन थे और अरविंद दो भाइयों में बड़ा था। इसके अलावा बदायूं के बुध नगर खंडवा निवासी मुकेश के बेटे आकाश और यहीं के रहने वाले हरेंद्र पुत्र महेंद्र की सिरौली थाना क्षेत्र में कैलाश बाबा मढ़ी के पास बने गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई। आकाश के मामा सुखेंद्र पाल ने बताया कि आकाश की सगी मां राजों की कई साल पहले ही मौत हो गई थी वह अधिकतर अपनी ननिहाल में ही रहता था। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने दोनों शवों की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## क्विक न्यूज

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** विवाह के लगभग 7 माह बाद ही महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतका के घरवालों ने किसी पर आरोप लगाने से इनकार किया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव हरेली निवासी शिव ओम की 22 वर्षीय पत्नी बिट्टो ने कल शाम घर की छत के कुंडे से दुपट्टा बंद कर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद उसके पति के ताऊ राजेंद्र ने बताया कि लगभग 7 माह पूर्व बिट्टो का विवाह शिव ओम से हुआ था विवाह से पूर्व बिट्टो के अपने गांव में ही रहने वाले एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहे थे जिसके चलते वह उसके साथ फरार हो गई लेकिन यह बात से बाहर से पूर्व शिवओम के घर वालों को पता नहीं थी उसी के चलते उन्होंने शिव ओम से उसका विवाह करा दिया लेकिन बिट्टो अपने पति से अक्सर झगड़ा करती थी और कल शाम को भी किसी बात पर ले कर दोनों में झगड़ा हुआ था जिसके बाद शिव ओम घर से बाहर चला गया उसके जाने के बाद बिट्टो ने कमरे में बंद होकर छत के कुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली कुछ देर बाद घर वापस लौटे पति ने उसे नहीं देखा तो कमरे में वह पहुंचा जहां बिट्टो की लाश फांसी पर लटकी हुई थी। उसने घटना की जानकारी शाहजहांपुर से खुदागंज थाना क्षेत्र के बनिहाल गांव में रहने वाले उसके पिता कल्लू को दी तब मायके वाले बिट्टो की ससुराल पहुंचे और उन्होंने किसी पर भी आरोप लगाने से इनकार किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### दो भाइयों की नदी में नहाने के दौरान डूबकर मौत

**शाहजहांपुर।** जानवरों को नदी के किनारे चराने गए दो भाइयों की नदी में नहाने के दौरान डूबकर मौत हो गई । चीखपुकार सुनकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। उसके बाद गोताखोरों की मदद से भाईयों की तलाश शुरू की गई। गोताखोरों ने दोनों शवों को बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव नौगवा गांव का है। यहां के रहने वाले रामकुमार का 16 साल का बेटा सुखदेव और 17 साल का वासुदेव 16 पशुओं को चराने के लिए खेत पर गए थे। कुछ देर चराने के बाद दोनों भाइयों ने पशुओं को गर्रा नदी में छोड़ दिया। उसके बाद खुद भी नदी में नहाने लगे। धीरे-धीरे दोनों भाई गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। पास में मौजूद गांव के रहने वाले दो छोटे-छोटे बच्चों ने दोनों भाइयों को नदी में जाकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। उसके बाद दोनों बच्चों ने ग्रामीणों और परिवार को सूचना दी। उसके बाद गोताखोरों की मदद से भाईयों की तलाश शुरू की गई। देर शाम गोताखोरों ने दोनों शवों को बरामद कर लिया

### यातायात पुलिस कर रही है उत्पीड़न ऑटो चालकों ने किया प्रदर्शन

**बरेली।** यातायात पुलिस द्वारा आटो चालको के अवैध चालान काटनें , चौपला चौराहे का रास्ता बन्द करनें के विरोध में और आटो चालकों के स्टैण्ड बनबाने की मांग करते हुए ऑटो रिक्शा टेम्पू चालक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णपाल के नेतृत्व में बरेली जंक्शन से प्रदर्शन करते हुए आये ऑटो चालकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एसीएम प्रथम को ज्ञापन दिया।अध्यक्ष कृष्णपाल ने मांग की है की शहर की यातायात पुलिस द्वारा आटो चालकों के सवारियाँ चढाते व उतारते वक्त चालान काट दिये जाते हैं व पेपर पूर्ण होने पर भी आटो सीज किए जाते हैं। चौपला चौराहा पूर्ण तरीके से आटो चालकों को बंद कर दिया गया है। आटो चालकों के लिए पूरा शहर नो पार्किंग जोन बनाया हुआ है, ऐसे में आटो चालक कहाँ से सवारियाँ बैठायें व चढायें ये समस्या बनी हुई है।नो पार्किंग के चालानों पर पूर्णता रोक लगायी जाये, व नो पार्किंग के जो भी चालान किए गये हैं. वह रद्द किये जायें । शहर में पार्किंग स्थल तय किए जायें, जब तक पार्किंग स्थल नहीं बन जाते तब तक अस्थायी पार्किंग उपलब्ध करायी जाये । चौपला चौराहे का रास्ता पुल के नीचे से ऑटो चालकों को खोला जाये । सिटी परमिट आटो पर वर्ष 2010 से प्रतिबंध है उसके बाद, देहात परमिट डीजल आटो वेंच दिये जिनकी संख्या 1200 है वह भी हरे हो कर शहर में यातायात पुलिस चलवा रही है। देहात परमिट ब. छ. ळ. चलित आटो भी शहर में ग्रीन होकर संचालित हैं। लगातार शहर में ई रिक्शा को बेचा जा रहा है इनकी संख्या 10 हजार तक पहुँच गयी है जिससे जाम की समस्या पैदा हुई है हम माँग करते हैं कि ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन तत्काल बंद किया जाए । सभी आटो चालकों का स्वास्थ्य वीमा कराया जाये ताकि उनके बच्चों का ईलाज हो सके । सीएनजी गैस की कीमतें तत्काल 50ध्रू किलोग्राम किया जाये ताकि आटो चालकों को राहत मिल सके ।

### लगेंगे आधार संशोधन कैम्प

**सीतापुर।** आधार संशोधन के लिए जिला कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट में 5 जून से 11 जून तक कैंप लगाया जाएगा। ऐसे लोग जिनके आधार जारी हुए 10 वर्ष हो गए है और आधार नामांकन कराने के बाद अपना निवास बदल चुके है, लेकिन आधार पर अपडेट नहीं कराया है, इस कैंप में दस्तावेज अपलोड कर उनके आधार सही किए जाएंगे। जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा इस संबंध में जारी निर्देश के अनुसार ई-डिस्ट्रिक्ट के अतिरिक्त बिसवां तहसील में 13 से 19 जून तक और लहरपुर तहसील में 21 से 27 जून तक आधार संशोधन कैंप लगाए जाएंगे।

### प्रेमिका ने गला घोंट प्रेमी की हत्या की

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान क्षेत्र के अंतर्गत प्रेमिका ने गला घोट कर की प्रेमी कर दी हत्या। हत्या का कारण समाचार लिखे जाने तक साफ नहीं हो सका है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करने की बात कह रही है। अमित कुमार 24 वर्ष पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम कोरिया चमरू थाना फरधान की गला घोट कर प्रेमिका द्वारा हत्या किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। अमित का प्रेम प्रसंग गांव की एक महिला से करीब 4 वर्षों से चल रहा था, अमित व प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई। बात इतनी बढ गई की प्रेमिका ने अपने प्रेमी का गला घोट कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होने पर फरधान पुलिस मौके पर पहुंची। अमित के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संदर्भ में अनिल कुमार सैनी थाना प्रभारी फरधान ने बताया कि गांव की एक महिला से अमित कुमार का प्रेम प्रसंग होने की बात की जा रही है। चर्चा है कि बुधवार को अमित की प्रमिका द्वारा हत्या कर दी गई। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला पहलवानों को न्याय दिलाने, साक्षी के हत्यारे को फांसी की सजा की मांग करते हुए किया प्रदर्शन

**बरेली।** केंद्रीय श्रम संगठनों के देशव्यापी आंदोलन के तहत आज बरेली में ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने महिला पहलवानों को न्याय मिलने में हो रही देरी पर अपना विरोध दर्ज कराया जम कर नारे बाजी की गई और जिलाधिकारी बरेली के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन प्रेषित किया,जिसमे सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से दर्ज कराई गई प्राथमिकी पर तुरत कारवाई की मांग की गई , साथ ही मुख्य अभियुक्त बृज भूषण सिंह को तुरत गिरफ्तार कर कठोर दण्ड दिए जाने की मांग की गई है। इस दोरान एक दूसरा ज्ञापन भी दिया गया जिसमे अयोध्या में सनबीम स्कूल की छात्रा की नृशंस हत्या पर कारवाई किए जाने और मृतका के परिवार को न्याय मिलने की मांग की गई साथ ही साथ दिल्ली में सरेआम साक्षी की चाकू से गोदकर की गई विभत्स हत्या पर भी रोष व्यक्त किया और हत्यारे के खिलाफकठोर कारवाई किए जाने की मांग की गई है। दोनो ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय पर एसीएम प्रथम को दिया।

# शासन की योजनाओं का गुणवत्ता परक क्रियान्वयन सुनिश्चित करें अधिकारी : टेनी

● कलेक्ट्रेट में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**केंद्र** सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण के लिए जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ;दिशाद्ध की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकारए खीरी सांसद अजय मिश्र ष्टेनीष् की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। सांसद ने एक.एक योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की हकीकत भी परखी। मौजूद विधायक ने भी विकास कार्यों को गति देने के लिए अपने सुझाव दिए। बैठक में मुख्य रूप से विधायक योगेश वर्मा, विनोद अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंहए सीडीओ अनिल सिंहए एडीएम संजय सिंहए ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ताए वीरेंद्र शुक्ला, ब्लाक प्रमुख बिजुआए बेहजमए सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, अंबरीश सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, दीपक तलवार, समिति के नामित सदस्य सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि जिले में योजनाओं के नियमित अनुश्रवण, समीक्षा से ही केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं का लाभ जिले के लोगों को अधिक से अधिक मिल रहा है। साथ ही साथ विभागीय कामों में खीरी जिले ने एक अलग स्थान बनाया है। जिस कारण ही खीरी की प्रदेश में अलग पहचान बनी है। मैं चाहता हूं, यह निरंतरता बनी रहे और हम लोग अपने जिले के लोगों की समृद्धिए खुशहाली के लिए जो प्रयास कर रहे हैं, उन प्रयासों में हम सफल हो। जनपद वासियों के जीवन जीने की सामान्य सुविधाएं एवं जरूरत बढ़े। इसके लिए हम निरंतरता से काम करें। अफसर जन प्रतिनिधियों के सहयोग, मार्गदर्शन में जिले की इस रफ्तार को जारी रखते हुए गुणवत्ता को और बेहतर बनाएं।

## पलिया बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन द्वारा डीएम को दिया गया ज्ञापन

● ट्रैफिक पुलिस द्वारा बाईपास रोड उल्ल नदी के किनारे यात्रियों को उतारे जाने से हो रही परेशानियों से अवगत कराया

संवाददाता। पलियाकलां -खीरी

**पलिया** बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लखीमपुर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा बाईपास रोड उल्ल नदी के किनारे यात्रियों को उतारे जाने से हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए सवारियों को अपने गंतव्य बस स्टेशन मोहल्ला शिवपुरी लखीमपुर में बस पहुंचने व सवारियों को बस अड्डे पर उतारने की अनुमति के लिए जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया है। पलिया बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन एवं खजुरिया .गौरीफंटा एवं दुधवा लखीमपुर बस आपरेटर्स एसोसिएशन की पलिया से सारी बसें अपनी समय सारणी के अनुसार लखीमपुर तक संचालित होती हैं । लखीमपुर में उनका निजी बस स्टैंड है जहां सवारियां उतरती हैं और बैठती हैं। नगर पालिका क्षेत्र में स्थित बस स्टैंड है जिसे नगर पालिका लखीमपुर में बस स्टैंड संचालन की स्वीकृति प्रदान की है। बस स्टैंड नगरपालिका को सभी करों का भुगतान भी करता है। बस स्टैंड पर शौचालयए पीने हेतु शुद्ध जलए स्नानागार एवं यात्रियों के विश्रामगृह की भी समुचित व्यवस्था है। पर इधर काफी दिनों से ट्रैफिक पुलिस द्वारा बसों की सवारियों को बाईपास रोड पर उल्ल नदी के पास उतार दिया जाता है। जहां बस यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है न पानी की व्यवस्था है न शौचालय है न कहीं पर बैठने की जगह ।यात्रियों में महिला पुरुष और बच्चे व उनका सामान भी होता है। बस सवारियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए इन्हें अपने निश्चित बस स्टेशन पर उतारने की अनुमति प्रदान करें।

## भाजपा ने किया वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन

**सीतापुर।** विधानसभा सिधौली के गोंदलामऊ में भाजपा द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी राजीव शुक्ला रहे। इस दौरान पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में संयोजक ललित मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सूर्य बख्श सिंह, राकेश पांडेय, लक्ष्मी शंकर गिरी, सांसद प्रतिनिधि अमित मोहन और अनूप मिश्रा सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं लहरपुर में भाजपा का वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया। इसके संयोजक भाजपा के प्रदेश परिषद सदस्य वीरेंद्र पुरी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। अपने संबोधन में संयोजक वीरेंद्र पुरी ने कार्यकर्ताओं की संगठन की रीढ़ बताया। कार्यक्रता सम्मेलन की अध्यक्षता रामानंद अवस्थी ने की तथा संचालन प्रमोद बाजपेई ने किया। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, मुकुंदेलाल त्रिवेदी और उदित बाजपेई ने भी संबोधित किया। इस दौरान जनसंघ काल से जुड़े 98 वर्षीय राधेश्याम द्विवेदी, लल्ला सिंह चौहान, श्रीराम कपूर, वीके सिंह, नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुड मॉर्निंग अभियान के पुलिस कर्मियों की रात में नहीं लगेगी ड्यूटी

**मोहम्मदी खीरी।** पुलिस अधीक्षक की गुड मॉर्निंग पहल पर आज पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा के वार्ता की गई तो उन्हें बताया कि गुड मॉर्निंग पहल को और सक्रियता के साथ बढाने के लिए जिन एसआई और आरक्षियो को लगाया गया है एउनकी रात्रि में ड्यूटी नहीं लगाई जाएगीए पुलिस उपाधीक्षक ने बताया पांच से छह टीमों का गठन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया गया हैएजो 1 सप्ताह तक नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में 5 बजे से 9 बजे तक भ्रमण पर रहकर गुड मॉर्निंग बोलेंगे एजिससे पुल सिग भी हो जाएगी और आम जनता के बीच पुलिस और जनता के बीच गतिरोध भी समाप्त होगा एतथा अन्य समस्याओं का समाधान भी इस पहल के माध्यम से होगाएइसका उद्देश्य यह भी है कि प्रात: काल 5से 9 जो गैप रहता था उसके भी भरपाई हो जाएगी और पुलिस पर लोगों का विश्वास और संवाद भी बढ़ेगा।

### सरकारी स्कूल में बंद आवारा पशुओं को भेजा गया अस्थाई गौआश्रय स्थल

**सीतापुर।** कसमण्डा ब्लाक के एक सरकारी स्कूल में बीते रविवार से बंद आवारा पशुओं को आखिरकार आस्थाई गौ आश्रय स्थल भेज दिया गया। ग्रामपंचायत खुर्दा मजरा पुरैना के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ग्रामीणों ने करीब आधा सैकड़ा गौवंश को पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बंद कर दिया था। सूचना के बावजूद किसी स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। गुरूवार को सिधौली एसडीएम राखी वर्मा के निर्देश पर एडीओ आईएसवी शिव प्रकाश दुबे, पशु चिकित्सक डा. ज्ञानेंद्र वर्मा और प्रधान फूल सिंह ने ग्रामीणों की मदद से कैटल कैचर वाहन द्वारा सभी गौवंश को अस्थाई गौ आश्रय स्थल पहुंचा दिया।

### मनाया गया विश्व पर्यावरण सप्ताह

**सीतापुर।** इंडियन बैंक द्वारा संचालित इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर में विश्व पर्यावरण सप्ताह मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राजेश वर्मा रहे। इस दौरान सांसद ने आरसेटी कार्यों की सराहना करते हुए प्रशिक्षित लाभार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए। इसके बाद सांसद ने संस्थान परिसर में वृक्षा रोपण भी किया। इस अवसर पर इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख अभिलाषित कौशल ने लाभार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक अनल कुमार भी मौजूद रहे।

## 20 लाख की अफीम के साथ एक गिरफ्तार




संवाददाता। शाहजहांपुर

**थाना** जलालाबाद पुलिस ने बीती रात भुडिया तिराहे से एक मादक पदार्थ तस्कर अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके पास से 20 लाख रुपए कीमत की अफीम बरामद की। अजय कुमार अफीम को झारखंड के होटल एवं ढाबे पर सप्लाई करता था। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय ने बताया पुलिस ने 20 लाख की अफीम के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के पास से 200 ग्राम अफीम बाइक बरामद की है। जलालाबाद का रहने वाला आरोपी तस्कर झारखंड के होटल और ढाबे पर सप्लाई करता था। फ्लिहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## गैर कानूनी रूप से केबल टीवी किया बन्द

● केबल ऑपरेटरों ने किया विरोध प्रदर्शन, डीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता। बरेली

**गैर** कानूनी रूप से केबल टीवी की सेवाएं बाधित करने विरोध में बरेली शहर के केबल ऑपरेटरो ने कौशल सारस्वत के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। केबल ऑपरेटर कौशल सारस्वत ने बताया बरेली शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डेन कम्पनी से सिग्नल लेकर केबल टीवी का व्यवसाय विगत कई वर्षों से कर रहे हैं जिसके क्षेत्रीय वितरक हरजिंदर सिंह (सिमरन एजेंसी) है जिनका कार्यालय सिंह टावर स्टेडियम रोड थाना इज्जतनगर बरेली में स्थित है। पिछले कई दिनों से इनका और डेन कम्पनी का ब्रॉडबैंड को लेकर कुछ विवाद चल रहा है जिसके कारण इन्होंने डेन के केबल टीवी के सिग्नल भी बंद कर दिए हैं जो की ट्राई की गाइडलाइन के अनुसार गैर कानूनी है सिग्नल बंद करने से पूर्व कम से कम 21 दिन का नोटिस देना अनिवार्य है। जिसके कारण हजारों कस्टमर केबल टीवी नहीं देख पा रहे हैं जिसके कारण उनमें आक्रोश है जिसके परिणाम स्वरूप कोई भी घटना किसी लोकल केबल ऑपरेटर के साथ घट सकती है टीवी बन्द होने के कारण शहर की जनता घरों पर आकर के शोर मचा रही है घर पर आकर जनता गाली गलौज कर रही है। केबल ऑपरेटरों का व्यवसाय भी खतरे में है। केबल टीवी के सिग्नल जल्द से जल्द चालू किये जायें उनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। केबल टीवी के सिग्नल जल्द शुरू नहीं किए गए तो केबल ऑपरेटर इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे । शिकायत के दौरान कौशल सारस्वत मनप्रीत सिंह अमरजीत महेंद्र सिंह अमर सिंह रजनीश संजीव गुप्ता आरके जेदी , के सिंह , पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

# तम्बाकू की लत से युवा पीढ़ी हो रही तबाह : आर के सिंह पटेल

● विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सांसद ने दिलायी शपथ

● पीएम स्वनिधि योजना को बताया फुटपाथियों के लिए वरदान

**संवाददाता।** चित्रकूट





**विश्व** तम्बाकू निषेध दिवस पर टाउन हाल कर्वी में हुई गोष्ठी में जिले को तम्बाकू मुक्त करने को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय तम्बाकू निषेध दिवस की अध्यक्षता मुख्य अतिथि/सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में की।

सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि तम्बाकू स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है। घर परिवार एवं रिश्तेदारों को तम्बाकू निषेध को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि तम्बाकू स्वास्थ्य एवं परिवार पर बुरा प्रभाव डालते है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी को गिरफ्त में लेती जा रही है। इससे मानसिक व शारीरिक रूप से युवा अपंग होते जा रहे हैं। तम्बाकू कैंसर जैसी भयानक बीमारी को निमंत्रण देता है। धीरे-धीरे इंसान को खत्म करती है। वह धन हानि के साथ स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

मुख्यालय स्थित टाउन हाल में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव का शुभारंभ बांदा/चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पीएम निधि महोत्सव स्वावलंबी, रेहड़ी, पटरी वालों का उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि आरके सिंह पटेल ने कहा कि करोना काल में जो लोग बाहर गए थे उन्हें घर वापस के समय बहुत बडा संकट खड़ा हो गया था। कहा कि रोटी कपड़ा मकान यह सभी की जरूरत है इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत रेहड़ी पटरी वालों का अपना छोटा रोजगार कर सके। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से रेहड़ी पटरी वालों को लाभ दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पीएम स्वनिधि योजना का आरंभ कोविड काल के साथ ही चालू किया गया। उन्होंने कहा यह योजना फुटपाथ पर कार्य कर रहे रेहड़ी पटरी वालों को प्रोत्साहित करने के लिए है।

## बेहतर मार्केट देने को छह कम्पनियों ने किया एमओयू



चित्रकूट। जिले के किसान उत्पादक संगठनों को व्यवसाय बढ़ाने को बेहतर मार्केट देने की गरज से कृषि भवन में छह कंपनियों के साथ एमओयू साइन कराया गया। ईएफ पॉलीमर, संचय ग्रीन, प्रिया मशाला, यूनाइटेड नेचर, फारमार्ट और मेरठ उद्यमी फाउंडेशन कंपनियों के साथ जिले के एफपीओ के पदाधिकारियों ने एमओयू साइन किया है। गुरुवार को मुख्य रूप से चुन्नी देवी प्रोग्रेसिव फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी चकमाली कर्वी, देवबाबा बायोएनर्जी, कर्वी ऑर्गेनिक, जीश्री एफपीओ, मानिकपुर ऑयल, रामनगर आयल, मऊ मण्डौर, पहाड़ी मसूर, महर्षि बाल्मीकि आदि के पदाधिकारियो ने एमओयू साइन किया। कृषि उपनिदेशक राजकुमार ने बताया कि इस तरह के समझौतो से एफपीओ से जुड़े किसानों को सीधे लाभ मिलेगा।

# कार्यालयों में कराएं रूफटाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग : डीएम

● डीएम ने बैठक में अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को दिये निर्देश

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में रूफटाप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग आदि के संबंध में तकनीकी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में रुफ्टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य 199, चेकडैम निर्माण 41, एवं 247 तालाबों का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार के प्रस्ताव प्रस्तावित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिए की रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों में कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, थाना, स्वास्थ्य केंद्र आदि बड़े जो शासकीय कार्यालय हैं उनका निरीक्षण कर लें। जहां पर कार्य न हुआ हो वहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य कराए जाएं। चेक डैम निर्माण वन विभाग से भी प्रस्ताव प्राप्त करें। उन्होंने उप प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए कि रानीपुर टाइगर रिजर्व तथा जो अन्य वन क्षेत्र में चेकडैम बनाए जाने की आवश्यकता है तो उसका प्रस्ताव बना कर दें।


## संयुक्त किसान मोर्चा ने महिला पहलवानों के समर्थन में दिया धरना



**चित्रकूट।** संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में महिला पहलवानों के शोषणकर्ता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर एसडीएम सदर को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि भारतीय महिला पहलवानों का जंतर-मंतर पर विरोध जारी रखने की अनुमति देने को और सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी तथा कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली एक नाबालिग समेत कई महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद/ मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। ये महिला पहलवान 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना दे रही थीं।

# पुलिस उपेक्षा के शिकार पीड़ित ने मुख्यमंत्री व डीजीपी से लगाई गुहार

● पुलिस डीजीपी के गृह जनपद में पुलिस अधिकारी ने फरियादी को अपने चैंबर से भगाया



**उरई,** जालौन। नए डीजीपी उत्तर प्रदेश लखनऊ के ग्रह जनपद जालौन में एक पुलिस अधिकारी के चेंबर में पहला ऐसा मामला आया जब पीड़ित की फरियाद सुने बिना ही घटनास्थल का परीक्षण कराए बिना ही फरियादी को यह कहकर चेंबर से भगा दिया कि तुम्हारे मामले में कोई कार्रवाई नहीं करूंगा एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का इस तरह का लोक आचरण चेंबर के बाहर खड़े मीडिया के तमाम लोगों ने भी देखा और इसे उचित नहीं ठहराया। कोतवाली उरई क्षेत्र के ग्राम चक जगदेवपुर निवासी लालजी दोहरे पुत्र राजाराम की पुत्री की शादी 8 जून को है लालजी के मोहल्ले में ही राजू पुत्र भगवानदीन नाम का शातिर अपराधी रहता है जो गंगादीन बाबा की हत्या के मामले में 7 साल की कैद काट कर बाहर आया है। पुलिस अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में लाल जी ने बताया कि 31 मई को शाम 4:45 बजे करीब जब वह अपने रिश्तेदारों के साथ दरवाजे के सामने बैठा था तभी सजायाफ्ता राजू उनके दरवाजे पर आया और गाली गलौज करने लगा जब उसने रोका तो राजू ने उसके ऊपर कुल्हाड़ी से वार कर दिया कि तभी वहां खड़े लालजी के भतीजे सत्येंद्र ने कुल्हाड़ी का बार अपने पर ले लिया जो उसकी बांह में घाव कर गया। लालजी ने तत्काल डायल 112 को सूचित किया डायल 112 ने मौके पर पहुंचकर यह कहकर कोतवाली जाने को कहा कि वह शातिर अपराधी है वह उसे नहीं पकड़ पाएगी। तब लालजी भतीजे सत्येंद्र को लेकर कोतवाली गया और प्रार्थना पत्र कोतवाली देकर लौट आया पुलिस ने सत्येंद्र का मेडीकल परीक्षण भी नही कराया। कोई कार्यवाही ना होने पर पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई और बताया कि उसकी बेटी की शादी है अगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो राजू उसके व परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हुई मॉडल प्रतियोगिता



**उरई,** जालौन। राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन उरई के कालेज ऑफ पैरामेडिकल विभाग मे प्रधानाचार्य डॉ आर के मौर्य की अध्यक्षता एवं प्रधानाचार्य कालेज ऑफ नर्सिंग डॉ0 रीना कुमारी के निर्देशन में 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ0 आर के मौर्य, प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज द्वारा नामित पैरामेडिकल विभाग के उद्घाटन के साथ हुई । इसके पश्चात् पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगिता छात्रों द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ आर के मौर्य ने कहा कि पैरामेडिकल विभाग अस्पताल का महत्वपूर्ण अंग है। डॉ रीना कुमारी, प्रधानाचार्य कालेज ऑफ नर्सिंग ने तम्बाकू उत्पादन एवं उससे होने वाले दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला।

# पशु चिकित्सालय व आंगनबाड़ी केंद्र कदौरा का डीएम ने किया निरीक्षण

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह ने आज विकास खण्ड कार्यालय, राजकीय पशु चिकित्सालय व आंगनबाड़ी केन्द्र कदौरा का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड कार्यालय कदौरा के विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुये अभिलेखों के व्यवस्थित ढंग से रख रखाव करने के निर्देश दिये। उन्होने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो का स्वयं स्थलीय जांच कर आख्या प्रस्तुत करें।

उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों को अतिरिक्त ग्राम पंचायत आंवटित न किये जाये। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाकर उन्हे लाभान्वित करे। उन्होने परिसर में साफ-सफाई देखकर सन्तोष व्यक्त किया। इसके उपरान्त राजकीय पशु चिकित्सालय कदौरा का निरीक्षण के दौरान संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने संबंधित गौशालाओं का प्रतिदिन निरीक्षण कर गौशालाओं में पर्याप्त व्यवस्था कायम रहे।

## मानसिक विक्षिप्त महिला ने यमुना में लगाई छलांग

**कालपी, जालौन।** पति के साथ इलाज कराने आई मानसिक विक्षिप्त महिला ने यमुना पुल से नदी में छलांग लगा दी, जिससे वहां हड़कंप मच गया व लोगों की भी भीड़ भी जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर आसपास तलाश कराने में लगी हुई हैं, लेकिन महिला का कुछ पता नही चल सका। सिमिरिया जिला भिंड निवासी 35 वर्षीय परवीना पत्नी सद्दाम मानसिक विक्षिप्त थी, 40 दिनों से खानकाह में रहकर उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार की सुबह 6 बजे पति सद्दाम से कहा कि वह यमुना पुल टहलने जा रही है कुछ देर बाद वापस आ जाएगी। जब सद्दाम कुछ देर के बाद वहां पहुंचा तो परवीना ने पुल से यमुना नदी में छलांग लगा चुकी थी। अभी तक महिला का पता नहीं चल पाया है।

# युगराज सिंह डिग्री कॉलेज में हुई शिव परिवार की स्थापना



**फतेहपुर।** ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय परिसर में आज विधिवत शिव परिवार स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुआ। आयोजक उदय प्रताप सिंह पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक एवं अभय प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत फ्तेहपुर की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत् विगत तीस मई को महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित मंदिर में जलाभिषेक एवं वेदी पूजन किया गया। 31 मई को देवी पूजन एवं रुद्राभिषेक हुआ एवं आज फ्ला दिवस, वेदी पूजन, देव प्रतिष्ठा एवं पूर्ण आहुति के साथ शिव परिवार स्कूल कैंपस से गाजे-बाजे के साथ शहर के पांच प्रमुख मंदिरों में मूर्ति पूजन करने के लिए ले जाया गया।

सबसे पहले अयोध्या कुटी में बने ओमकारेश्वर मंदिर फ्रि श्रीबांके बिहारी मंदिर होते हुए मोटे महादेव मंदिर, साईं मंदिर और फ्रि तामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात यह यात्रा वापस स्कूल कैंपस में बने मंदिर में मूर्तियों को प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रतिस्थापित किया गया। यात्रा में शहर के बड़ी संख्या में लोगों ने सहभाग किया।

# आठ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भूटान की राजधानी थिम्पू जायेगा

● भूटान जाकर हिंदी सम्मेलन में भाग लेंगे प्रतिनिधिमंडल सदस्य

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**हिंदी** सम्मेलन में डा रामकृष्ण राजपूत के साथ आठ सदस्यीय दल भूटान जायेगा 21वे अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में डा रामकिशन राजपूत के साथ आठ सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल भूटान की राजधानी थिम्पू जायेगा। पूरे देश से इस सम्मेलन में 103 सदस्यीय प्रतिनिधि शामिल होने जायेंगे। यह बात पलरिया स्थित अपने आवास पर इतिहासकार डा रामकिशन राजपूत ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 4से 11जून के बीच होने वाले हिन्दी सम्मेलन में चार दिन कई सत्र का आयोजन जिसमे राजनीति का धरम करम और धरम करम की राजनीति प्रकाशित होने वाली वार्षिकी में इस जनपद की भागीदारी होगी। 30 पुस्तकों ,पत्रिकाओं का विमोचन, साहित्यिक ,सांस्कृतिक संगोष्ठीयों में प्रभारी भागीदारी, रचना, पाठ, वक्तव्य आदि में जनपद की भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि 3 जून को लखनऊ से जलपाई गुड़ी होते हुए हम भूटान बौद्ध सांस्कृतिक केंद्र की राजधानी थिम्पू के पारो एयर पोर्ट पहुचेगें। चार दिन के सत्र के बाद कई दार्शनिक स्थलों का सभी भ्रमण करेंगे।

## पुलिस विभाग में फेरबदल 12 निरीक्षक व 5 उपनिरीक्षक इधर से उधर

**फर्रुखाबाद।** अनिल चौबे कोतवाली,विनोद शुक्ला कादरी गेट थानाध्यक्ष बने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस विभाग में फेरबदल किया है जिसमें 12 निरीक्षकों एंव 5 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। निरीक्षक अनिल कुमार चौबे को थाना प्रभारी फ़र्रुखाबाद व उपनिरीक्षक बलराज भाटी को थानाध्यक्ष शमशाबाद बनाया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने देर रात पुलिस महकमें में फेरबदल किया है जिसमें 12 निरीक्षक रामकरन सिंह को वाचक पुलिस अधीक्षक बनाया गया, निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज को प्रभारी निरीक्षक राजेपुर बनाया गया, निरीक्षक अमरपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदाबाद, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार चौबे को थाना प्रभारी फ़र्रुखाबाद, निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल को थाना प्रभारी कादरीगेट बनाया गया, निरीक्षक अमित गंगवार को एसओजी प्रभारी बनाया गया, निरीक्षक रामअवतार को वीआईपी सेल का प्रभारी बनाया गया। निरीक्षक मानिक चन्द्र पटेल को आईजीआरएस प्रभारी बनाया गया, निरीक्षक राजीव पाण्डेय को चुनाव सेल का प्रभारी बनाया गया, निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सोलंकी को निरीक्षक अपराध थाना फ़र्रुखाबाद बनाया गया।

## डिप्टी सीएम आज विकास योजनाओं की करेंगे समीक्षा

**कानपुर देहात।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आज जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा करेंगे। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रोटोकाल के अनुसार डिप्टी सीएम शाम करीब 4 बजे औरैया से जनपद की सीमा में प्रवेश करेंगे उसके बाद डिप्टी सीएम जिले में जनकल्याणकारी विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे, शाम साढे पॉच बजे डिप्टी सीएम भाजपा जिला कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे उसके बाद डिप्टी सीएम जिला अस्पताल का निरीक्षण करेंगे, शाम करीब 7 बजे डिप्टी सीएम कलेक्ट्रेट सभागार में सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी नीतियों की समीक्षा करेंगे, रात्रि 8:30 बजे माती स्थित गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे, अगले दिन शनिवार को डिप्टी सीएम सुबह 8 बजे जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। डिप्टी सीएम रनियॉ होते हुये कानपुर नगर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# यदि ठगी पीड़ितों का भुगतान नहीं तो मतदान नहीं: सूरजदीन




**फतेहपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजदीन विश्वकर्मा ने कहा कि ठगी पीड़ितों को जब तक भुगतान नहीं किया जायेगा तब तक वह मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होने पहले भुगतान फ्रि मतदान का नारा भी बुलंद किया। गुरुवार को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की जिला कार्यकारिणी की ओर से शहर के एक मैरिज हाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजदीन विश्वकर्मा व प्रदेश अध्यक्ष डा. राम सागर शुक्ला का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष राकेश कुमार साहू के अलावा संगठन के संस्थापक संयोजक मदन लाल आजाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामलखन पाल, शिवशंकर द्विवेदी, राष्ट्रीय महासचिव रमेश सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता विकास त्रिपाठी समेत पदाधिकारियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब तक देश के समस्त ठगी पीड़ितों का भुगतान नहीं हो जाता तब तक कोई भी ठगी पीड़ित मतदान में भाग नहीं लेगा। उल्लेखनीय है कि देश के 42 करोड़ ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों के भुगतान की मांग को लेकर संगठन राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन चला रहा है।

# सैम-मैम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कराएं उपचार : जिलाधिकारी

● राज्यमंत्री व डीएम ने पीएम आवास योजना व स्ट्रीट वेंडर्स लाभार्थियों से की वार्ता

**कानपुर देहात।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा जिला पोषण समिति की बैठक जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में आयोजित हुई, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने भी प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग में समस्त सीडीपीओ को 1 दिन की आंगनवाड़ी की भूमिका का निर्वहन विगत दिवस किए जाने का फीडबैक लिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के सैम मैम सत्यापन के कार्य, पोषण ट्रैकर में फीडिंग, बच्चों के आधार फीडिंग के कार्य में ज्यादा से ज्यादा प्रगति लाने हेतु सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया। उन्होंने समस्त सीडीपीओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति को सुधारें, आंगनवाड़ी केंद्रों में संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें।

रेहड़ी-पटरी (स्ट्रीट वेंडर) के लोगों में 'स्वनिधि' योजना के प्रति जागरूकता के दृष्टिगत राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला जिलाधिकारी नेहा जैन, ने इको पार्क सामुदायिक भवन माती में संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर स्वनिधि महोत्सव का शुभारंभ कर रेहड़ी-पटरी वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्वनिधि महोत्सव के आयोजन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार ने रेहड़ी-पटरी (स्ट्रीट वेंडर) वालों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'स्वनिधि योजना' शुरू की है। इस योजना के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने शुरू किया है, जिसका उद्देश्य रेहड़ी-पटरी वालों को न केवल ऋण देकर सशक्त बनाना है तथा उनका पूर्ण विकास और आर्थिक उन्नयन करना है।

# सीडीओ ने विकास खंड मलासा ग्रामीण पेयजल योजना का किया निरीक्षण

● कार्यदायी संस्था द्वारा मनमानी किए जाने पर दी कठोर चेतावनी

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्य पाण्डेय ने विकास खण्ड मलासा की ग्रामीण पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। उन्हें अवगत कराया गया कि इस ग्रामीण पेयजल योजना की अनुमानित लागत रु. 296.64 लाख है तथा अब तक धनराशि रु. 42.26 लाख व्यय की जा चुकी है।

उन्होंने निरीक्षण में देखा कि कार्यदायी संस्था- इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी लि. द्वारा लगभग 9 माह का समय व्यतीत होने के उपरान्त भी वर्तमान तक एक भी हाउस कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति नहीं की गयी है, उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि कार्यदायी संस्था द्वारा अपने मनमाने ढंग कार्य किया जा रहा है, उन्होंने जल निगम के जेई सुनील कुमार को निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्था को अंतिम कठोर चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण तलब किया जाए एवं चेतावनी दी जाए कि यदि कार्यदायी संस्था द्वारा बरसात से पूर्व कार्य समाप्त नहीं किया जाता है तो कार्यदायी संस्था को ब्लैकलिस्ट करते हुए व्यय की गयी धनराशि की वसूली कार्यदायी संस्था से कराई जाए।

उन्होंने कहा कि जल निगम के निरीक्षण के समय इलेक्ट्रिकल एंड मेकेनिकल एवं ऑपरेशनल एंड मेंटिनेंस के अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं रहते है अत: अधिशाषी अधिकारी जल निगम इनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए इन्हें हटाये जाने की कार्यवाही शीघ्र करें।

वहीं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा मार्गों में पाईप लाइन बिछाये जाने पश्चात मार्ग में लगे ईटों को पुन: लगाकर मार्ग को सही ढंग से दुरुस्त नहीं किया जाता है, उन्होंने जल निगम के जेई सुनील कुमार को निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्था को इस सम्बन्ध में चेतावनी दी जाए एवं इस बात की पुष्टि करते हुए इनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जाए।

## संस्कार भारती कार्यशाला में योग का दिया गया प्रशिक्षण



**फर्रुखाबाद।** संस्कार भारती द्वारा चल रही ग्रीष्मावकाश कला संस्कृति कार्यशाला के बच्चों को योग प्रशिक्षण दिया। नगर के सेनापति स्ट्रीट स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में संस्था द्वारा चल रही ग्रीष्मावकाश कार्यशाला में विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को संस्था की सदस्य योग प्रशिक्षक अर्चना द्विवेदी ने योग प्रशिक्षण देकर उन्हें योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। महिला पतंजलि जिला प्रभारी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश अर्चना द्विवेदी ने बच्चों को प्राणायाम और आसनों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लाभ बताए। उन्होंने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सूर्य नमस्कार और एकाग्रता के लिए भ्रमरी अनुलोम विलोम, ओंकार और ध्यान प्रणव महत्वपूर्ण है।

# फाइनेंस कम्पनी के मैनेजर, एआरटीओ सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज


● गाड़ी मालिकों को गुमराह कर उनके कागजात पर फर्जी तरीके से लिया गया कर्ज

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**फाइनेंस** कम्पनी के मैनेजर व एआर टीओ सहित 6 फर्जीवाड़ा कर लोन करने में फंसे गाड़ी मालिकों को गुमराह कर उनके कागजात पर फर्जी तरीके से 37 लाख 60 हजार का लोन निकाल कर हड़प कर जाने के मामले में पुलिस नें फाइनेंस कम्पनी के मैनेजर, एआरटीओ सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

मामले में 17 पीड़ित कार मालिकों नें सामूहिक रूप से एफआईआर पंजीकृत करायी। जिसमें कहा कि आवास विकास स्थित श्रीराम फाइनेंस द्वारा 17 गाड़ियों का लगभग 37,60,000 लाख रुपया कुटरचित तरीके से दस्तावेज तैयार कर फर्जी लोन निकाल कर पैसा गबन कर लिया गया। सत्यम दुबे नें गाड़ियों के कागजात यह कहकर लिये की वह 20-20 हजार रुपये में शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग में लगा देगा । जिसकी पूरी योजना श्रीराम फाइनेंस मैनेंजर विपिन राठौर, सुशील कुमार कलेक्शन मैनेजर नें बनायीं। इसके साथ ही इंडियन ओबरसीज बैंक में फर्जी खाते खोले गये। उसी में पैसे का गबन किया गया। इसके साथ ही आरटीओ फ़र्रुखाबाद द्वारा गाड़ी मालिकों को बिना जानकारी के डुप्लीकेट आर सी जारी की गयी। आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## कानपुर से आयी यात्रा का गुरुद्वारे में हुआ भव्य स्वागत



**फतेहपुर।** सिखों के ग्यारहवे गुरु गुरु ग्रंथ साहिब जी का हस्त लिखित स्वरूप पटना साहिब में विराजमान होना है। हस्त लिखित स्वरूप बाबा हरिंदर पाल द्वारा लिखा गया है। बाबा हरिंदर पाल इससे पहले पांच गुरु ग्रंथ साहिब हाथ से लिख चुके है। जिसमें पौंटा साहिब (हिमांचल प्रदेश), दरबार साहिब (अमृतसर-पंजाब), नांदेड़ साहिब (महाराष्ट्र), पटना साहिब (बिहार) व दमदमा साहिब (पंजाब) में विराजमान है। अब गुरुग्रंथ साहिब जी का छवा स्वरूप के लिए गुरूवार को कानपुर से बाबा हरिंदर पाल के नेतृत्व में यात्रा प्रारम्भ कर पटना साहिब बिहार जाएगी। शोभा यात्रा पांच जून को पटना साहिब में हस्तलिखित गुरुग्रंथ साहिब को विराजमान कर कानपुर लौटेगी। शोभा यात्रा का स्वागत रेल बाजार स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान पपिन्दर सिंह की अगुवाई में हुआ। मुख्य रूप में लाभ सिंह, जतिंदर पाल सिंह, संतोष सिंह, वरिंदर सिंह, सतपाल सिंह, सरनपाल सिंह, गुरमीत सिंह व कानपुर से सतनाम सिंह सूरी, दरबार साहिब के ग्रंथी हरजिंदर सिंह, गुरनाम सिंह मेनगापुर पीलीभीत शामिल रहे।

# चोरों ने गेहूं चावल व अभिलेख चोरी किये

**मौदहा,** हमीरपुर। पढोरी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव के प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील की सामग्री गेहूं चावल एवं विद्यालय के दस्ताबेज चोर चुरा ले गये। पुलिस से लिखित शिकायत की है। ग्राम पंचायत परछा के सढा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोमनाथ बाजपेई ने पुलिस को बताया कि इन दिनों विद्यालय की छुट्टियां चल रही जिससे विद्यालय आना जाना नहीं हो पा रहा है गुरुवार को प्रात: गांव के ग्रामीणों ने फ्रोन पर जानकारी दी कि आपके विद्यालय की चोरी हो गई है सामान बिखरा पड़ा है जिसकी सूचना पर पढोरी चौकी प्रभारी अजीत कुमार मौके पर पहुंचकर जायजा लिया जिसमें मध्यान भोजन एवं सामग्री व कक्षा में बच्चों को पढ़ायी जाने वाले किट भी गायब है वही विद्यालय कक्ष में रखें सरकारी जरूरी दस्तावेज आदि इस संबंध में कोतवाली प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली है। जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, शोहदा ले उड़ा किशोरी

**मौदहा, हमीरपुर।** परिजनों द्वारा अपनी पुत्री से छेड़खानी करने और धमकी देने की शिकायत सम्बंधित चौकी और कोतवाली में दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की जिसके चलते दबंग शोहदा किशोरी को ले उडा, हालांकि इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छेड़खानी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है। इस समय क्षेत्र में यौन शोषण और लैंगिक अपराधों की घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हो रही है। क्षेत्र के एक पिता ने बीते तीन दिन पहले अपनी पुत्री के साथ छेड़खानी करने और फोन पर धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है।जिसके परिणाम मे दबंग किशोरी को ले उड़ा। पीड़ित ने बताया कि वह अपने और अपने परिवार को लेकर भयभीत है और कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। लेकिन पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने से दबंग के हौसले इतने बढ़ गए कि वह गुरुवार को किशोरी को ले उड़ा। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने तीन दिन पहले दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर छेड़छाड़ करने की धारा सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

पायनियर
लखनऊ ,शुक्रवार, 2 जून, 2023



# रूस ने यूक्रेन की राजधानी पर फिर दागीं मिसाइलें

● कम से कम तीन लोगों की मौत

भाषा। कीव

**रूस ने बृहस्पतिवार** तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक बार फिर मिसाइलें दागीं, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस ने मई में कीव पर कुल 17 बार हमले किए थे। इनमें से ज्यादातर हमलों में ड्रोन विमानों का इस्तेमाल किया गया था। बृहस्पतिवार को मॉस्को ने यूक्रेनी राजधानी को जमीन से दागी गई मिसाइलों से निशाना बनाया, जिससे कई आवासीय इमारतें, एक क्लीनिक, पानी की एक पाइपलाइन और कई वाहन नष्ट हो गए। अधिकारियों ने पहले कहा था कि रूस के ताजा हमले में कम से कम तीन लोग मारे गए हैं, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने बताया कि इन हमलों में एक बच्चे सहित तीन लोगों की जान गई है, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के सुरक्षा बलों ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने रूस की ओर से दागी गई सभी 10 मिसाइलों को नष्ट कर दिया, लेकिन एक मिसाइल का मलबा एक आवासीय इमारत पर जा गिरा, जिससे उसमें आग लग गई और वहां रह रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने बताया कि मॉस्को ने ताजा हमलों के लिए छोटी दूरी की इस्कंदर और बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इस बीच, कीव के मेयर ने कहा कि यूक्रेन एक जून को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के रूप में मनाता है, लेकिन रूसी हमले के मद्देनजर राजधानी में इस उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। वहीं, प्रशासन ने लोगों से शिविरों या अन्य सुरक्षित ठिकानों के अंदर रहने का अनुरोध किया है। उसने इस हफ्ते की शुरुआत में बालकनी में खड़ी एक महिला के रूसी हमले की चपेट में आकर जान गंवाने के बाद यह कदम उठाया है।



## रूस, चीन के विदेश मंत्री दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स बैठक के लिए तैयार

**केपटाउन।** रूस और चीन के विदेश मंत्री बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका में विकासशील देशों के ब्रिक्स आर्थिक गुट की शुरू हो रही बैठक में अपने समकक्षों के साथ चर्चा करने के लिए तैयार है। बैठक की शुरुआत यूक्रेन में युद्ध सहित प्रमुख भू-राजनीतिक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान से होगी।अधिकांश ब्रिक्स देश युद्ध पर अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों की स्थिति से काफी भिन्न रुख रखते है। बैठक से पहले दक्षिण अफ्रीका के राजदूत ने यूक्रेन को पश्चिम की सैन्य सहायता को संघर्ष को बढ़ावा देने वाली चीजों में से एक के रूप में संदर्भित किया। यूक्रेन को हथियार हस्तांतरित करने के पश्चिमी प्रयासों पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर अनिल सुक्लाल से कहा, संघर्ष को बढ़ावा देने वाले किसी भी प्रयास से समस्या का समाधान नहीं होता है। सुक्लाल ने कहा, हम किसी भी वैश्विक संघर्ष के बारे में नहीं जानते है जिसे युद्ध के माध्यम से हल किया गया हो। उन्होंने कहा, यह सब अधिक दर्द और पीड़ा का कारण बनता है और ब्रिक्स देशों के रूप में, हम यही कह रहे हैः आइए संघर्ष को बढ़ावा देने के बजाय चुनौतियों का शांतिपूर्ण समाधान खोजने पर ध्यान दें। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है। इन देशों के विदेश मंत्रियों की बृहस्पतिवार की बैठक अगस्त में जोहानिसबर्ग में एक बड़े ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्वगामी है जिसमें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को आमंत्रित किया गया है।

## अमेरिका ने सूडान में हिंसा में शामिल पक्षों पर प्रतिबंध की घोषणा की

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह सूडान में हिंसा को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ प्रतिबंध लगाएगा क्योंकि लड़ाई में शामिल पक्ष संघर्ष विराम समझौते का पालन करने में विफल रहे हैं। अमेरिकी गृह विभाग के मुताबिक, अमेरिका सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच जारी संघर्ष में संलिप्त अधिकारियों के साथ ही कुछ अन्य लोगों, जोकि सूडान के लोकतांत्रिक परिवर्तन को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं या इसमें शामिल हैं, पर वीजा प्रतिबंध लगा रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने चार मई को प्रतिबंधों के लिए आधार तय करते हुए एक कार्यकारी आदेश जारी किया था। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने एक बयान में कहा, इन उपायों का उद्देश्य सूडान की शांति, सुरक्षा और स्थिरता को नुकसान पहुंचाने के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराना है।

## विश्व न्यूज

### लंदन में आधुनिक भारतीय साड़ियों की पहली बार बड़े पैमाने पर प्रदर्शनी

**लंदन।** छह गज की शान साड़ी के शौकीनों के लिए ब्रिटेन में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर एक खास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 90 से अधिक किस्म की आधुनिक भारतीय साड़ियों का दीदार किया जा सकता है। यह प्रदर्शनी सितंबर तक आयोजित की जाएगी। लंदन में डिजाइन म्यूजियम ने द ऑफ्टर साड़ी प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न डिजाइनरों तथा स्टूडियो से साड़ी मंगाई गई है और पहले कभी ब्रिटेन में इस तरह की प्रदर्शन का आयोजन नहीं किया गया। कपड़ों की बनावट, बुनाई, रंग और उन्हें पहनने के तरीकों के जरिए इस प्रदर्शनी में फैशन में क्रांति का एक अनूठा रूप देखने को मिल सकता है। डिजाइन म्यूजियम में प्रबंधकीय प्रमुख और प्रदर्शनी की अध्यक्ष प्रिया खंचनदानी ने कहा, अपने 5,000 साल के इतिहास में साड़ी सबसे अधिक तेजी से अपना रूप बदल रही है। इसने साड़ी आंदोलन को आज की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक फैशन कहानियों में से एक बनाया है लेकिन ब्रिटेन की दक्षिण एशिया केंद्रित इसकी वास्तविक प्रकृति के बारे में बहुत कम जानकारी है। शहरों में जो महिलाएं पहले साड़ी को किसी खास मौके पर पहनने वाली ड्रेस के रूप में जानती थी वे अब इसे नए अंदाज में हर दिन पहन रही है जो उन्हें अपनी पहचान बताने का मौका देती है।

### नव-नाजियों पर हमले के मामले में युवती को दोषी ठहराए जाने के बाद जर्मनी के कुछ शहरों में प्रदर्शन

**बर्लिन।** नव-नाजियों और अन्य दक्षिणपंथी चरमपंथियों पर हमलों में शामिल होने के लिए जेल की सजा पाने वाली एक युवती के समर्थकों ने अदालत के फैसले के बाद जर्मनी के कुछ शहरों में विरोध प्रदर्शन किया और उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। ड्रेसडेन प्रांत की अदालत ने बुधवार को लीना ई. को एक आपराधिक संगठन का सदस्य होने और नव-नाजियों पर हमले का दोषी ठहराया। दोषी महिला का पूरा नाम गोपनीयता संबंधी नियमों के कारण बताया नही गया है। महिला को पांच साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने कहा कि महिला फैसले से पहले लगभग ढाई साल हिरासत में बिता चुकी है और इसलिए उसे कुछ शर्तो के तहत रिहा कर दिया गया था। फैसले के तुरंत बाद, जर्मनी के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि यदि आगामी दिनो मे वामपंथी हिंसा हुई तो संघीय और राज्य पुलिस निर्णायक कार्वाई करेगी। बुधवार शाम लिपजिग में लगभग 800 लोग प्रदर्शन मे शामिल हुए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बाद में अधिकारियों पर बोतल और पत्थर फेंके और पुलिस अवरोधकों को तोड़ने की कोशिश की।

### अर्जेंटीना की मौसम वैज्ञानिक संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी की पहली महिला प्रमुख चुनी गईं

**बर्लिन।** अर्जेंटीना की एक प्रमुख मौसम वैज्ञानिक संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी की पहली महिला प्रमुख चुनी गई है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने बताया कि बृहस्पतिवार को हुए चुनाव में दो तिहाई सदस्य राष्ट्रों ने सेलेस्टे साउलो का समर्थन किया। साउलो ने 2014 से अर्जेंटीना की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा में निदेशक के तौर पर सेवा दी है। एक अनुभवी शिक्षाविद और शोधार्थी साउलो पेट्टीरी तालास का स्थान लेंगी जो इस साल के अंत में दो कार्यकाल के बाद, जिनेवा स्थित विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव का पद छोड़ देंगे। साउलो 2015 में संगठन की कार्यकारी परिषद मे शामिल हुई थी। संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी अंतरराष्ट्रीय मौसम संबंधी कार्यों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर यह मुद्दा अहम होता जा रहा है।

### सम्मानित पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सैनिक ने अफगानिस्तान में गैरकानूनी तरीके से कैदियों की हत्या की : न्यायाधीश

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित एक पूर्व सैनिक को अफगानिस्तान में गैरकानूनी तरीके से कैदियों को मारने और अन्य युद्ध अपराधों का दोषी पाया गया है। एक न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित बेन रॉबर्ट्स के उन दावों को खारिज कर दिया कि मीडिया द्वारा उसे बदनाम किया गया। संघीय अदालत के न्यायमूर्ति एंथनी बेसांको ने फैसला सुनाया कि 2018 में प्रकाशित लेख रॉबर्ट्स-स्मिथ द्वारा किए गए कई युद्ध अपराधों के बारे में काफी हद तक सही थे। रॉबर्ट्स पूर्व में विशेष वायु सेवा रेजिमेंट में कॉर्पोरल के पद पर थे और अब एक मीडिया कंपनी के कार्यकारी है। रॉबर्ट्स-स्मिथ को अफगानिस्तान में उनकी युद्ध सेवा के लिए वीरता पदक से भी सम्मानित किया गया था। बेसांको ने पाया कि आरोपी ने सैन्य गतिविधि के नैतिक और कानूनी नियमों को तोड़ा और अपने आचरण से ऑस्ट्रेलिया को बदनाम किया। इस फैसले को ऑस्ट्रेलिया के असाधारण प्रतिबंधात्मक मानहानि कानूनों के खिलाफ प्रेस की स्वतंत्रता के लिए एक महत्वपूर्ण जीत के रूप में देखा जा रहा है। यह फैसला अदालत की 110 सुनवाई व लंबे मुकदमे के बाद आया जिसमें विधिक शुल्क के तौर पर ढाई करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक खर्च होने का अनुमान है।

## नेपाल में चीनी नागरिक से रुपए चुराने के आरोप में भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में एक कसीनो में एक चीनी नागरिक से तीन लाख रुपए चुराने के आरोप में 28 वर्षीय एक भारतीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के बयान के मुताबिक, दिल्ली के कासिफ खान को बुधवार रात चीनी नागरिक से पैसे चुराने के आरोप में काठमांडू के वाल्डेन कसीनो से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खान को हिरासत में लेकर मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

## भारतीय नागरिक ने कंपनी के कार्यक्रम में 11.50 लाख रुपए का इनाम जीता

**सिंगापुर।** सिंगापुर में काम करने वाले एक भारतीय नागरिक ने एक कंपनी के डिनर-एंड-डांस कार्यक्रम में 18,888 सिंगापुर डॉलर की राशि जीती है। द स्ट्रेट टाइम्स की खबर के मुताबिक, भारी वाहनों को किराए पर देने वाली कंपनी पोल्लिसुम इंजीनियरिंग ने दक्षिण कोरियाई धारावाहिक स्क्विड गेम की तर्ज पर खेल आयोजित किए थे। खबर के मुताबिक, कंपनी में कार्यरत भारतीय नागरिक सेल्वम अरुमुगम (42) ने पिछले शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में 18,888 सिंगापुर डॉलर (11.50 लाख रुपए से अधिक राशि) जीते। यह रकम उनकी डेढ़ साल की तनख्वाह के बराबर है। अरुमुगम ने कहा कि वह इस रकम का इस्तेमाल भारत में अपने परिवार के लिए घर बनाने के लिए करेंगे, क्योंकि उनका परिवार फिलहाल किराए के फ्लैट में रहता है।

## बिटकॉइन के धनशोधन के आरोप में भारतीय-कनाडाई को हिरासत में लिया गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जिला अदालत ने 2.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बिटकॉइन से जुड़े धनशोधन के मामले में 48 वर्षीय एक भारतीय-कनाडाई उद्यमी को हिरासत में लिया है। यह जानकारी अमेरिका के न्याय विभाग ने दी है। न्याय विभाग ने बताया कि यह कार्वाई अभियोग लगाए जाने के बाद की गई। उसने बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्याजा डॉट कॉम के पूर्व संचालक फिरोज पटेल पर 17 मई को दो अभियोग तय किए गए जिनमें धनशोधन का मामला और उल्लेखित गैरकानूनी गतिविधि से प्राप्त संपत्ति में मौद्रिक लेन देन से जुड़ा मामला शामिल है। विज्ञप्ति के मुताबिक डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की जिला अदालत के न्यायाधीश डेबने एल फ्रिडरिच ने सुनवाई पूरी होने तक पटेल को हिरासत में रखने का आदेश दिया।

## 2023 में कोयम्बटूर का अमृता विश्व विद्यापीठम भारत में शीर्ष स्थान पर

**लंदन।** कोयम्बटूर में अमृता विश्व विद्यापीठम बृहस्पतिवार को जारी टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) इम्पैक्ट रैंकिंग 2023 में भारत के लिए सर्वोच्च स्थान रखने वाले विश्वविद्यालय के रूप में सामने आया है। यह बड़ी वैश्विक चुनौतियों से निपटने वाले संस्थानों के मामले में दुनिया में 52वें स्थान पर है।ऑस्ट्रेलिया में वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय, ब्रिटेन में मैनचेस्टर विश्वविद्यालय और कनाडा में क्वीस विश्वविद्यालय, तमिलनाडु के कोयम्बटूर में अमृता विश्व विद्यापीठम संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरा करने की दिशा मे अपने प्रयासो के लिए शीर्ष स्थान पर है। शीर्ष 300 में अन्य भारतीय विश्वविद्यालयों में पंजाब में लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय शामिल है, जिन्हें 101 और 200 के बीच स्थान दिया गया हैअ हिमाचल प्रदेश में शूलिनी जैव प्रौद्योगिकी और प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय को 101 और 200 के बीच की रैंक दी गई और ओडिशा में केआईआईटी विश्वविद्यालय को 201 और 300 के बीच की रैंक दी गई है।

## अमेरिकी रक्षा प्रमुख ने मुलाकात के लिए चीन के इनकार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

**तोक्यो।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बृहस्पतिवार को तोक्यो में संवाद के महत्व पर जोर दिया और इस बात को दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि उनके चीनी समकक्ष ने सिंगापुर में आगामी वार्षिक सुरक्षा सम्मेलन में उनसे मिलने से इनकार कर दिया है। इस सप्ताह के अंत में वार्षिक शांगरी-ला संवाद एशिया सुरक्षा शिखर सम्मेलन में जाने के दौरान ऑस्टिन ने जापानी रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा के साथ बातचीत की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र और जलमार्गों में चीन की बढ़ती सैन्य कार्रवाइयों को ध्यान में रखते हुए तोक्यो में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे विमानों और हमारे सहयोगियों के विमानों के सामने आक्रामक रूप से आना, यह बहुत ही चिंता का विषय है, और हम आशा करते हैं कि वे अपनी कार्वाई में बदलाव करेंगे। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कहा कि एक चीनी लड़ाकू विमान ने दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी टोही विमान के बेहद करीब आक्रामक रूप से उड़ान भरी।

# जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मुलाकात की

भाषा। केपटाउन

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं वैश्विक हितों के मुद्दों पर चर्चा की। पांच देशों के समूह ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर लावरोव के साथ बातचीत की। जयशंकर ने ट्वीट कर कहा, आज सुबह केपटाउन में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा। हमारी चर्चा में द्विपक्षीय मामले, ब्रिक्स, जी20 और एससीओ शामिल थे। भारत क्रमशः जुलाई और सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। पिछले कुछ महीनों में भारत रूस से रियायती कच्चे तेल का प्रमुख आयातक बन गया है जबकि पश्चिम में यूक्रेन पर रूसी हमले के मद्देनजर इस खरीद को लेकर बेचैनी बढ़ रही है। रूस के साथ भारत के आर्थिक संबंध पिछले एक साल में और मजबूत हुए हैं, जिसका मुख्य कारण रूस से रियायती तेल की खरीद है। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा नहीं की है और वह वार्ता एवं कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान पर जोर दे रहा है।



## अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए प्रमुख खतरों में से एक है आतंकवाद : जयशंकर

**केपटाउन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए प्रमुख खतरों में से एक बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सभी देशों को इसके वित्तपोषण और प्रचार समेत इस खतरे के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए। जयशंकर ने ब्रिक्स के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि आतंकवाद का उसके सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों में मुकाबला किया जाना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में आतंकवादी कृत्यों में संलिप्त लोगों को कभी भी माफ नहीं किया जाना चाहिए। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों की बृहस्पतिवार की बैठक अगस्त में जोहानिसबर्ग में होने वाले ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन से पहले हो रही है। यह समूह वैश्विक आबादी के 41 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 16 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है।

## तुर्किए के राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोआन की जीत की पुष्टि

**अंकारा।** तुर्किए के निर्वाचन बोर्ड ने 28 मई को हुए राष्ट्रपति पद के दूसरे दौर के चुनाव के परिणाम बृहस्पतिवार को घोषित करते हुए रजब तैयब एर्दोआन के तीसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने जाने की पुष्टि की। वह पिछले दो दशकों से तुर्किए की राजनीति में प्रभुत्व रखते हैं। सर्वोच्च निर्वाचन परिषद के प्रमुख अहमत एनेर ने कहा कि एर्दोआन को 52.18 प्रतिशत वोट मिले, वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी के नेता कमाल केलिचडारोग्लू के पक्ष में 47.82 प्रतिशत वोट पड़े। एनेर ने कहा, इन परिणामों के अनुसार स्पष्ट है कि रजब तैयब एर्दोआन राष्ट्रपति चुने गए हैं और परिणामों को सरकारी राजपत्र में प्रकाशन के लिए भेज दिया गया है। कुल मतदान 85.72 प्रतिशत रहा। तुर्किए में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले एर्दोआन (69) अब 2028 तक देश की सत्ता संभाल सकते हैं। अपुष्ट खबरों के अनुसार एर्दोआन शनिवार को पद की शपथ ले सकते हैं जिसके बाद वह अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा कर सकते हैं। उनके सामने चरमराती अर्थव्यवस्था से लेकर लाखों सीरियाई शरणार्थियों की वापसी के दबाव समेत अनेक घरेलू चुनौतियां होंगी।

# जॉर्डन के युवराज हुसैन की शादी में विलियम पत्नी केट के साथ शामिल हुए




भाषा। अम्मान

**जॉर्डन के** युवराज हुसैन की शादी में लोग उस समय आश्चर्यचकित हो गए, जब ब्रिटेन के राजकुमार विलियम अपनी पत्नी केट के साथ विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे। जॉर्डन शाही परिवार में बृहस्पतिवार को हुए विवाह समारोह में ब्रिटिश शाही परिवार के अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन ने भी शिरकत की। इसके अलावा, दुनिया भर की कई मशहूर हस्तियां और शाही परिवारों के सदस्य भी शाही शादी में शामिल हुए। विलियम औरी केट के शामिल होने की सूचना को सार्वजनिक नहीं किया गया था। जॉर्डन की सरकारी मीडिया ने विलियम और केट के जॉर्डन पहुंचने से चंद घंटे पहले इस बाबत जानकारी साझा की। हुसैन (28) सऊदी अरब के शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाली रजवा अल सेफ (29) साथ बृहस्पतिवार को शादी के बंधन में बंध गए। शाही शादी में शामिल होने वाले मेहमान बृहस्पतिवार सुबह अम्मान स्थित एक आलीशान होटल पहुंचे। दुल्हन की एक रिश्तेदार नोरा अल सुदैरी ने कहा, हम इस शादी को लेकर बेहद उत्साहित और खुश हैं। यह हमारे परिवारों के लिए बेहद खुशी का मौका है। यह जॉर्डन और सऊदी अरब के बीच रिश्तों के लिए भी अहम पल है। शाही परिवार में शादी के चलते जॉर्डन में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था ताकि आम लोग भी शाही जोड़े के निकाह के बाद उनके दीदार करने आ सकें। शादी समारोह का प्रसारण देखने के लिए देशभर में कई जगहों पर विशाल स्क्रीन लगाई गईं।

## मोल्दोवा में यूरोपीय शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध, क्षेत्रीय संघर्षों पर चर्चा

**बुल्बोआका (मोल्दोवा)।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को मोल्दोवा में लगभग 50 यूरोपीय नेताओं के एक विशाल शिखर सम्मेलन में अधिक हथियारों और समर्थन की मांग की। इसके साथ ही यह सम्मेलन ऐसे केंद्र बिंदु के तौर पर उभरा जो क्षेत्रीय संघर्षों को शांत करने और रूस के युद्ध के जवाब में एकजुटता को बढ़ावा देता नजर आया। अखिल महाद्वीपीय यूरोपीय राजनीतिक समुदाय की बैठक में रूस और बेलारूस को छोड़कर सभी यूरोपीय देश शामिल थे। सम्मेलन में 47 देशों के राष्ट्रप्रमुख या शासन प्रमुख शामिल थे लेकिन इसका ध्यान महाद्वीप के दक्षिण और पूर्व पर था। पिछले साल यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यह क्षेत्र मॉस्को के साथ रिश्तों के महत्वपूर्ण मोड़ पर है। यूरोपीय संघ (27 देशों का समूह) शिखर सम्मेलन का उपयोग दशकों तक सोवियत संघ के तहत या उसके तत्काल प्रभाव क्षेत्र में रहे कई पूर्वी यूरोपीय देशों तक पहुंचने और रूसी आक्रमण के लिए महाद्वीप की एकीकृत प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए करना चाहता है। लगभग 26 लाख की आबादी वाले पूर्व सोवियत गणराज्य मोल्दोवा में शिखर सम्मेलन आयोजित करने के विकल्प को क्रेमलिन को यूरोपीय संघ और मोल्दोवा की पश्चिम समर्थक सरकार द्वारा एक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। मोल्दोवा का पिछले साल जून में यूक्रेन के साथ यूरोपीय संघ की सदस्यता मिली थी।

### लोक व्यवस्था कायम रखने संबंधी कानून के तहत हिरासत में लिए लोगों को रिहा करें: लाहौर उच्च न्यायालय

**लाहौर।** लाहौर उच्च न्यायालय ने नौ मई की हिंसा के बाद पंजाब सूबे में लोक व्यवस्था कायम रखने संबंधी आदेश (एमपीओ) के तहत पकड़े गए लोगों की हिरासत को अमान्य करार दिया। अदालत ने उन लोगों को रिहा करने का आदेश दिया जिनके खिलाफ अन्य मामले दर्ज नही है। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सफदर सलीम शाहिद ने यह आदेश उन याचिकाओं पर दिया जिनमें सूबे के 11 जिलो में कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों को एमपीओ के तहत हिरासत में लेने को चुनौती दी गई थी। इस फैसले से पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को बड़ी राहत मिली है जिसके कई नेता हिंसा के बाद से सलाखों के पीछे है।

### पीएम की सुरक्षा में मूलभूत खामी की वजह से हमलावर पाइप बम फेंकने में सफल हुआ : जापान पुलिस



**तोक्यो।** जापान की राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि मेटल डिटेक्टर और सामान की जांच करने के लिए उपकरणों की कमी जैसी मौलिक सुरक्षा खामियों की वजह से इस साल अप्रैल में चुनावी सभा के दौरान हमलावर प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर पाइप बम फेंकने में सफल रहा। उल्लेखनीय है कि हमलावर द्वारा फेंका गया बम किशिदा के नजदीक गिरा था और उसमें धमाके से ऐन पहले विशेष पुलिस ने उन्हें पीछे धकेल दिया था जिससे वह बाल-बाल बचे। संदिग्ध रियुजी किमुरा (24) को 15 अप्रैल को पश्चिमी प्रीफेक्चर वाकायामा के साइकाजाकी बंदरगाह स्थित घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया था। किशिदा वहां स्थानीय उम्मीदवार के समर्थन मे प्रचार करने पहुंचे थे। किमुरा इस समय पुलिस हिरासत मे है और अदालत के निर्देश पर उसका मानसिक विश्लेषण किया जा रहा है जो एक सितंबर तक चलेगा।

### सिंगापुर के पीएम ली एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग एक बार फिर कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गए है। ली ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर लिखा, मै ठीक महसूस कर रहा हूं, लेकिन मुझे डर है कि मै फिर कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट मे आ गया हूं। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री ली ने कहा, मेरे डॉक्टरो का कहना है कि मै संक्रमण से उबरने के बाद संभवतः एक बार फिर इसकी चपेट में आ गया हूं। पांच से 10 प्रतिशत मामलो मे ऐसा होता है। ली (71) ने बताया कि वह उनसे अब भी संक्रमण फैलने का खतरा है, हालांकि प्रारंभिक संक्रमण की तुलना मे यह काफी कम है। ली ने कहा कि उनके चिकित्सकों ने एआरटी जांच में उनके संक्रमण मुक्त होने की पुष्टि होने तक उनसे पृथक रहने के लिए कहा है। ली दक्षिण अफ्रीका और केन्या की यात्रा के बाद 22 मई को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। उन्होंने 28 मई को फेसबुक पर संक्रमण मुक्त होने की जानकारी दी थी।

### कोरोना वायरसः बच्चों के विकास की स्थिति उतनी बुरी नहीं, जितनी आशंका थी, लेकिन पहले से खराब

**कैलगरी।** कोरोना वायरस वैश्विक महामारी ने ऐसी परिस्थितियां पैदा की, जिनके कारण बच्चों के उचित विकास को लेकर खतरा पैदा हो गया। वैज्ञानिकों एवं चिकित्सकों ने वैश्विक महामारी की शुरुआत में चिंताएं जताई थी कि माता-पिता पर बढ़ता तनाव, कोरोना वायरस संक्रमण, अन्य बच्चों एवं वयस्कों के साथ संवाद कम होना और स्वास्थ्य सेवा में बदलाव के कारण बच्चों का विकास प्रभावित हो सकता है। इन चिंताओं के मद्देनजर हमने यह समझने के लिए कनाडा में गर्भवती मांओं संबंधी दीर्घकालिक अध्ययन शुरू किया कि महामारी संबंधी तनाव के कारण बाद में बच्चों के विकास पर क्या असर पड़ सकता है। हमारे शुरुआती निष्कर्ष चिंताजनक हैः वैश्विक महामारी से पहले गर्भवती हुई महिलाओं की तुलना में महामारी के शुरुआती चरण में गर्भवती हुई मांओं में घबराहट एवं अवसाद की दर दो से चार गुणा अधिक रही। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में इस प्रकार की बढ़ोतरी दुनियाभर में देखी गई। महामारी का बच्चे के विकास पर असर समझने के लिए हमने महामारी के शुरुआती 18 महीनों में पैदा हुए 12 महीने के 3,742 बच्चों के विकास संबंधी अध्ययन किया। फिर हमने इन बच्चों की तुलना 2015 से 2018 के बीच कनाडा में जन्मे 2,898 बच्चों के इसी प्रकार के समूह से की।

# नाटो ने तुर्किए पर स्वीडन की सदस्यता को मंजूरी देने के लिए दबाव डाला



भाषा। ओस्लो (नॉर्वे)

**नाटो ने** बृहस्पतिवार को सदस्य राष्ट्र तुर्किए पर स्वीडन की सदस्यता पर अपनी आपत्तियों को छोड़ने के लिए दबाव बढ़ाया। सैन्य संगठन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके समकक्षों की अगले महीने होने वाली मुलाकात तक इस मुद्दे को सुलझाना चाहता है। इस 31 सदस्ईय संगठन यूक्रेन की गैर-सदस्य स्थिति को मजबूती देने और सुरक्षा प्रतिबद्धताओं के लिए एक रूपरेखा तैयार करने पर भी विचार कर रहा है जिसकी पेशकश वह रूस के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद कर सकता है। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो 11-12 जुलाई को लिथुआनिया में संबद्ध नेताओं की बैठक के समय तक स्वीडन को गठबंधन के दायरे में लाना चाहता है। उन्होंने कहा कि कहा कि गठबंधन सहयोगी यूक्रेन के लिए लंबी अवधि के वित्त पोषण और सुरक्षा योजना पर प्रगति की भी उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहयोगी इस बात पर सहमत हैं कि यूक्रेन नाटो का सदस्य बन जाएगा लेकिन इस बीच गठबंधन को उसे सुरक्षा प्रतिबद्धताएं और पर्याप्त नई निधि मुहैया करानी चाहिए। उन्होंने कहा, आज हमारा ध्यान इस बात पर था कि हम यूक्रेन को नाटो, जहां का वह है, के करीब कैसे ला सकते हैं। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, कोई नहीं जानता कि युद्ध कब समाप्त होगा, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जब ऐसा हो तो हमारे पास भविष्य में यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी देने और रूस की आक्रामकता के चक्र को तोड़ने के लिए विश्वसनीय व्यवस्था हो।

# पाकिस्तान में घर के भीतर विस्फोट में छह लोगों की मौत, तीन घायल

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान के** पंजाब प्रांत में बृहस्पतिवार को एक घर में हुए विस्फोट में एक ही परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना पंजाब प्रांत के कोट अड्डू जिले में हुई। पुलिस के मुताबिक, डेरा दीन पनाह निवासी मोहम्मद इकबाल कबाड़ का कारोबार करते थे और कभी-कभी इससे जुड़ा कुछ सामान घर में भी रखते थे। पुलिस ने कहा, बृहस्पतिवार सुबह इकबाल के घर के उस कमरे में शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जहां कबाड़ का सामान रखा जाता था। इस घटना में इकबाल, उनकी पत्नी हसीना, उनके दो नाबालिग बच्चों और दो महिला रिश्तेदारों की मौके पर ही मौत हो गई। उसने कहा कि घटना में तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का मानना है कि घर में कुछ विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी जो घटना का कारण बनी। पुलिस ने कहा कि विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। इस बीच, पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

## खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीकाकरण टीम पर हमला

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे पोलियो टीकाकरण टीम पर अज्ञात हमलावरों के हमले में कम से कम एक सैनिक की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। सेना की मीडिया शाखा ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में बताया गया है कि उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले के स्पिनवाम क्षेत्र मे आतंकवादियों ने एक पोलिया टीकाकरण टीम पर गोलियां चलाई।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 2 जून 2023



# राव ने विपक्षी एकता की कोशिश छोड़ी

## तेलंगाना मॉडल पर ध्यान देंगे तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव

**भाषा।** हैदराबाद



**भारत** राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने बृहस्पतिवार को कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख के चंद्रशेखर राव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश छोड़ दी है। राज्य सरकार में मंत्री केटी रामा राव ने बृहस्पतिवार को बताया कि पार्टी अब देश में तेलंगाना विकास मॉडल को पेश करने पर ध्यान देगी।

रामा राव ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब उनके पिता चंद्रशेखर राव अपनी पार्टी बीआरएस का विस्तार राष्ट्रीय स्तर पर करने की कोशिशों में जुटे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामा राव ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परोक्ष हवाला देते हुए कहा कि देश को एक पार्टी या एक व्यक्ति के खिलाफ घृणा के आधार पर नहीं, बल्कि शासन के सकारात्मक मॉडल के आधार पर विपक्षी एकता की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम यह सारी कोशिशें करने बाद कह रहे हैं। हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि एक नई राष्ट्रीय पार्टी हो (जिसे राष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जाएगा), क्योंकि इस देश में एक बहुत बड़ा शून्य है। मूल बात है कि विपक्ष बुरी तरह विफल रहा है। चंद्रशेखर राव ने गैर भाजपा व गैर कांग्रेस दलों को एकजुट करने के लिए कई नेताओं से मुलाकात की थी, जिनमें एम के स्टालिन (तमिलनाडु), नीतीश कुमार (बिहार) और अरविंद केजरीवाल (दिल्ली) समेत कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल थे। उनका आरोप था कि दोनों राष्ट्रीय दल देश का विकास करने में नाकाम रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी का विस्तार राष्ट्रीय स्तर पर करने की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में तीन-चार जनसभाओं को संबोधित भी किया और पड़ोसी राज्य के कई नेता तबसे बीआरएस में शामिल भी हो गए। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद उन्होंने कहा था कि यह कांग्रेस की जीत नहीं है, बल्कि मौजूदा (भाजपा) सरकार को लोगों ने खारिज किया है।

### राहुल गांधी राजनीति को लेकर गंभीर नहीं हैं, उन्हें एनजीओ खोलना चाहिए : केटीआर

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और तेलंगाना के मंत्री के टी रामराव ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस नेता को राजनीतिक दल चलाने के बजाय एक एनजीओ खोलना चाहिए क्योंकि वह कभी राजनीति को गंभीरता से नहीं लेते हैं। यहां मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में केटीआर के नाम से मशहूर रामराव ने कहा कि राजनीति की तरफ राहुल गांधी की गंभीरता की कमी तब साफ नजर आई जब उन्होंने गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार नहीं किया और अपनी भारत जोड़ो यात्रा करते रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने गंभीर राजनीति करने के बजाय अमेरिका में मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम आयोजित किया। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर बीआरएस नेता ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नाकामी है और कांग्रेस का इस उपलब्धि में कोई योगदान नहीं है। उन्होंने कहा, कर्नाटक के लोगों ने भाजपा की अक्षमता और भ्रष्टाचार को खारिज कर दिया और राज्य में चुनाव परिणाम का तेलंगाना पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारत को चुनाव और चयन की जरूरत है, अस्वीकृति की नहीं।

## फ्रैंको मुलक्कल ने जालंधर बिशप के पद से इस्तीफा दिया

**तिरूवनंतपुरम।** बलात्कार के आरोपों के बाद, 2018 में पोप फ्रांसिस द्वारा अस्थाई रूप से कार्यमुक्त कर दिए गए बिशप फ्रैंको मुलक्कल ने जालंधर बिशप के पद से इस्तीफा दे दिया है। भारत में वेटिकन के एक प्रतिनिधि ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मुलक्कल पर एक नन ने बलात्कार का आरोप लगाया था।

गिरजाघर के एक अधिकारी ने बताया कि बलात्कार के मामले में केरल की एक अदालत द्वारा बरी किए जाने के डेढ़ साल बाद मुलक्कल ने इस्तीफा दिया है। उनका यह कदम डिकोसे (बिशप के क्षेत्र) में एक नए बिशप की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करेगा। उल्लेखनीय है कि एक वीडियो में, बिशप ने यह पुष्टि की है कि वेटिकन ने आज उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

भारत में वेटिकन के शीर्ष स्तरीय राजनयिक मिशन ने एक बयान में कहा, फादर पोप फ्रांसिस ने फ्रैंको मुलक्कल द्वारा जालंधर के बिशप के तौर पर सौंपा गया इस्तीफा आज, एक जून 2023 को स्वीकार कर लिया।

# राष्ट्रपति ने कहा भारत, नेपाल के साथ विकास भागीदारी बढ़ाने को प्रतिबद्ध

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने सहित पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के साथ विकास भागीदारी बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए नेपाल एक प्राथमिकता वाला देश है।

राष्ट्रपति भवन में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड का स्वागत करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत-नेपाल के द्विपक्षीय सहयोग में हालिया वर्षों में काफी मजबूती आई है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, कोविड-19 महामारी के कठिन समय में भी दोनों देशों के बीच व्यापार जारी रहा। नेपाल के प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान मुर्मू ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच खुली सीमा ने दोनों तरफ से पर्यटन को बढ़ावा दिया है।

उन्होंने दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि भारत महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने सहित नेपाल के साथ अपनी विकास साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।

मुर्मू ने प्रचंड को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने पर उन्हें बधाई दी। राष्ट्रपति ने यह विश्वास भी जताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री प्रचंड ने यहां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। प्रचंड चार दिवसीय भारत यात्रा के तहत बुधवार को दोपहर बाद दिल्ली पहुंचे।

# प्रसिद्ध कलाकार, पूर्व आईएएस अधिकारी और कई अन्य हस्तियां भाजपा में हुईं शामिल

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** की राजधानी रायपुर में बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ी फिल्म के प्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री अनुज शर्मा, लोक कलाकार पद्मश्री राधेश्याम बारले और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी समेत कई हस्तियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ली। भाजपा के संचार विभाग के प्रमुख अमित चिमनानी ने बताया कि पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर बृहस्पतिवार को भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर की उपस्थिति में राज्य की जानी-मानी हस्तियां अपने सैकड़ों साथियों-प्रशंसकों के साथ भाजपा से जुड़ गईं।

उन्होंने बताया कि भाजपा में आने वालों में पद्मश्री सम्मान प्राप्त हस्तियां, पूर्व आईएएस, समाज प्रमुख, जन प्रतिनिधि, किसान, छात्र, अधिवक्ता, फिल्म निर्माता, निर्देशक, निर्माण प्रबंधक, व्यापार जगत की मशहूर हस्तियां, राज्य अलंकरण पुरस्कार से पुरस्कृत और अंतरराष्ट्रीय ख्यति प्राप्त छत्तीसगढ़ी लोककला के अग्रणी कलाकार शामिल हैं।

चिमनानी ने बताया कि विभिन्न विधाओं के राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित हस्तियां, पद्मश्री राधेश्याम बारले के नेतृत्व में दुर्ग संभाग के 169 कलाकारों, रायपुर संभाग के लगभग एक सौ और बिलासपुर संभाग के 28 कलाकारों सहित 309 कलाकारों ने भाजपा में प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह पद्मश्री अनुज शर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्रीज के एक दर्जन कलाकारों और आधा दर्जन निर्माता, निर्देशक, निर्माण प्रबंधक, एक दर्जन किसानों सहित 52 लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया उनके अनुसार उनमें छात्र, व्यापारी और अधिवक्ता भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा में शामिल होने वालों में अनेक जिलों के जिलाधिकारी रहे, पूर्व संयुक्त सचिव तथा प्रशासनिक सुधार आयोग के पूर्व सचिव राजपाल सिंह त्यागी भी शामिल हैं।

चिमनानी ने बताया कि अखिल भारतीय मरार, माली, कुशवाहा, मौर्य, सैनी महासभा छत्तीगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र नायक पटेल के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग के रायपुर संभाग के 28 समाज प्रमुखों ने भाजपा में प्रवेश लिया। उन्होंने बताया कि रायपुर संभाग के गोंड आदिवासी समाज के प्रमुख युवा समाजसेवी विजय ध्रुव के नेतृत्व में धमतरी-सिहावा क्षेत्र के साहू समाज, निषाद समाज, सेन समाज, कुर्मी समाज और अनुसूचित जाति वर्ग के 35 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा नेता ने बताया कि रायपुर नगर निगम के निर्दलीय पार्षद अमर बंसल के नेतृत्व में 28 समाजसेवियों ने भी भाजपा का दामन थामा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने इस अवसर पर भाजपा की सदस्यता लेने वालों का स्वागत किया और कहा कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में पार्टी के लिए शुभ संकेतों का प्रारंभ है और इस बात पर मुहर भी है कि राज्य में कांग्रेस और उसकी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उनका कहना था कि प्रदेश के लोग कांग्रेस के कुशासन से बेहद त्रस्त हो गए हैं और अब वे भारतीय जनता पार्टी की ओर विश्वास भरी नजरों से निहार रहे हैं। साव ने कहा, प्रदेश का जनमानस भाजपा की रीति-नीति, कार्यक्रमों और विचारधारा से प्रभावित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों और सुशासन ने देशवासियों के भीतर विश्वास उत्पन्न किया है। वहीं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने वादाखिलाफी, घोटाले और भ्रष्टाचार करके छत्तीसगढ़ को कुशासन दिया है। चिमनानी ने बताया कि भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में हुए इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह और अन्य नेता मौजूद थे। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष विधानसभा के चुनाव होने हैं, ऐसे में प्रसिद्ध कलाकारों और गणमान्य लोगों का भाजपा प्रवेश महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्ष 2018 में कांग्रेस ने 90 में से 68 विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करते हुए भाजपा के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया था। भाजपा को तब 15 सीट मिली थी।

राज्य में हुए उपचुनावों में जीत के बाद राज्य विधानसभा में कांग्रेस के 71, भाजपा के 14, जनता कॉंग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के तीन और बहुजन समाज पार्टी के दो विधायक हैं।

# भारत की एकता और अखंडता के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिए : मोहन भागवत



**नागपुर (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिए। नागपुर में आरएसएस के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि भारत ने वैश्विक आर्थिक संकट और कोविड-19 महामारी के दौरान सभी देशों में से सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, भारत की एकता और अखंडता के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए।

# तेलंगाना में बन रहा विश्व का पहला थ्री-डी प्रिंटेड मंदिर

**भाषा।** हैदराबाद

**विश्व** का पहला थ्री-डी प्रिंटेड हिंदू मंदिर तेलंगाना में बनाया जा रहा है। शहर की रियल एस्टेट कंपनी अप्सुजा इंफ्राटेक, सिद्दिपेट के बुरुगुपल्ली में 3,800 वर्ग फुट क्षेत्र में इसका निर्माण कर रही है। अप्सुजा इंफ्राटेक इस परियोजना के लिए थ्री-डी प्रिंटेड निर्माण कंपनी सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस की मदद ले रही है और चारविथा मीडोज परियोजना क्षेत्र में इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।

अप्सुजा इंफ्राटेक के प्रबंध निदेशक हरि कृष्णा जीदीपल्ली ने बताया, ढांचे के अंदर तीन गर्भगृह मोदक के प्रतीक हैं, जो भगवान गणेश को प्रिय माना जाता है। एक शिवालय है और, कमल की आकृति का एक कक्ष देवी पार्वती के लिए है।

मार्च में सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), हैदराबाद के साथ मिलकर दो घंटे से भी कम समय में भारत का प्रथम प्रोटोटाइप पुल निर्मित किया था। सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव गांधी ने बताया, इसे भी चारविथा मीडोज, सिद्दिपेट में अंतिम रूप दिया गया था। अवधारणा और डिजाइन प्रोफेसर केवीएल सुब्रमण्यम और आईआईटी हैदराबाद के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के उनके अनुसंधान समूह ने तैयार की। भार उठाने की क्षमता की जांच करने के बाद इसका उपयोग अब मंदिर के चारों ओर स्थित बगीचे में पैदल यात्रियों के पुल के लिए किया जा रहा है। परियोजना स्थल पर अभी कमल की आकृति के मंदिर को निर्मित करने का कार्य किया जा रहा है। जीदीपल्ली ने बताया, शिवालय और मोदक का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के साथ, दूसरे चरण में कमल का ढांचा और गोपुरम का निर्माण कार्य जारी है। गांधी ने कहा, हम पहले ही साबित कर चुके हैं कि गणेश मंदिर को आकार देना पारंपरिक तकनीक से लगभग असंभव था लेकिन इसे थ्री-डी प्रौद्योगिकी के जरिए आसानी से किया जा सका। अब, कमलनुमा ढांचे का निर्माण एक बार फिर निर्माण उद्योग में थ्री-डी प्रिंटिंग के उपयोग से विश्व को अवगत कराएगा।

# भारत ने अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** ने बृहस्पतिवार को अग्नि-। बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया, जिससे रणनीतिक हथियार के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सत्यापित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सामरिक बल कमान (एसएफसी) ने ओडिशा में ए. पी. जे. अब्दुल कलाम द्वीप से मिसाइल का प्रक्षेपण किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एक जून, 2023 को ए. पी. जे. अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से सामरिक बल कमान द्वारा एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया गया। इसमें कहा गया है, यह सिद्ध हो चुका है कि यह मिसाइल बहुत ऊंचाई से लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। इस प्रक्षेपण के जरिए मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक सत्यापित किया गया। भारत पिछले दो दशकों में विभिन्न बैलिस्टिक मिसाइलों, सटीक-निर्देशित युद्ध सामग्री और संबंधित प्लेटफार्म को विकसित करके अपनी सामरिक क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

भारत ने अग्नि श्रृंखला की मिसाइलों के विभिन्न रूपों को विकसित किया है। पिछले दिसंबर में, भारत ने परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था, जो 5,000 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। अग्नि 1 से 4 मिसाइलों की रेंज 700 किलोमीटर से 3,500 किलोमीटर तक है और उन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है।

## क्विक न्यूज

### संसद में राजदंड स्थापित किया जाना नए भारत की प्रतीकात्मकता का हिस्सा: माकपा

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजदंड (सेंगोल) पकड़ने और इसे संसद में स्थापित करने के लिए धर्मगुरुओं के एक समूह के साथ चलने का दृश्य उस नए भारत की प्रतीकात्मकता का हिस्सा है जो हिंदू राष्ट का दूसरा रूप है। वामपंथी दल ने अपने मुखपत्र पीपुल्स डेमोक्रेसी में लिखे एक ताजा संपादकीय में कहा है कि यह सब भारतीय लोकतंत्र के सिद्धांत के प्रतिकूल है। संपादकीय में कहा गया है, यह भारत गणराज्य के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के भी खिलाफ है क्योंकि एक धार्मिक प्रतीक को संसद में प्रमुख स्थान पर स्थापित किया गया है। 28 मई के दिन को संसद के नए भवन के उद्घाटन के लिए चुना गया क्योंकि इस दिन वी डी सावरकर की जयंती होती है। इसने भी नए भारत के विमर्श को गढ़ने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन किया और ऐतिहासिक राजदंड (सेंगोल) को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया।

### जीआरई की अवधि सितंबर से घटाकर आधी कर दी जाएगी

**नई दिल्ली।** ग्रेजुएट रिकॉर्ड एग्जामिनेशन (जीआरई) सामान्य परीक्षा देने में सितंबर से दो घंटे से भी कम समय लगेगा, जो अभी की तुलना में लगभग आधी अवधि की होगी। एजुकेशन टेस्टिंग सर्विस (ईटीएस) ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। ईटीएस ने कहा कि परीक्षा में किए गए बड़े बदलावों में--विश्लेषणात्मक लेखन खंड में तर्क का विश्लेषण करें को हटाना और क्वांटिटेटिव एंड वर्बल रिजनिंग खंड में प्रश्नों की संख्या घटाना शामिल है। ईटीएस अंग्रेजी भाषा की परीक्षा टोफेल और जीआरई का संचालन करती है। पहले परीक्षा की अवधि तीन घंटे 45 मिनट हुआ करती थी, जबकि सितंबर से यह एक घंटे 58 मिनट की हो जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वालों को 10 दिनों के अंदर आधिकारिक अंक प्राप्त हो जाएंगे, जबकि पहले यह अवधि 15 दिनों की थी। एजुकेशन टेस्टिंग सर्विस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सेवक ने कहा, आज हम जिन बदलावों की घोषणा कर रहे है वे इसे रेखांकित करते है कि हम अपने ग्राहकों का कितना ध्यान रखते है। हम उत्पाद नवाचार पेश करते रहने के साथ दो चीजों को संतुलित रखने के लिए प्रतिबद्ध है--परीक्षा लेने वालों के अनुभव को बेहतर करते हुए गुणवत्ता और वैधता कायम रखना। बिजनेस और कानून सहित स्नातक एवं विशेषज्ञता वाले पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए जो परीक्षाएं ली जाती है, उनमें जीआरई सामान्य परीक्षा सर्वाधिक व्यापक है।

### स्वा ने किया विस्तार

**कानपुर।** आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी का एथनिक मेन्सवियर ब्रांड तस्वा अब उत्तर प्रदेश के कानपुर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को पूरी तरह से तैयार है। शहर के प्रमुख शॉपिंग एरिया में स्थितए यह स्टोर पुरुषों के लिए एथनिक और वेडिंग वियर ऑप्शंस की एक उल्लेखनीय रेंज प्रदान करता है। तस्वा का भव्य स्टोर एलिगेंट इंटीरियर्स और द पर्ल कलेक्शन दृ समर रेंज सहित भारतीय पुरुषों के परिधानों की एक परिष्कृत और स्टाइलिश रेंज पेश करता है। बड़ी बारीकी और ध्यान से तैयार किए गए विविध प्रकार के कुर्तेए बूँदिस, शेरवानी, बंदगला, अचकन, चूड़ीदार, अलीगढ़ी और अन्य परिधान प्रदर्शित करते हुएए तस्वा सिल्कए कॉटनए ब्रोकेड से लेकर मखमल तक से बने कपड़ों के एक ताजा एप्रोच के साथ पारंपरिक कारीगरी का जश्न मनाता है। तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहिलियानी ने कहा कि तस्वा मेरा एक पुराना सपना रहा है, जो एबीएफआरएल के माध्यम से संभव हुआ है। इसका नाम ही अपने सर्वश्रेष्ठ संस्करण का प्रतिनिधित्व करता है।

### लाखों की जिंदगी बचा रही आपातकालीन चिकित्सा

**नई दिल्ली।** एशिया की प्रमुख आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया सेवा प्रदाता, जिकित्सा हेल्थकेयर लिमिटेड उत्तर प्रदेश की जनता के लिए एक आशा की किरण बनकर उभरा है। मेडिकल इमरजेंसी में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हुए चिकित्सा हेल्थकेयर ने राज्य में 1,98,827 जिंदगियों को बचाया है। इन मामलों में से 35,996 मामले ऐसे थे जिनमें जिकित्सा ने यातायात हादसे के पीड़ितों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक बिना किसी रुकावट के सुगम रूप से पहुँचाया। इसके अलावा कंपनी ने अपनी तत्पर और प्रभावी देखभाल से अस्थायी स्वास संबंधी मुद्दों के 9,500 से अधिक मामलों में रोगी को सहायता प्रदान की है। जिकित्सा उत्तर प्रदेश टीम के इन सराहनीय प्रयासों में कार्डियक और हार्ट अटैक के 5,461 मरीज भी शामिल है। परियोजना प्रमुख दीपक खरबंदा ने उत्तर प्रदेश की जनता द्वारा उनकी सेवाओं पर रखे विश्वास के लिए धन्यवाद दिया, उन्होंने उत्तर प्रदेश के नागरिकों की सेवा करने का मौका देने के लिए राज्य सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को आभार व्यक्त किया। श्री खरबंदा ने व्यापक सुविधाएँ देने के लिए कंपनी के समर्पण की पुष्टि करते हुए कहा कि लोगों की मदद के लिए जिस तत्परता से उच्चतम स्तर की चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता होती है वह हर समय उपलब्ध रहेगी। 2021 के अगस्त माह से जब जिकित्सा के संचालन की शुरुआत हुई तब से एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट रेफरल प्रोग्राम में मामलों की संख्या हर महीने बढ़ोतरी देखी गई है। चाहे यह सड़क हादसे के पीड़ितों की सहायता हो या हृदयरोगी मरीजों का समर्थन, टीम ने लगातार सचेतता और समर्पण के साथ उत्कृष्ट सहायता प्रदान की है।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो लाख का इनामी नक्सली मारा गया

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में आज सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो लाख रुपए का एक इनामी नक्सली मारा गया।

गुमला के पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर गुमला पुलिस की टीम को मारवा जंगल भेजा गया जहां पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस को जवाबी गोलीबारी करनी पड़ी जिसमें दो लाख का इनामी नक्सली राजेश उरांव मौके पर ही मारा गया।

पुलिस ने घटनास्थल से एक 315 बोर की राइफल और गोलियां बरामद की हैं।

# पूरी दुनिया राहुल को एक मसखरे के रूप में जानती है

**भाषा।** आणंद (गुजरात)



**केंद्रीय** मंत्री गिरिराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूरी दुनिया कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक मसखरे के रूप में जानती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व उनकी समझ से परे है। उन्होंने मोदी पर हाल के बयान को लेकर कांग्रेस नेता की आलोचना की।

केंद्र की मोदी सरकार में ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग संभालने वाले सिंह ने गुजरात में यहां ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आणंद (आईआरएमए) के 42वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत में यह टिप्पणी की। कांग्रेस नेता गांधी ने बुधवार को अमेरिका में कैलिफोर्निया प्रांत के सांता क्लारा में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें एक ऐसा व्यक्ति बताया था, जो सोचते हैं कि वह भगवान से अधिक जानते हैं। उन्होंने कहा था, असल में, ऐसे लोगों को यह लगता है कि वे भगवान से भी अधिक जानते हैं। उन्हें भगवान के साथ बैठा दिया जाए तो वह उन्हें भी समझा देंगे कि क्या कुछ हो रहा है। जाहिर है कि हमारे प्रधानमंत्री उसका एक उदाहरण हैं। कांग्रेस नेता ने कहा था, यदि आप मोदीजी को भगवान के साथ बिठा दें, तो वह उन्हें विस्तार से समझा सकते हैं कि ब्रह्मांड कैसे चलता है और भगवान भी चकरा जाएंगे कि ए मैंने क्या बनाया है।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि गांधी स्वयं नहीं जानते कि वे क्या बोलते हैं। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया उन्हें मसखरे के रूप में जानती है। उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने एक बार संसद में कहा था कि भारत के प्रधानमंत्री विदेशी धरती पर पूरे देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। दूसरी ओर, उनका पोता (अपनी विदेश यात्राओं के दौरान) भारत पर आक्षेप लगा रहा है।

# स्कूल करीब होने सख्ती से पालन हुआ तो ईडब्ल्यूएस श्रेणी का मकसद पूरा नहीं होगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने कहा है कि विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित वर्ग (डीजी) के लिए सीटों के आरक्षण का पूरा उद्देश्य विफल हो जाएगा यदि उनके लिए सीटों को समीप में रहने के मानदंड के आधार पर बेकार जाने दिया जाता है। उच्च न्यायालय ने एक विद्यालय को उससे कुछ दूरी पर रहने वाले दो छात्रों को प्रवेश देने का आदेश सुनाते हुए यह बात कही। उसने कहा कि इन श्रेणियों में सीटें सीमित हैं, जबकि मांग बहुत ज्यादा है। अदालत ने कहा कि इसलिए ईडब्ल्यूएस या डीजी श्रेणी के तहत प्रवेश के लिए सीटों के आवंटन में शिक्षा निदेशालय द्वारा सख्ती से पड़ोस के मानदंड को अपनाना संभव नहीं है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्ण ने कहा, अदालत इस बात का संज्ञान लेती है कि वर्तमान सामाजिक परिवेश में ईडब्ल्यूएसाडीजी श्रेणी में प्रवेश की मांग इस श्रेणी के तहत आवंटन के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या की तुलना में बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा, इसलिए, यदि किसी स्कूल विशेष में ईडब्ल्यूएसाडीजी श्रेणी में सीटें उपलब्ध हैं तो शिक्षा निदेशालय के लिए आवश्यक है कि इस श्रेणी के तहत प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को इस तरह के स्कूलों में सीटें आवंटित कराई जाएं।

# लोक केरल सभा कार्यक्रम को लेकर छिड़ा विवाद

**भाषा।** तिरूवनंतपुरम

**अमेरिका** में इस महीने आयोजित होने वाले केरल के प्रवासियों के सम्मेलन लोक केरल सभा को लेकर एक विवाद पैदा हो गया है। ये आरोप लगाए जा रहे हैं कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नजदीक बैठने या खड़े होने के लिए प्रवासियों से रुपए लिए जा रहे हैं।

विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा है कि राज्य के लिए यह शर्मिंदगी वाली बात है कि 9, 10 और 11 जून को न्यूयॉर्क में होने वाले सम्मेलन के दौरान केरल के मुख्यमंत्री के नजदीक बैठने या खड़े होने देने के लिए 25,000 से लेकर एक लाख डॉलर तक लिए जा रहे हैं। राज्य में सत्तारूढ़ एलडीएफ और नॉन रेजीडेंट केरलाइट्स अफेयर्स (नोरका) ने रुपए लिए जाने के आरोपों से इनकार किया है। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने संवाददाताओं से कहा कि किसी तरीके से धन जुटाए जाने की बात से वह अवगत नहीं हैं क्योंकि नोरका सारा इंतजाम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जानकारी में रहते कोई गलत गतिविधि नहीं की जाएगी। नोरका के उपाध्यक्ष पी श्रीरामकृष्णन ने भी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि केरल सरकार और नोरका यात्रा इंतजाम कर रहा है और कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका में रह रहे लोगों ने किया है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि कोई पंजीकरण शुल्क लिया जा रहा या मुख्यमंत्री के नाम पर धन जुटाया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि तीन दिन के सम्मेलन के लिए प्रायोजन के रूप में रकम एकत्र की गई होगी। श्रीरामकृष्णन ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने और बातचीत करने का अवसर इस आधार पर नहीं उपलब्ध कराया जाएगा कि किसने कितने पैसे दिए हैं।

वहीं, दूसरी ओर राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा, लोक केरल सभा के सिलसिले में अमेरिका में जो कुछ हो रहा है वह राज्य के लिए शर्मिंदगी वाला है। यह गलत है। यह केरल के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है और यह राज्य के लोगों को स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा, एक कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री विश्व के समक्ष अमीर और गरीब के बीच अंतर को प्रदर्शित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के नजदीक बैठने के लिए 82 लाख रुपए जमा किए जा रहे हैं?

# वायुसेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त

**भाषा।** चामराजनगर (कर्नाटक)

**भारतीय** वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान चामराजनगर जिले के एक गांव में खुले मैदान में बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन महिला पायलट समेत दोनों पायलट दुर्घटना से पहले सुरक्षित तरीके से विमान से कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। जिला अधिकारियों ने कहा कि पायलट की पहचान तेजपाल और भूमिका के रूप में हुई है, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई है।

प्रशिक्षण विमान ने बेंगलुरु में वायुसेना अड्डे से उड़ान भरी थी और यह सुबह के वक्त भोगापुरा गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

एक स्थानीय निवासी ने कहा कि यह तो अच्छा हुआ कि विमान बंजर जमीन पर गिरा ना कि पास के गांव में, अगर विमान गांव में गिरा होता तो भारी नुकसान हुआ होता। पायलट नियमित अभ्यास उड़ान पर थे और तभी यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं।

वायु सेना ने ट्वीट किया, वायुसेना का किरण प्रशिक्षण विमान कर्नाटक के चामराजनगर के निकट आज दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वह नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। चालक दल के दोनों सदस्य सुरक्षित बाहर निकल गए। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। जिले के वरिष्ठ अधिकारी तथा वायुसेना का एक दल मौके पर पहुंच गया है। उनके साथ दमकल तथा आपात सेवाओं के कर्मचारी भी हैं। विमान जब तेज आवाज करता हुआ जमीन पर गिरा तो ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। वहां दुर्घटनाग्रस्त विमान में आग लगी थी और धुआं उठ रहा था। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस तथा दमकल को इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों को घटनास्थल पर दो पायलट पैराशूट की मदद से उतरते दिखाई दिए। इन पायलट के जमीन पर गिरते ही लोगों ने इनके लिए अस्थाई आश्रय बनाया। इस बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसने इलाके को घेरकर दोनों घायल पायलट के लिए अस्थाई टेंट लगाया। जिले के अधिकारियों ने बेंगलुरु में भारतीय वायुसेना के अधिकारियों को घटना की सूचना दी जो तत्काल विशेष हेलीकॉप्टर से घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायल पायलट को हवाई मार्ग से ले जाया गया।

# भारत परिणाम की परवाह किए बिना खेले फाइनल : हेडन

● खिताबी सूखे का कारण- खिलाड़ियों के लिए कौशल कभी मुद्दा नहीं रहा है

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व सलामी** बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि पिछले एक दशक में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) स्पर्धाओं में भारत के खिताबी सूखे का कारण खिलाड़ियों की मानसिकता है क्योंकि उनके लिए कौशल कभी मुद्दा नहीं रहा है। इस महान खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय खिलाड़ियों को सलाह दी कि वे मैच के परिणाम को सोचे बिना मैदान पर उतरें। भारतीय टीम ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैम्पियंस ट्रॉफी में जीता था। टीम इसके बाद नॉकआउट मैचों के दबाव को झेलने में विफल रही। भारत को 2017 चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा। टीम 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड और फिर पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की चुनौती से पार पाने में विफल रही। दो साल पहले डब्ल्यूटीसी के शुरुआती फाइनल में उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। हेडन ने कहा, इस मामले में निश्चित रूप से आप उनके कौशल पर सवाल नहीं उठा सकते। यह सिर्फ अवसर और मानसिकता का सवाल होना चाहिए। मेरा मतलब है भारत में क्रिकेट जीवन का हिस्सा है, यह खेलों का डीएनए है और लोकप्रियता के मामले में कोई इसके आस-पास नहीं है। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता बेजोड़ है और इसी वजह से खिलाड़ियों पर चारों ओर अधिक दबाव बनता है।ऑस्ट्रेलिया में अपनी इस दाढ़ी और टोपी के साथ सड़क पर आराम से चल सकता हूं। वहां मुझे ज्यादा लोग नहीं पहचानेंगे क्योंकि वहां लोकप्रियता के मामले में क्रिकेट को कई अन्य खेलों से चुनौती मिलती है। हमारे यहां रग्बी, फुटबॉल, वाटर स्पोर्ट्स, सर्फिंग और बहुत सारे आउटडोर खेल हैं। भारत में क्रिकेट के आस-पास कोई नहीं है इसलिए खिलाड़ियों पर अतिरिक्त दबाव होता है। ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों को मेरी यही सलाह देना चाहूंगा कि मैच के परिणाम को सोचे बिना अपनी प्रक्रिया पर ध्यान दें। इस पूर्व आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि अगर यह मुकाबला लॉर्ड्स मैदान पर होता तो ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी होता लेकिन ओवल मैदान पर दोनों टीमों के पास बराबर मौका होगा। टेस्ट चैम्पियनशिप के आयोजन से टेस्ट क्रिकेट का महत्व बढ़ा है। आपके पास फाइनल में दो महान टीमें हैं। ओवल का मैदान ऐसा नहीं है जो किसी टीम विशेष के लिए अधिक मददगार हो। यह इंग्लैंड की सबसे उछालभरी और सपाट सतह है। यह स्पिनरों और वास्तव में तेज गेंदबाजों के लिए भी ज्यादा मददगार नहीं है। यह तटस्थ स्थल की तरह है। यह अगर लॉर्ड्स में होता, तो ऑस्ट्रेलिया को वहां काफी फायदा होता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को डब्ल्यूटीसी फाइनल में फायदा होगा। चेतेश्वर पुजारा को छोड़कर भारत के सभी खिलाड़ी दो महीने तक चले आईपीएल का हिस्सा थे जबकि डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए चुनी गई ऑस्ट्रेलियाई टीम के चुनिंदा खिलाड़ियों ने आईपीएल में भाग लिया था। हमें दोनों देशों की तैयारियों को लेकर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि काउंटी क्रिकेट खेलने के बजाय आईपीएल क्रिकेट खेलने से कोई समस्या है। आईपीएल का स्तर भी ऊंचा है। उदाहरण के लिए कैमरून ग्रीन जैसे खिलाड़ी का मुंबई इंडियंस के लिए प्रदर्शन शानदार रहा है। हेडन ने पंत की गैरमौजूदगी को बड़ा झटका करार देते हुए कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो विकेटकीपिंग के लिए कोना भरत की जगह इशान किशन को तरजीह देते।



## पुजारा व कोहली को जल्द आउट करना होगा : पोंटिंग

**लंदन।** पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भारत से निपटना है तो चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली को जल्दी आउट करना होगा। भारत के टेस्ट बल्लेबाज पुजारा इंग्लैंड काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स की ओर से लंबे समय तक खेलने के कारण टीम के साथियों को बहुमूल्य सुझाव दे सकते है जबकि कोहली हाल ही में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए दो शतक और छह अर्धशतक लगाकर शानदार फॉर्म में है। पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू में कहा, इसमें कोई शक नहीं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम विराट के बारे में बात करेगी और वे पुजारा के बारे में बात करेंगे। पुजारा को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी की चुनौतियों का आनंद लेने के लिए जाना जाता है जिन्होंने किसी भी अन्य टीम की तुलना में उनके खिलाफ अधिक टेस्ट रन और शतक बनाए है और उनका प्रदर्शन भारत के दूसरे प्रयास में डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जीतने की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा। पुजारा ने अतीत में ऑस्ट्रेलिया में काफी परेशान किया है और यह विकेट संभावित रूप से ऑस्ट्रेलियाई पिच की तरह होगा। वे जानते है कि उन्हें उसे जल्दी आउट करना होगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 टेस्ट में पांच शतक की मदद से 2,033 रन बनाए है और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद होगी कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में टीम के लिए कुछ और महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी जबर्दस्त फॉर्म के अलावा मार्च में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 186 रन की पारी खेली थी और वह पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम के खिलाफ खेलने के लिए बेताब होंगे। वे यह भी जानते है कि पिछले कुछ हफ्तों में विराट शायद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है, हालांकि टी20 क्रिकेट में।



## खबरें स्टेडियम से

### धोनी के घुटने का मुंबई में सफल आपरेशन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बाएं घुटने का बृहस्पतिवार को मुंबई के एक अस्पताल में सफल आपरेशन हुआ जिससे उनके अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की संभावना प्रबल हो गई है। चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवां आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी सोमवार को फाइनल के बाद अहमदाबाद से सीधे मुंबई पहुंचे थे। उन्होंने मशहूर खेल आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर दिनशॉ पर्दीवाला से सलाह ली जो बीसीसीआई की मेडिकल पैनल में भी है। वह ऋषभ पंत समेत कई भारतीय क्रिकेटरों की सर्जरी कर चुके है। सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथ ने पीटीआई को बताया, धोनी के घुटने का कोकिलाबेन अस्पताल में सफल आपरेशन हो गया है। वह ठीक है और आपरेशन सुबह ही हुआ है। मेरे पास विस्तृत जानकारी नहीं है। अभी मुझे इसका ब्योरा मिलना बाकी है। इससे पहले सीएसके प्रबंधन के एक करीबी सूत्र ने बताया, एक या दो दिन में उन्हें छुट्टी मिल जाएगी। वह कुछ दिन आराम करेंगे जिसके बाद उनका रिहैबिलिटेशन शुरू होगा। उम्मीद है कि अगले आईपीएल से पहले उनके पास फिट होने का पूरा समय रहेगा। धोनी ने पूरे आईपीएल में घुटने पर पट्टी बांधकर खेला। विकेटकीपिंग करते समय वह ठीक नजर आए लेकिन बल्लेबाजी के लिए अमूमन आठवें नंबर पर उतरे और विकेटों के बीच दौड़ में लय में नहीं दिखे। आईपीएल फाइनल के बाद धोनी ने कहा था, अगर परिस्थितियों को देखे तो मेरे लिए संन्यास लेने का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। मेरे लिए यह कहना बहुत आसान है कि आप मैं विदा ले रहा हूं लेकिन अगले नौ महीने तक कड़ी मेहनत करके लौटना और एक सत्र और खेलना कठिन है। शरीर साथ देता है तो मैं खेलूंगा। चेन्नई के प्रशंसकों ने जिस तरह से मुझे प्यार दिया, यह उनके लिए मेरा तोहफा होगा कि मैं एक सत्र और खेलूं। उन्होंने जो प्यार और जज्बात दिखाए है, मुझे भी उनके लिए कुछ करना चाहिए।

### इंग्लैंड के लिए कई स्वार्थी खिलाड़ी खेलते थेः हार्मिसन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने संकेत दिया है कि टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों में 90 के दशक के अंत और 2000 के दशक की शुरुआत में टीम भावना में योगदान नहीं दिया लेकिन 2005 की एशेज श्रृंखला के दौरान सब कुछ बदल गया जिसे टीम ने 2-1 से जीता। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने कहा था कि उन्होंने 2005 की एशेज के दौरान इंग्लैंड की टीम में एक बड़ा बदलाव देखा था जिसके जवाब में उस टीम के सदस्य रहे हार्मिसन ने कहा, उस टीम और 2003, 2001, 1999 तथा 1997 के बीच का अंतर यह था कि 2005 में हम एक टीम थे। गिलेस्पी ने कहा था कि उन्होंने दोनों टीमों के बीच इससे पहले की श्रृंखलाओं में इंग्लैंड की टीम में ऐसा भाईचारा कभी नहीं देखा था।

### आईपीएल के दौरान ड्यूक गेंद से अभ्यास की आदत : अक्षर



**पोर्ट्समाउथ।** भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल का मानना है कि टी20 प्रारूप में खेलकर सबसे लंबे प्रारूप में अनुरूप ढलना मुश्किल है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लाल गेंद से अभ्यास करने से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में सामंजस्य बैठाने में मदद मिलेगी। भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी दो महीने से अधिकसमय तक आईपीएल में टी20 क्रिकेट खेलने के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में उतरेंगे। इसके अलावा भारत में जहां टेस्ट क्रिकेट में एसजी गेंद का उपयोग होता है तो वहीं डब्ल्यूटीसी फाइनल में ड्यूक गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। भारत हालांकि दोहरी चुनौतियों के लिए अच्छी तरह से तैयार है। इंग्लैंड में इस्तेमाल होने वाली ड्यूक गेंदों से सामंजस्य बैठाने पर भारतीय टीम ने काम किया था। अक्षर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, हम इसके बारे में आईपीएल शुरू होने से पहले ही जानते थे इसलिए आईपीएल के दौरान भी चर्चा होती थी कि हम लाल गेंद से गेंदबाजी करेंगे। हमारे पास लाल गेंदें थी इसलिए हम उनका इस्तेमाल कर रहे थे। आप जानते है कि क्या और कैसे खेलना है, आपके पास कितना समय है। सफेद गेंद से लाल गेंद की ओर मानसिक रूप से बदलाव करना स्पष्ट रूप से कठिन है लेकिन हमारे पास पर्याप्त समय है। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने हालांकि कहा कि गेंद की परवाह किए बगैर महत्वपूर्ण यह है कि सही लाइन और लेंथ से गेंदबाजी पर ध्यान दिया जाए। हम सफेद गेंद से लाल गेंद में बदलाव कर रहे है। यह एसजी से ड्यूक गेंद में बदलाव करने के समान ही है। आपको अपनी प्रतिभा और कौशल का उपयोग करना होगा। आपको अपनी योजना को लागू करना होता है और योजना से लय हासिल करनी होती है। गेंद चाहे कोई भी हो, अगर आप सही लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी करते है तो यह काम करता है। हम यही कर रहे है। मैच इंग्लैंड में है, जहां के हालात भारत से अलग है, तो हम योजना बना रहे है कि यहां कौन सी लाइन और लेंथ काम करेगी भारतीय खिलाड़ियों का पहला दल पिछले हफ्ते की शुरुआत में लंदन पहुंचा था जिसमें विराट कोहली और अक्षर जैसे खिलाड़ी शामिल थे। टीम फाइनल की तैयारी कर रही जो सात से 11 जून तक द ओवल में होगा, जो लोग (आईपीएल प्ले ऑफ के लिए) क्वालीफाई नहीं कर पाए उन्हें अधिक समय मिला।

### भारत में मोटो जीपी का सबसे सस्ता टिकट 800 रुपए का

**नई दिल्ली।** भारत में होने वाली पहली मोटो जीपी रेस का सबसे सस्ता टिकट 800 रुपए का होगा जबकि सबसे महंगा टिकट डेढ़ लाख रुपए का रहेगा। प्रीमियर दुपहिया रेस प्रतियोगिता के भारतीय प्रमोटर फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स ने 22 से 24 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर होने वाली रेस के टिकटों की बिक्री जल्दी शुरू करने का ऐलान किया। एक सूत्र ने बताया, प्रशंसकों को एक दिन का या पूरे सप्ताहांत का टिकट खरीदने का विकल्प मिलेगा। सबसे सस्ता टिकट 800 रुपए का और सबसे महंगा डेढ़ लाख रुपए का होगा। कुल छह श्रेणी के टिकट होंगे।

### सर्फिंग: किशोर, सेलवामनी ने शुरुआती दिन प्रभावित किया

**मैंगलुरू।** प्रदेश साल के किशोर कुमार ने गुरुवार को यहां इंडियन ओपन सर्फिंग के शुरुआती दिन मुश्किल परिस्थितियों में पुरुष ग्रोम्स (अंडर -16) वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बारिश और हवा के कारण मुश्किल हालात में यहां के शशिहित्लु समुद्र तट पर प्रतियोगिता में वह 12.67 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। पुरुषों के ओपन वर्ग में दिनेश सेलवामनी 09.53 अंक के साथ शीर्ष के साथ क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बने हुए है। तेज हवा और बारिश के कारण महिला ओपन सेमीफाइनल का खेल शुरू नहीं हो सका।

### मंजीत ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज कुश्ती में कांस्य जीता

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारतीय पहलवान मंजीत ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में गुरुवार को यहां पुरुषों के ग्रीको रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। मनजीत क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोतिरोव से 13-4 से हार गए। बोतिरोव के फाइनल में पहुंचने के बाद से मंजीत को दो कांस्य पदकों में से एक के लिए लड़ने का मौका मिला। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद कजाकिस्तान के यरसिन अबीयर को 14-9 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण कजाखस्तान के मरलान मुक्शेव ने बोतिरोव को हराकर जीता। सुमित (60 किग्रा) रेपेचेज दौर में पहुंचने में सफल रहे जहां उन्हें किर्गिस्तान के बालबाई डोस्डोवेव ने हराया। वह इससे पहले क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के नूरसुल्तान बाजबायव से हार गए थे।

# पाक को रौंदकर भारत का जूनियर एशिया कप पर कब्जा

● 2-1 से जीता मैच, चौथी बार खिताब जीता

भाषा। सालालाह (ओमान)



**भारतीय** जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बृहस्पतिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर चौथी बार जूनियर एशिया कप खिताब जीत लिया। आठ साल बाद हो रहे इस टूर्नामेंट को देखने के लिए भारी तादाद में भारत और पाकिस्तान के प्रशंसक जुटे थे। आखिरी क्षणों में पाकिस्तान ने काफी आक्रामक हॉकी दिखाई लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित एच एस की अगुवाई में रक्षापंक्ति ने उनके हर वार को नाकाम कर दिया। भारत के लिए अंगद बीर सिंह ने 12वें मिनट में, अराइजीत सिंह हुंडल ने 19वें मिनट में गोल दागे जबकि भारत के पूर्व मुख्य कोच रोलेंट ओल्टमेंस की कोचिंग वाली पाकिस्तानी टीम के लिए एकमात्र गोल 37वें मिनट में बशारत अली ने किया। भारत ने 2004, 2005 और 2015 के बाद यह खिताब चौथी बार जीता है जबकि पाकिस्तान 1987, 1992 और 1996 में चैम्पियन रह चुका है। दोनों टीमें इससे पहले तीन बार जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप के फाइनल में भिड़ चुकी हैं। पाकिस्तान ने 1996 में जीत दर्ज की जबकि 2004 में भारत विजई रहा। भारत ने पिछली बार मलेशिया में खेले गए टूर्नामेंट में पाकिस्तान को 6.2 से हराकर खिताब जीता था। इस बार टूर्नामेंट आठ साल बाद हो रहा है। कोरोना महामारी के कारण 2021 में इसका आयोजन नहीं हुआ था। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पाकिस्तानी गोल पर पहले ही क्वार्टर में कई हमले बोले। भारत को 12वें मिनट में पहली कामयाबी अंगद बीर ने दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भी गेंद पर नियंत्रण के मामले में भारत का ही दबदबा रहा। भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति के शानदार मूव को अराइजीत ने फिनिशिंग देते हुए 19वें मिनट में दूसरा फील्ड गोल दागा। टूर्नामेंट में यह उनका आठवां गोल था। हाफटाइम से पहले पाकिस्तान के शाहिद अब्दुल ने सुनहरा मौका बनाया लेकिन गोल के सामने से उनके शॉट को भारतीय गोलकीपर मोहित एच एस ने पूरी मुस्तैदी से बचाया। दूसरे हाफ में पाकिस्तानी टीम ने आक्रामक वापसी की और इसका फायदा उसे तीसरे क्वार्टर के सातवें मिनट में मिला जब शाहिद अब्दुल ने सर्कल के भीतर से भारतीय डिफेंडरों को छकाते हुए गोल के दाहिनी ओर खड़े बशारत को गेंद सौंपी और उन्होंने भारतीय गोलकीपर को चकमा देकर गोल कर दिया। पाकिस्तान को 50वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम बराबरी का गोल नहीं कर सकी। वहीं चार मिनट बाद लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। भारत और पाकिस्तान दोनों टूर्नामेंट में अपराजेय रहे हैं। दोनों का सामना लीग चरण में भी हुआ था लेकिन वह मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था। भारत बेहतर गोल औसत के आधार पर लीग चरण में शीर्ष पर रहा। गत चैम्पियन भारत ने पहले मैच में चीनी ताइपे को 18-0 से हराया जबकि जापान को 3-1 और थाईलैंड को 17-0 से मात दी। सेमीफाइनल में भारत ने कोरिया को 9-1 से हराया। वहीं पाकिस्तान ने लीग चरण में चीनी ताइपे को 15-1, थाईलैंड को 9-0, जापान को 3-2 से और सेमीफाइनल में मलेशिया को 6-2 से हराया था।

### विजेता टीम को नकद पुरस्कार देगी हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने ओमान के सालालाह में जूनियर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम और सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को क्रमश: दो और एक लाख रुपए नकद पुरस्कार देगी। हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड ने फाइनल मैच खत्म होने के तुरंत बाद इसकी घोषणा की। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप में अपराजेय रहकर हम सभी को गौरवान्वित किया है।

# रिबाकिना तीसरे दौर में, कीज का अभियान खत्म



● फ्रेंच ओपन

भाषा। पेरिस

**चौथी वरीयता** प्राप्त एलेना रिबाकिना ने फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में गुरुवार को लिंडा नोसकोवा को आसानी से शिकस्त देकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। विंबलडन चैम्पियन खिलाड़ी ने महिला एकल में चेक गणराज्य की 18 साल की खिलाड़ी को 6-3, 6-3 से हराया। कजाखस्तान की चौथी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी के सामने तीसरे दौर में स्पेन की सारा सोरिबेस की चुनौती होगी। अमेरिका की 20 वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मेडिसन कीज के अभियान को हमवतन कायला डे ने खत्म किया। विश्व रैंकिंग में 138वें स्थान पर काबिज 23 साल की डे ने कीज को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनौर को अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने 6-3, 7-6, 6-3 से हराया।

### सबालेंका यूक्रेन युद्ध से जुड़े सवालों से बचीं

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में दूसरी वरीयता प्राप्त बेलारूस की टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने बुधवार को मैच जीतने के बाद यूक्रेन पर रूस के हमले से जुड़े सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। रविवार को पहले दौर में जीत दर्ज करने के बाद सबालेंका ने कहा था कि रूस या बेलारूस का कोई भी खिलाड़ी युद्ध का समर्थन नहीं करता है। उन्हें हालांकि बुधवार को रूस के हमले का समर्थन करने में बेलारूस की भूमिका की व्यक्तिगत रूप से निंदा करने के लिए कहा गया था।


### कलाई की चोट के कारण हटे मोनफिल्स

**पेरिस।** पहले दौर के मुकाबले में पांच सेट में मिली जीत का असर गेल मोनफिल्स पर पड़ा है और वह बाईं कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मोनफिल्स के हटने से छठे नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने ने तीसरे दौर में प्रवेश किया। फ्रांस के 36 साल के मोनफिल्स ने बताया कि उनकी बाईं कलाई में चोट है और वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल सकते। मोनफिल्स ने बुधवार को पहले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेइज को लगभग चार घंटे के मुकाबले में 3-6, 6-3, 7-5, 1-6, 7-5 से हराया था। एटीपी की सर्किट के बाद वापसी कर रहे मोनफिल्स की टूर स्तर पर यह पहली जीत थी। मोनफिल्स ने कहा, असल में शारीरिक तौर पर मैं काफी बेहतर हूं, लेकिन मेरी कलाई में समस्या है। डॉक्टर का कहना है कि इस तरह की चोट के साथ खेलना अच्छा नहीं है। कल काफी जोखिम था और फिर आज मुझे निश्चित तौर पर रुकना पड़ा।

# किरण व लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में

● थाईलैंड ओपन : अश्मिता हारी

भाषा। बैंकॉक





**भारत के** लक्ष्य सेन ने चीन के लि शि फेंग को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सेन ने चौथी वरीयता प्राप्त चीनी प्रतिद्वंद्वी को 49 मिनट तक चले मैच में 21-17, 21-15 से हराया। अब उनका सामना मलेशिया के क्वालीफायर लियोंग जुन हाओ से होगा। भारत के ही किरण जॉर्ज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन के दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी वेंग होंग एंग को सीधे गेम में हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। दुनिया के 59वें नंबर के खिलाड़ी किरण ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाले चीन के खिलाड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में 39 मिनट में 21-11, 21-19 से हराया। किरण पहली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। ओडिशा ओपन 2022 के विजेता किरण शुक्रवार को अंतिम आठ के मुकाबले में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस और फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। महिला एकल में साइना नेहवाल को तीसरी वरीयता प्राप्त दुनिया की पांचवें नंबरक की खिलाड़ी चीन की ही बिंग जाओ ने 21-11, 21-14 से मात दी। अश्मिता चालिहा को पूर्व ओलंपिक और तीन बार की विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन के खिलाफ 18-21 13-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को प्री क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना ने 24-26, 21-11, 21-17 से हराया।

# मुद्दे को संवेदनशीलता के साथ निपट रहा है केंद्र

भाषा। मुंबई



**केंद्रीय खेल** मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पहलवानों के मुद्दे से केंद्र सरकार संवेदनशील तरीके से निपट रही है। ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने जांच के लिए समिति के गठन की पहलवानों की मांग स्वीकार कर ली है और जांच चल रही है। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और संगीता फोगाट सहित ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के कई पदक विजेता पहलवान बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग के साथ नई दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। बृजभूषण पर एक नाबालिग सहित कई महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। पहलवानों ने हाल में अपने पदक गंगा में बहाने की धमकी दी थी। सरकार प्रदर्शनकारी पहलवानों के मुद्दे से संवेदनशीलता के साथ निपट रही है। पहलवानों ने प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी जो दिल्ली पुलिस ने किया है। भारतीय कुश्ती महासंघ ने प्रशासकों की समिति का गठन किया है क्योंकि उन्होंने मांग की थी कि पदाधिकारियों को संचालन करने की स्वीकृति नहीं दी जाए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पहलवानों को मजिस्ट्रेट अदालत में जाने को कहा है।बुधवार को ठाकुर ने विरोध करने वाले पहलवानों को ऐसा कोई कदम नहीं उठाने के लिए कहा जो खेल या खिलाड़ियों को नुकसान पहुंचाए। उन्होंने कहा कि आरोपों की जांच पूरी होने के बाद उचित कार्वाई की जाएगी। उन्होंने पहलवानों से धैर्य रखने और शीर्ष अदालत में विश्वास रखने का भी आग्रह किया था।


### बार-बार अपनी मांगें बदल रहे हैं प्रदर्शनकारी पहलवानः ब्रजभूषण

**गोंडा (उप्र)।** महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि महिला पहलवान बार बार अपनी मांगें बदल रही है जबकि दिल्ली पुलिस इन आरोपों की जांच कर ही रही है। पुलिस अभी जांच कर रही है। इसे पूरा हो जाने दें। जो बात निकलकर सामने आएगी, उसके अनुरूप बात की जाएगी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, मेरे बारे में कौन, क्या कह रहा है, इससे हमारा कोई लेना देना नहीं है और न ही इस पर प्रतिक्रिया देकर हमारा कुछ भला होने वाला है। न्यायालय द्वारा दिखाया जाने वाला रास्ता हमें स्वीकार्य होगा। कैसरगंज से भाजपा सांसद ने कहा, दिल्ली पुलिस की जांच में यदि महिला पहलवानों द्वारा लगाया गया एक भी आरोप साबित हो जाता है तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। मैं पूर्व में अपने द्वारा कही गई बात पर कायम हूं। 18 जनवरी 2023 को जंतर मंतर पर पहली बार धरने पर बैठने वाले पहलवानों की मांग कुछ और थी। बाद में कुछ और हो गई।

# पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला पुरुष हॉकी चैंपियन

●खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

●तीरंदाजी में पांच और तलवारबाजी में दो स्वर्ण पदक पर दांव



**लखनऊ।** पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने आज खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश के अंतर्गत पुरुष हॉकी का खिताब शूटआउट तक चले रोमांचक मुकाबले में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को 3-2 से हराकर जीता। इस मैच में निर्धारित समय में दोनों टीमें 3-3 से बराबरी पर थीं। जीत में पंजाबी यूनिवर्सिटी के कप्तान अनिल मलिक हीरो बनकर उभरे और इस जीत से विजेता टीम ने पिछली हार का बदला भी ले लिया। तीरंदाजी में आज कुल पांच पदकों का फैसला हुआ जिसमें गुरु काशी यूनिवर्सिटी की टीम ने पुरुष कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट का गोल्ड अपनी झोली में डाला। वहीं कंपाउंड टीम इवेंट में पुरुष व महिला दोनों वर्ग के गोल्ड पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने जीते। इसके अलावा महिला कंपाउंड व्यक्तिगत में गुरू काशी यूनिवर्सिटी की प्रगति और पुरुष कंपाउंड में यूनिवर्सिटी ऑफदिल्ली के ऋषभ यादव चैंपियन बने तलवारबाजी में पुरुष ईपी में उस्मानिया यूनिवर्सिटी के लोकेश वेमानी और महिला फॉयल में जैन यूनिवर्सिटी की मारिया अक्षिता ने स्वर्ण जीते। इसी के साथ बैडमिंटन में महिला वर्ग के फाइनल में जैन यूनिवर्सिटी बनाम यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली और पुरुष वर्ग के फाइनल में सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी बनाम महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के बीच मुकाबला होगा। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला शूटआउट में 3-2 से विजयीए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर से पिछली हार का हिसाब किया बराबर। गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने 3-0 से पिछड़ने के बाद न केवल वापसी की।

**महिला बैडमिंटन सेमीफाइनल:** जैन यूनिवर्सिटी ने सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को 2-0 से और यूनिवर्सिटी ऑफदिल्ली ने एडमस यूनिवर्सिटी को 2-0 से हराया

**पुरुष बैडमिंटन सेमीफाइनल:** सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी ने जैन यूनिवर्सिटी को 3-0 से और महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने एसआरएम यूनिवर्सिटी को 3-2 से हराया।

**तीरंदाजी:** पुरुष कंपाउंड मिक्स टीम इवेंट-स्वर्ण- गुरु काशी यूनिवर्सिटी, रजत गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर, कांस्य ,यूनिवर्सिटी ऑफदिल्ली,पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत,स्वर्ण- ऋषभ यादव यूनिवर्सिटी ऑफदिल्ली, रजत- अमन सैनी,पंजाबी यूनिवर्सिटी,, कांस्य - त्रातिक शर्मा ,गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, **महिला कंपाउंड व्यक्तिगत**,स्वर्ण - प्रगति ,गुरु काशी यूनिवर्सिटी, रजत - मुस्कान कौर रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी, कांस्य - अवनीत पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, महिला कंपाउंड टीम इवेंट- स्वर्ण रु पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, रजत- संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी कांस्य- रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी,पुरुष कंपाउंड टीम इवेंट-स्वर्ण - स्वर्ण पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, रजत, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर कांस्य रु पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला

### सेविला ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

**बुडापेस्ट।** विश्व का फाइनल में अर्जेंटीना की ओर से निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलने के बाद गोंजालो मोंटियल ने बुधवार को यहां एक बार फिर पेनल्टी पर गोल दागकर सेविला को यूरोपा लीग फुटबॉल फाइनल में रोमा पर जीत दिलाई। सेविला का यह सातवां यूरोपा लीग खिताब है। बुडापेस्ट में अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में सेविला ने 4-1 से जीत दर्ज की।

### अंडर-20 विश्व कप में, अर्जेंटीना और इंग्लैंड बाहर

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेन्टीना)।** इटली, नाइजीरिया, कोलंबिया और ब्राजील ने बुधवार को यहां अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।मेजबान अर्जेंटीना को सेन जुआन में बुधवार को लगभग 30 हजार दर्शकों के सामने नाइजीरिया के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टूर्नामेंट में टीम का अभियान थम गया।इटली ने पेनल्टी किक पर अंतिम लम्हे की गोल की मदद से इंग्लैंड को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दूसरे छोर में पूरे समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद ब्राजील ने ट्यूनीशिया को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।